* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 112


पश्चिम बंगालः राज्यपाल के भाषण के बीच भाजपा विधायकों ने किया वॉकआउट, कहा- गवर्नर ने पढ़ा राज्य सरकार का भाषण








### लोकसभा में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# चुनाव नतीजे जिन्हें साथ नहीं ला सके उन्हें इडी ने एकजुट कर दिया : मोदी

- काका हाथरसी के दोहे, बाघ-शिकारी की कहानी और दुष्यंत कुमार के शेर के साथ विपक्ष पर कसा तंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। कभी शेरों से तंज कसा तो कभी कहानियों से कांग्रेस पर हमला बोला। दुष्यंत कुमार से लेकर काका हाथरसी तक के शेरों के जरिए उन्होंने बिना नाम लिये ही राहुल गांधी पर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत सारे विपक्षी मिले-सुर मेरा-तुम्हारा कर रहे थे। मुझे लगता था कि देश की जनता, देश के चुनाव के नतीजे ऐसे लोगों को जरूर एक मंच पर लायेंगे, वो तो हुआ नहीं। लेकिन इन लोगों को इडी (प्रवर्तन निदेशालय) का धन्यवाद करना चाहिए उसके कारण ये एक मंच पर आ गये। प्रधानमंत्री संसद में बजट सत्र के दौरान लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पर जवाब दे रहे थे।



#### नाम लिये बगैर राहुल पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने भाषण के दौरान राहुल गांधी के गैर-हाजिर रहने पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कल कुछ लोग बहुत खुश हो गये थे। शायद अच्छी नींद आयी होगी और आज सुबह उठ ही नहीं पाये होंगे। प्रधानमंत्री ने जंगल में गये दो नौजवानों की एक कहानी सुनाकर भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों और विपक्षी दलों पर निशाना साधा। मोदी ने कहानी सुनाते हुए कहा 'एक बार जंगल में दो नौजवान शिकार करने गये थे। वो गाड़ी में अपनी बंदूक रखकर नीचे उतरकर टहलने लगे, लेकिन गये तो बाघ का शिकार करने। उन्होंने सोचा था कि आगे बाघ दिखेगा, लेकिन बाघ वहीं आ गया। अब करें क्या, उन्होंने बाघ को लाइसेंस दिखाया कि देखो हमारे पास बंदूक का लाइसेंस है।' उन्होंने इसी तरह बेरोगजारी दूर करने के नाम पर कानून दिखा दिया। अपने तरीके से पल्ला झाड़ दिया।

#### शेर सुनाकर विपक्ष पर कसा तंजः

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने कई बार सुना है। यहां कुछ लोगों को हॉर्वड का बड़ा क्रेज है। कोरोनाकाल में ऐसा ही कहा गया था और कांग्रेस ने कहा था कि भारत की बर्बादी पर हॉर्वड में केस स्टडी होगी। और फिर कल सदन में हॉर्वड यूनिवर्सिटी में स्टडी की बात हुई, लेकिन बीते वर्षों में वहां एक बहुत बढ़िया और महत्वपूर्ण स्टडी हुई। उसका विषय था- द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडियाज कांग्रेस पार्टी। मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हॉर्वड नहीं, बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में अध्ययन होना ही होना है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी अध्ययन होने वाला है। ऐसे लोगों के लिए दुष्यंत कुमार ने बहुत बढ़िया बात कही है। उन्होंने कहा है- 'तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं?'

#### कांग्रेस सरकार में कमजोर थी भारत की आवाजः

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के इतिहास में वह सबसे ज्यादा घोटालों का दशक रहा। यूपीए के वही दस साल में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत के हर कोने में आतंकी हमलों का सिलसिला चलता रहा। चारों तरफ यही सूचना रहती थी कि अनजानी चीज को हाथ नहीं लगाना, दूर रहना। दस साल में जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक हिंसा ही हिंसा थी। भारत की आवाज ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इतनी कमजोर थी कि दुनिया सुनने को तैयार नहीं थी। ये 2जी में फंसे रहे। जब असैन्य परमाणु करार हुआ, तब ये वोट के बदले नोट में फंसे रहे। 2010 में राष्ट्रमंडल खेल हुए। भारत को दुनिया के सामने प्रस्तुत का अवसर था। फिर घोटाले में पूरा देश दुनिया में बदनाम हो गया।

## तुर्की-सीरिया त्रासदी में बर्फबारी से रेस्क्यू मुश्किल हुआ

**नयी दिल्ली।** तुर्की और सीरिया में भूकंप से हालात बदतर होते जा रहे हैं। अब तक कुल 11,719 लोगों की मौत हो चुकी हैं। घायलों की संख्या 40 हजार के करीब हो गयी है। दोनों देशों की मदद के लिए 70 से भी ज्यादा देश आगे आये हैं। भारत भी 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत मदद भेज रहा है। दरअसल, टर्किश और हिंदी भाषा में 'दोस्त' शब्द का इस्तेमाल होता है, इसलिए इस ऑपरेशन का नाम दोस्त रखा गया है।

इधर, भारत के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि तुर्की में भूकंप आने के बाद से ही एक भारतीय नागरिक लापता है। साथ ही तुर्की के दूर-दराज के इलाकों में 10 भारतीय फंसे हुए हैं। इन्हें रेस्क्यू करने की कोशिश की जा रही है। यूएन ने कहा है कि बर्फबारी और बारिश के कारण भूकंप से प्रभावित दोनों ही देशों में बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है।



सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को स्वर्ण मंदिर में धर्मपत्नी संग माथा टेक कर झारखंडवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।

### इडी के सामने नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा-

# लोन लेकर साड़ी खरीदने कोलकाता जा रहे थे

- नौ घंटे घंटे तक इडी ने कांग्रेस विधायक पर दागे सवाल
- अनुप सिंह को पूछताछ के लिए फिर बुलाया जा सकता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलेबिरा के कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी से बुधवार को इडी ने नौ घंटे तक पूछताछ की। विधायक से पूछा गया कि वह 31 जुलाई को कहां जा रहे थे। इसके जवाब में उन्होंने कहा, कोलकाता। विधायक ने कहा कि रास्ते में पुलिस ने पकड़ लिया। वाहन में तीन विधायक और 49 लाख रुपये थे। कोंगाड़ी ने इडी को बताया कि वह लोन लेकर साड़ी और खेल की सामग्री खरीदने कोलकाता जा रहे थे। इन सामानों का वितरण अपने इलाके में करना था। उन्होंने सरकार गिराने की साजिश रचने के आरोप से



इनकार किया और बेरमो के कांग्रेस विधायक अनुप सिंह द्वारा रांची के अरगोड़ा थाना में दर्ज करायी गयी जीरो एफआइआर को गलत बताया।

नौ घंटे तक चली पूछताछ के दौरान कोंगाड़ी से पूछा गया कि क्या वह गुवाहाटी गये थे। इसका जवाब उन्होंने ना में दिया। साथ ही उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि वह झारखंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे थे। विधायक ने कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। लोन लेने के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात भी इडी से विधायक ने कही। मालूम हो कि 31 जुलाई को कोलकाता पुलिस ने कांग्रेस के तीन विधायकों, इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को नगदी के साथ गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप लगा था कि सरकार गिराने के लिए ये तीनों विधायक टोकन मनी लेकर गुवाहाटी से लौट रहे थे। इसी मामले में तीनों को कोलकाता में जेल भी जाना पड़ा था। इसके बाद अरगोड़ा थाना में विधायक अनुप सिंह ने जीरो एफआइआर दर्ज कराते हुए तीनों पर साजिश रचने और सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया था। इसी मामले की जांच इडी कर रही है। इस मामले में विधायक अनुप सिंह से पहले भी पूछताछ हो चुकी है। पिछले दो दिन में बाकी दो विधायकों से पूछताछ की गयी। इसके साथ ही कैश कांड के आरोपी तीनों विधायकों से इडी की पूछताछ पूरी हो गयी। अब इडी पूछताछ के लिए कांग्रेस के विधायक अनुप सिंह को फिर से समन भेज सकती है। जानकारी के अनुसार, जरूरत पड़ने पर इस मामले में कोलकाता पुलिस के अधिकारियों से भी पूछताछ की जा सकती है।

### पांच बेटियों के मां-बाप का नहीं छूटा पुत्रमोह

# बच्चा चोर को अपनी दूधमुंही बेटी देकर ले लिया किसी और का बेटा

दुर्गेश पांडेय

**चौपारण (आजाद सिपाही)।** आज भी समाज में बेटा-बेटी में फर्क जारी है। यही वजह है कि बेटे की चाह में लोग भ्रूण हत्या से लेकर बच्चा चोरी करने से पीछे नहीं हटते। ऐसा ही एक मामला चौपारण प्रखंड के करमा गांव में पांच बेटियों के मां-पिता ने एक पेशेवर बच्चा चोर महिला से बेटा लिया और अपनी बच्ची उसे सौंप दिया लेकिन छानबीन के बाद पूरा मामला खुल गया। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने बच्चे को बरामद कर लिया है। करमा गांव के शिवा तूरी की पत्नी आशा देवी का डेढ़ साल का बेटा कल्लू सोमवार सुबह करीब दस बजे घर से चोरी हो गया था। मुखिया ने पुलिस को सूचना दी। सभी तलाश में जुट गये। इसी बीच पता चला कि पड़ोस में रहने वाली मोहन तूरी की पत्नी मंजू देवी घर से गायब है। पुलिस मंजू की खोज में जुट गयी। सोमवार रात आठ बजे मंजू पांच महीने की बच्ची के साथ कष्टंबा गांव में देखी गयी। इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मंजू देवी बच्चा चोरी की घटनाओं में पहले से शामिल रही है। पुलिस ने मंजू देवी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बरकट्ठा के सिमरा गांव में नरेश भुइयां के घर छापेमारी की। वहां डेढ़ साल का बच्चा कल्लू भी बरामद किया गया।

#### दंपति बोला-हमें नहीं पता था कि बच्चा चोरी का है

पुलिस ने जब नरेश भुइयां से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे पांच बेटियां हैं। बेटे की चाह में उसने मंजू देवी से संपर्क किया। उसने वादा किया कि बेटी के बदले वह बेटा उपलब्ध करा सकती है। इस वादे के बाद उन्होंने अपनी पांच माह की बेटी सौंप दिया। इसके बाद मंजू देवी ने बदले में डेढ़ साल का एक बच्चा लाकर दे दिया। नरेश भुइयां का कहना है कि उन्हें नहीं पता था कि बच्चा चोरी का है और मंजू देवी बच्चा चोरी का काम करती रही है। पुलिस ने मंजू देवी और सफाई कर्मचारी कारू भुइंया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नरेश भुइयां से पुलिस अभी पूछताछ कर रही है।

# हजारीबाग शहर में घुसा हाथी दो लोगों को कुचला, मौत

- पुलिस और वन विभाग के पदाधिकारी घटना का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के खीर गांव कुम्हार टोली में सुबह 6 बजे अपने झुंड से बिछड़ कर एक हाथी घुस आया। वहां खेत में काम कर रहे खिरगांव कुम्हार टोली निवासी धनेश्वर साहू और दामोदर साव पर हमला कर जान ले ली। दोनों सुबह खेत में पानी पटवन और अन्य कार्य के लिए जा रहे थे, तभी खिरगांव के तरफ से आ रहे हाथी ने दोनों पर हमला कर दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। उधर, हाथी के हमले में एक अन्य घायल का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम पहुंची। एसीएफ ने कहा कि वन विभाग के द्वारा हाथी भगाने की टीम को बड़कागांव से बुलाया गया है, पर जब तक अंधेरा नहीं हो जाता तब तक सुरक्षा की दृष्टि से हाथी को नहीं भगाया जा सकता। इसलिए रात में भगाने का प्रयास किया जायेगा। तब तक लोगों को सचेत रहनेका आग्रह किया गया है। घटना स्थल पर बड़कागांव डीएसपी अमित कुमार सिंह, सदर अंचलाधिकारी राजेश कुमार, सदर थाना प्रभारी गणेश सिंह, लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविंद सिंह, कटकमदाग थाना प्रभारी धनंजय कुमार प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि अजय साहू सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### पहल : खेल और खिलाड़ियों को तराशने का प्रयास शुरू

# देश का पहला डिजिटल खिलाड़ी पोर्टल झारखंड में लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्पोर्ट्स डिजिटाइजेशन सोच के साथ पहला ऐसा पोर्टल देश में रखा है, जो राज्य के प्रतिभाशाली और मेहनती खिलाड़ियों के हुनर को और तराशने का प्रयास करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को खेल की नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ खेल और खिलाड़ियों के संपूर्ण विकास हेतु जोहार खिलाड़ी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल की शुरुआत 29 दिसंबर 2022 को किया था।

#### कई मायने में खास है जोहार खिलाड़ी पोर्टल

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया पोर्टल पहला ऐसा पोर्टल है जो स्पोर्ट्स डिजिटाइजेशन की सोच को मजबूत आधार देता है। एक ही पोर्टल पर खिलाड़ी, प्रशिक्षक, रेफरी, सभी खेल अकादमी, खेल मैदान, खेल स्टेडियम की जानकारी उपलब्ध है। पोर्टल पर भविष्य में राज्य में आयोजित होने वाले राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिता की जानकारी मिल सकेगी।

#### पंचायत से लेकर राजधानी तक बन रहा नेटवर्क

खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य पोटो हो खेल योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत ग्रामीण स्तर पर खेल का मैदान तैयार हो रहा है। सरकार पंचायत से लेकर राजधानी तक नेटवर्क बनाने की तैयारी में है। ताकि खेल के विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित हो और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें।



#### 32 खेल को पोर्टल से जोड़ा जायेगा

इस पोर्टल में प्रत्येक खिलाड़ियों का विस्तृत डाटाबेस, उनके द्वारा खेले गये प्रतियोगिताओं की जानकारी मिल एक क्लिक में मिल सकेगी। पोर्टल से कुल 32 खेल को जोड़ा जायेगा। ताकि इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त सभी 32 खेल के खिलाड़ियों को लाभ मिल सके। प्रत्येक खेल में रजिस्टर्ड अकादमी, रजिस्टर्ड खिलाड़ी, हो चुके और होने वाले प्रतियोगिताओं की जानकारी एक जगह पर उपलब्ध होगी। इसके जरिए प्रत्येक जिला के जिला खेल पदाधिकारी, नोडल अधिकारी होंगे, जो अपने जिला में चल रहे खेल गतिविधि की मॉनिटरिंग कर पायेंगे। वहीं, राज्य स्तर पर खेल विभाग राज्य में चल रहे खेल गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर सकेगा। वर्तमान में फुटबॉल, हॉकी, आर्चरी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती से संबंधित निबंधन का कार्य प्रगति पर है। भविष्य में कुल 32 खेल को शामिल करने की योजना है।

#### खिलाड़ियों की समस्याओं का होगा निवारण

राज्य के खिलाड़ी जिन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वे अपनी समस्याओं को पोर्टल के माध्यम से सीधे जिला खेल पदाधिकारी और खेल विभाग तक पहुंचा सकेंगे। पदाधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।




## मोदी लहर में टिके रहे तेजस्वी, कहां चूक गये अखिलेश, दोनों ने अपने-अपने पिता की विरासत संभाल रखी है

# तेजस्वी जितने सफल क्यों नहीं हो रहे अखिलेश!

**आज बात करेंगे हिंदी पट्टी के दो सबसे बड़े राज्यों, उत्तरप्रदेश और बिहार की राजनीति के दो युवा चेहरों की, जो अपने-अपने पिता की विरासत को संभाल रहे हैं और उनकी राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन इनमें से एक बार-बार अपनी सफलता के झंडे गाड़ रहा है, तो दूसरा सफलता के इंतजार में है। जी हां, हम बात कर रहे हैं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और राजद नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की। इन दोनों युवा नेताओं की तुलना करने से पहले इस संयोग को ध्यान में रखना होगा कि दोनों की परिस्थितियां लगभग समान हैं और दोनों राजनीति की लगभग एक जैसी धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। तब इन दोनों की सफलता की दर में इतना बड़ा अंतर कैसे पैदा हो गया है, यह राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय हो सकता है। सामाजिक न्याय और धुर सांप्रदायिकता के खिलाफ दोनों की राजनीति चल तो रही है, लेकिन तेजस्वी की राजनीतिक उपलब्धियों के सामने अखिलेश यादव बौने नजर आ रहे हैं, जबकि अखिलेश को एक बार सीएम की कुर्सी पर बैठने का अवसर मिल चुका है। तेजस्वी अब तक वहां नहीं पहुंचे हैं, लेकिन रोजमर्रा की राजनीति और नीतियों में तेजस्वी हमेशा 'बीस' ही नजर आते हैं। कहा जा सकता है कि दोनों की पारिवारिक पृष्ठभूमि में अंतर के कारण ही यह सब हो रहा है, लेकिन दोनों पार्टियों की नीतियों में इतना अधिक अंतर कुछ हजम नहीं हो रहा है। अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की राजनीति की तुलना के साथ इसके कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के दो सबसे बड़े राज्यों, उत्तरप्रदेश और बिहार में वैसे तो राजनीतिक रूप से कई समानताएं हैं, लेकिन यह एक अनोखा संयोग है कि दोनों राज्यों की परिस्थितियां भी लगभग एक जैसी हैं। इन समान परिस्थितियों में दोनों राज्यों में दो ऐसे युवा नेता इन दिनों चर्चा में हैं, जिनका सक्सेस रेट अलग-अलग है। इनके नाम तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव हैं। तेजस्वी यादव जहां राजद सुप्रीमो लालू यादव के राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं, वहीं अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बड़े पुत्र हैं। ये दोनों अपने-अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन इनकी सफलता की दर एकदम अलग है। दोनों की राजनीतिक परिस्थितियां और चुनौतियां समान होने के बावजूद सफलता में इतना अंतर थोड़ा अजीब लगता है।

### तेजस्वी और अखिलेश होने का फर्क

2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा के आने के बाद उत्तर भारत के दो बड़े नेताओं, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव ने अलग अलग रणनीति पर काम किया और दोनों को अलग तरह के नतीजे मिले। तेजस्वी यादव ने भाजपा, सांप्रदायिकता और खासकर सामाजिक न्याय को लेकर अपने स्वर लगातार तीखे रखे, रोहित वेमुला की घटना से लेकर एससी-एसटी एक्ट पर राजद सड़कों पर रहा और कोई आश्चर्य नहीं कि मोदी लहर में बिहार में हुए दोनों विधानसभा चुनावों के बाद उनकी पार्टी विधानसभा में सबसे प्रमुख दल बनकर उभरीष एक युवा नेता के लिए यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, क्योंकि इस पूरे दौर में उनके पिता और पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद ज्यादातर समय या तो जेल में या फिर अस्पताल में रहे। 2020 के विधानसभा चुनाव में तो उन्हें प्रचार करने का भी मौका नहीं मिला। फिर भी राजद ने उन चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। तेजस्वी यादव सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता लगातार जाहिर करते रहते हैं और इसका लाभ उन्हें चुनावों में मिलता है।

> लगभग समान हैं दोनों की परिस्थितियां, पर क्यों है इतना अंतर



लेकिन यही बात अखिलेश यादव के लिए नहीं कही जा सकती। 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्र में सत्ता में आने के बाद से समाजवादी पार्टी ने कोई चुनाव नहीं जीता है। 2017 में तो 403 सदस्यीय यूपी विधानसभा में सपा की सीटें घटकर सिर्फ 47 रह गयी थीं। 2022 में सपा की सीटें बढ़ीं और आंकड़ा 111 तक पहुंचा, लेकिन बहुमत से यह संख्या बहुत दूर है। मामला सिर्फ चुनाव हारने का होता, तो सपा को ज्यादा परेशानी नहीं होती। चुनावों में पार्टियों की जीत-हार होती रहती है। भाजपा ने भी अपनी जबरदस्त ढलान देखी है। सपा की असली समस्या यह है कि उसका राजनीतिक विचार और एजेंडा खो गया है। खासकर सामाजिक न्याय का एजेंडा तो उसने तब खोया, जब अखिलेश यादव सत्ता में थे। 2013 में सपा के एक सांसद ने एससी-एसटी के समर्थन में आरक्षण बिल फाड़ दिया, जिससे सपा को लेकर काफी दलित अब भी नाराज हैं और यह नाराजगी वाजिब भी है। अगर पार्टी ने ये सोचा था कि ऐसा करने से सवर्ण वोटर उसकी तरफ आयेंगे, तो यह नहीं हुआ, क्योंकि तब तक मोदी का उभार शुरू हो चुका था और सवर्ण भाजपा के खेमे में जा चुके थे।

अखिलेश से यह चूक इसलिए हो रही है, क्योंकि सामाजिक न्याय की कोई मजबूत विरासत उनके पास नहीं है। उनका लोहियावादी समाजवाद काफी हद तक नारा ही है। दूसरी तरफ तेजस्वी ने सामाजिक न्याय के समानांतर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ अभियान चला कर खुद को राजनीति में अगली पंक्ति में कायम रखा है। यहां यह बात भी जानना जरूरी है कि जब मंडल कमीशन लागू हुआ और चंद्रशेखर ने वीपी सिंह की सरकार गिराने के लिए गोलबंदी की, तो मुलायम सिंह चंद्रशेखर के खेमे में खड़े हुए, जबकि लालू शुरू से ही वीपी सिंह के साथ थे।

### पारिवारिक परंपरा भी एक कारण

तेजस्वी और अखिलेश के लिए राजनीतिक परिस्थितियां भले एक जैसी हैं, लेकिन दोनों की पारिवारिक परिस्थितियां और परंपरा अलग-अलग हैं। मुलायम सिंह यादव का कुनबा इतना बड़ा और बिखरा हुआ है कि उनकी विरासत को लेकर अखिलेश को अक्सर घर के भीतर से ही चुनौती मिलने लगती है। कभी शिवपाल यादव, तो कभी अपर्णा यादव, तो कभी कोई और उनके सामने आ जाता है। इस मायने में तेजस्वी किस्मत वाले हैं, क्योंकि लालू की विरासत को संभालने के मामले में उन्हें चुनौती देनेवाला कोई नहीं है। यहां तक कि उनकी बहन मीसा भारती या बड़े भाई तेजप्रताप भी नहीं।

अब अगर अखिलेश यादव सपा को सामाजिक न्याय के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं, तो उन्हें नयी शुरूआत करनी होगी। उनकी पार्टी के पिछले काम और विरासत से उन्हें कोई रास्ता नहीं मिलेगा। उनके लिए सामाजिक न्याय का चैंपियन बन पाना आसान नहीं होगा। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को एक नयी लाइन थमा दी है और राजनीतिक हलके में इसके चर्चे हैं। उन्होंने अपना और पार्टी का फोकस सामाजिक न्याय, जातिवाद विरोधी और जाति जनगणना पर लगाने का संकेत दिया है और इसी के अनुसार पार्टी संगठन में भी फेरबदल करके पूरा दारोमदार ओबीसी और एससी पर सौंप दिया है। लेकिन इससे उन्हें तेजस्वी जितनी सफलता मिलेगी, इसमें संदेह है।

अखिलेश को समझना होगा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने के बाद उत्तर भारत, खासकर यूपी का सामाजिक और जातीय समीकरण काफी बदल गया, क्योंकि भाजपा ने इस दौरान ओबीसी मतदाताओं के बीच अच्छी पैठ बना ली। इसके लिए भाजपा ने कई रणनीतियां अपनायीं। तेजस्वी ने भी बिहार की राजनीति का अध्ययन कर यही सब करने का फैसला किया और इसका नतीजा सामने है।

---

## हाई कोर्ट में राहुल गांधी के केस की सुनवाई टली, राहत बरकरार

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाई कोर्ट से चाईबासा जिले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ दिये गये बयान के मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को मिली राहत बरकरार है। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई की तिथि निर्धारित की थी लेकिन किसी कारणवश सुनवाई टल गयी। अगली सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता अदालत के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे। अब मामले की सुनवाई अगले सप्ताह हो सकती है। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल नही हो सकी थी।

उल्लेखनीय है कि यह मामला वर्ष 2019 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। यह भाजपा में ही संभव है। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर चाईबासा कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। इसी संज्ञान आदेश को राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रताप कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करते हुए कहा है कि अमित शाह के खिलाफ जितने भी केस थे, उनमें से बरी हो चुके हैं। ऐसे में राहुल गांधी की ओर से कैसे ऐसा स्टेटमेंट दिया गया है।

## हाइ कोर्ट से विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट में बुधवार को पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक गंगा प्रसाद गुप्ता को जमानत मिल गई। कोर्ट में ढुल्लू महतो, गंगा प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता और चुनचुन गुप्ता की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने इसी मामले में ढुल्लू महतो एवं अन्य दो को जमानत दिए जाने के आधार पर गंगा प्रसाद गुप्ता को भी जमानत प्रदान कर दी। इसी मामले में 24 जनवरी को भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के अलावा राजेश गुप्ता और चुनचुन गुप्ता को भी हाई कोर्ट से जमानत मिली थी।

### हाइकोर्ट ने नन्हे खान हत्याकांड के आरोपित को दी जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट से बुधवार को नन्हे खान हत्याकांड का मास्टरमाइंड और हथियारों का जखीरा रखने मामले में आरोपित प्रिंस खान के भाई बंटी खान उर्फ जियाउल हक को बेल मिली है। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद बंटी खान को राहत प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि बीते 2022 के मार्च ने में वासेपुर के नन्हे हत्याकांड के मुख्य आरोपित प्रिंस का बड़ा भाई बंटी खान यूपी के दीन दयाल स्टेशन पर पकड़ा गया थाद्ध उसके साथ इरफान उर्फ टुन्नू और नादो नामक युवक भी पकड़े गए थे। धनबाद के बैंक मोड़ थाने की पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया था तब से वह जेल में बंद था।

## जाति प्रमाण पत्र होने के बावजूद चयनित नहीं किये जाने मामले की हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद की कोर्ट ने बुधवार को सातवीं जेपीएससी परीक्षा में एसडीओ द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र होने के बावजूद चयनित नहीं किए जाने को लेकर कुमारी सुमित एवं रसिक जमुदा की याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सातवीं जेपीएससी परीक्षा में अनुसूचित जनजाति कैंडिडेट कुमारी सुमित को 562 अंक एवं रसिक जमुना को 576 अंक आए थे। जबकि अनुसूचित जनजाति के लिए इस परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स 555 था। जेपीएससी द्वारा साक्षात्कार में बुलाये जाने के बाद भी इनका सेलेक्शन नहीं किये जाने के बाद उन्होंने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## झारखंड में सीएसआर की राशि प्राप्त करने में जमशेदपुर और रांची अव्वल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा के बजट सत्र में सांसद संजय सेठ ने झारखंड में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हुए कार्यों का लेखा-जोखा मांगा। साथ ही उन्होंने लोकसभा में यह सवाल रखा कि इसके नियमों में कोई परिवर्तन किया गया है क्या? और इससे संबंधित क्या दिशा निर्देश दिए गए हैं। सांसद के सवाल के जवाब में केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कंपनी नियम 2014 में संशोधन को सूचित किया गया है। इन संशोधनों का उद्देश्य प्रकरणों में सुधार करके इसे और सुदृढ़ बनाना अनुपालन का सरलीकरण करके इसे अधिक से अधिक उपयोगी बनाना है। ताकि सीएसआर के तहत कल्याण के और अधिक कार्य किए जा सके। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि झारखंड में विभिन्न कंपनियों के द्वारा सीएसआर के तहत कई कार्य किए गए हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी, भूख कुपोषण मिटाना, ग्रामीण विकास परियोजनाएं, स्वच्छता, वरिष्ठ नागरिक कल्याण, अनाथालय की स्थापना जैसे कई कार्य है। इन कार्यों के तहत जनकल्याण का काम किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को लोकसभा में बताया कि झारखंड में सीएसआर के तहत जिलावार 210 करोड़ रुपये का कार्य बीते एक वर्ष में किया गया है। इसमें सबसे अव्वल जमशेदपुर जिला है, जहां 12.30 करोड रुपये खर्च किए गए हैं, वहीं रांची में एक 11.79 करोड रुपये खर्च किए गए हैं। 160 करोड रुपये ऐसे खर्च हुए हैं, जिसका उल्लेख किसी जिले में नहीं किया गया है। सीएसआर की राशि प्राप्त करने में सबसे फिसड्डी गढ़वा और देवघर जिले हैं। इन दोनों जिलों में महज 0.11 रुपये खर्च किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि एक वर्ष में झारखंड में जो 210 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, उसमें सबसे अधिक राशि स्वच्छता पर खर्च हुई है, जो 57 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल पर 48 करोड़, शिक्षा पर 35 करोड़ और ग्रामीण विकास परियोजनाओं पर 21 करोड़ खर्च हुए हैं। इसके अतिरिक्त खेल प्रशिक्षण, व्यवसाई कौशल, महिला सशक्तिकरण, कृषि वानिकी, पशु कल्याण, कला संस्कृति, लैंगिक समानता, स्वच्छता, अनाथालय की स्थापना, झुग्गी बस्तियों का विकास सहित कई अन्य कार्यों में भी बड़ी मात्रा में राशि खर्च की गई है।

## झारखंड के सरकारी शिक्षकों को अब लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल सिस्टम से लेनी होगी छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी मिलेगी। अन्य माध्यमों से छुट्टी का आवेदन देने पर उसे खारिज कर दिया जायेगा। इस आदेश को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने मंगलवार देर रात जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने की अनुमति देता है। छुट्टी की पात्रता से संबंधित विवरण दिखाता है। छुट्टी के अनुरोध के प्रसंस्करण और निपटान की



अनुमति देता है। कर्मियों की छुट्टी इतिहास का विस्तृत विवरण प्रदान करता है। सचिव ने जारी आदेश में लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल को इ-वीवी एप्लीकेशन में लाइव कर दिया गया है। सचिव ने निदेशित किया है कि पत्र निर्गत की तिथि से राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को मात्र लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन करते हुए अवकाश प्राप्त करना होगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यम से आवेदित छुट्टी आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, अस्वीकृत कर दिया जाएगा। रवि कुमार ने लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल में राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के लिए अवकाश विवरण दर्ज करने का प्रावधान है। प्रतिमाह लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल में उपलब्ध अवकाश विवरणी पर विचार करते हुए ही वेतनादि भुगतान किया जाय। सचिव ने शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने स्तर से राज्य के सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को इस सुविधा से खुद को परिचित करने, छुट्टी प्राप्त करने के लिए इसे अपनाने के निमित्त लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने के लिए आदेश दिया जाय।

## बगोदर के प्रवासी मजदूर की दुबई में सड़क हादसे में मौत

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के बगोदर थाना इलाके के महुरी गांव निवासी और 50 वर्षीय प्रवासी मजदूर यूसुफ अंसारी की दुबई में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना पिछले सोमवार शाम की हैं। लेकिन परिजनों को उसके मौत की जानकारी मंगलवार की देर रात को मिली। यूसुफ अंसारी अपने पीछे पत्नी जुबेदा खातून, पुत्र साजिद अंसारी (20), वारिस अंसारी(15), दानिश अंसारी (18) को छोड़ गये। परिजनों ने बताया कि यूसुफ अंसारी पिछले डेढ वर्ष पहले दुबई गया था और एक दुकान में सामान डिलीवरी का काम करता था। सामान डिलीवरी कर बाइक से लौट रहा था, तभी कार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मृतक के घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रवासी मजदूरों की मौत का यह इकलौता मामला नहीं है। आये दिन देश के दूसरे राज्यों समेत विदेशों में काम के दौरान बगोदर प्रखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। विदित हो कि गिरिडीह जिले के बगोदर और इससे सटे हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के इलाकों में रहने वाले काफी युवा रोजी-रोटी के लिए विदेश समेत देश के दूसरे राज्यों महानगरों में पलायन करते हैं। वहां रोजगार कर भरण-पोषण करते हैं। इसी दौरान कई मजदूरों की मौत हो रही हैं।

## धर्म परिवर्तन मामले का पटाक्षेप हुआ: बगोदर में 16 महिलाओं की हिंदू धर्म में हुई पुनर्वापसी, की पूजा

**बगोदर (आजाद सिपाही)।** बगोदर के दलित मोहल्ले में धर्म परिवर्तन मामले का पटाक्षेप हुआ है। भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की कोशिशों से 16 महिलाओं की हिंदू धर्म में पुनर्वापसी हुई। दूसरे धर्म में इन दलित महिलाओं की आस्था बढ़ने के बाद धर्म परिवर्तन करा दिया गया था। हिंदुवादी संगठनों को एक सप्ताह पूर्व इसकी भनक लगी थी। इसके बाद इनकी पुनर्वापसी का प्रयास तेज कर दिया गया था। रविवार को मोहल्ले में बैठक आयोजित कर सभी को समझाया गया। समस्या समाधान के उपाय बताए गए। मामला यह है कि बगोदर बाजार में स्थित दलित मोहल्ले के कुछ लोग बीमार चल रहे थे। डॉक्टरी इलाज निरर्थक साबित हो रहा था। इसी दौरान दूसरे धर्म से जुड़ी कुछ महिलाओं ने सब ठीक करने का इन्हें प्रलोभन दिया। हजारीबाग जिले से चलकर बगोदर स्थित दलित मोहल्ला पहुंचने वाली दूसरे धर्म से जुड़ी महिलाओं ने धर्म परिवर्तन के गुरु मंत्र दिए। अपने धर्म की पुस्तक कुछ लोगों को मुहैया कराईं। कमली, जीरवा, रेखा, देवांति, कुंती, बेबी, अंजनी समेत 16 महिलाएं दूसरे धर्म की महिलाओं के झांसें में आ गईं। मामले की भनक हिंदू संगठनों को लगी और संगठन से जुड़े लोगों ने पुनर वापसी अभियान तेज कर दिया। रविवार को जब महिलाओं को समझाने बुझाने में संगठनों से जुड़े लोग सफल रहे तब महिलाओं ने हिंदू धर्म में पुनर्वापसी का भरोसा दिलाया। तब तय हुआ कि मंगलवार को मोहल्ले में स्थित देवी मंडप में सामूहिक पूजा आराधना होगी और दूसरे धर्म से नाता समाप्त हो जायेगा। तय समय के अनुसार मंगलवार को मंडप में महिला समेत मुहल्ले के कई पुरुषों के अलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भाजपा के लोग पहुंचे, पूजा - आराधना हुई। मौके पर भाजपा नेता आशीष कुमार बार्डर ब्रह्मदेव रविदास, अशोक रवीदास, प्रकाश पासवान, पिंटू दास, जीतू कुमार, संजय दास, जोगिंद्र दास, सोबरन दस, सूरज दास, अभिषेक कुमार, मिथलेश, कुंदन ठाकुर, गुरुदयाल, विहिप के धीरेंद्र कुमार उर्फ मन्नू, संदीप मंडल, समय सिंह, अमित राज, अजय पांडेय, अमित राज, भारत गुप्ता, अनीश गौरव, दीपक कुमार, हिमांशु कुमार, सौरभ कुमार, छोटन बजरंगी, पटेल बजरंगी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 15.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.41 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.26 बजे | |



## राज्य के 30 लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद हो

# नियोजन नीति तत्काल बनाये हेमंत सरकार : दीपक प्रकाश

**5 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा देने की बात करने वाले लोग आज रोजगार छीनने वाले साबित हो रहे हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला। दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के 30 लाख बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ बार-बार खिलवाड़ कर रही है। राज्य सरकार में शामिल महागठबंधन वादा खिलाफी का रिकॉर्ड बनाने में जुटा है। 5 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा देने की बात करने वाले लोग आज रोजगार छीनने वाले साबित हो रहे हैं। यह सरकार तीन वर्ष में सिर्फ 357 लोगों को नौकरी देकर अपना पीठ थपथपा रही है। कहा कि यह सरकार युवाओं को बार बार परेशान कर रही। कभी भाषा विवाद में उलझाती है, कभी स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर उलझाती है।

प्रकाश ने कहा कि सच है कि हेमंत सरकार की न नीति साफ है और न नीयत ही साफ है। राज्य सरकार युवाओं को नौकरी देने में नहीं नौकरी का सपना दिखाने में विश्वास करती है। तभी तो नौकरी का विज्ञापन निकालती है और फिर उसे रद्द करवाती है।

तीन वर्ष में हेमंत सरकार ने दो बार नौकरी के विज्ञापनों को रद्द किया है। कहा कि पहली बार राज्य सरकार ने नियोजन नीति बनाने के नाम पर 7 विज्ञापनों को रद्द किया था और विगत 2 फरवरी को जेएसएससी ने कोर्ट द्वारा रद्द नियोजन नीति का हवाला देते हुए 12 विज्ञापनों को रद्द किया, जिसमें डिप्लोमा स्तर संयुक्त परीक्षा, प्रयोगशाला सहायक, सचिवालय आशुलिपिक, सामान्य स्नातक, उत्पाद सिपाही, औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी, कंप्यूटर टंकक, नगरपालिका सेवा, तकनीकी विशिष्ट योग्यता स्नातक, मैट्रिक स्तर संयुक्त, स्नातकोत्तर ट्रेंड शिक्षक, डिप्लोमा स्तर संयुक्त परीक्षा के विज्ञापन रद्द किये जो वर्ष 2021 और 22 में इस सरकार ने निकाले थे। इन विज्ञापनों में लगभग 11 हजार नियुक्तियां संभावित थीं। प्रकाश ने कहा कि दूसरी ओर सरकार अनुबंध कर्मियों जिसमें पारा चिकित्सा कर्मी, पारा शिक्षक आदि हजारों की संख्या में शामिल हैं पर भी राज्य सरकार कहर बरपा रही है। ये पारा अनुबंध कर्मी कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे अनशन करने और भीख मांगने को मजबूर हैं, परंतु सरकार का कोई प्रतिनिधि इनसे बात करने को भी तैयार नहीं है। आखिर राज्य के बेरोजगार युवाओं का क्या दोष है? यह सरकार आखिर कब तक उन्हें अलग-अलग तरीकों से प्रताड़ित करती रहेगी। प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री अविलंब नियोजन नीति बनाकर युवाओं के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करें।

## बजट सत्र के मद्देनजर स्पीकर की बैठक आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 25 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस सत्र के सफल संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को पार्टी विधायक दल की बैठक बुलायी। इस बैठक में सत्र को सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा होगी। आगामी 25 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में 17 कार्य दिवस होंगे। तीन मार्च को राज्य का बजट वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव पेश करेंगे। राज्यपाल डॉ. रमेश बैस ने बजट सत्र आहूत करने की अनुमति दे दी है। विधानसभा के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा इसके बाद शोक प्रस्ताव इत्यादि होगा।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671–2367768-783, FAX: 0671–2367663, E-mail: crrictc@nic.in
Advertisement No. 49/SRF/JRF/YP/AFO/2022-23
Walk-in-interviews are to be held on 20.02.2023 for selection of one (01) Junior Research Fellow and on 21.02.2023 for selection of one (01) Young Professional-I and one (01) Agricultural Field Operator in the scheme "Development of Haploid Inducer rice lines using CRISPR/Cas9 gene editing system for high induction frequency" (EAP-372) and on 20.02.2023 for selection of one (01) Senior Research Fellow in the scheme "Double haploid breeding in development of Rice varieties for enhancing resilience against biotic and abiotic stresses" (EAP-316) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.
PRINCIPAL INVESTIGATOR

# कृषि विपणन शुल्क विधेयक के विरोध में 15 फरवरी से खाद्यान्न व्यापार रहेगा बंद : चैंबर

**व्यापारियों की राज्य स्तरीय बैठक में लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कृषि उत्पाद की खरीद-बिक्री पर सरकार की ओर से दो प्रतिशत कृषि बाजार शुल्क लगाया गया है। इस शुल्क के खिलाफ बुधवार को झारखंड के थोक खाद्यान्न व्यापारियों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रांची के पंडरा बाजार, अपर बाजार, राइस और फ्लोर मिल्स बंद रहे। बताया जाता है कि एक दिन खाद्यान्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहने के कारण 80 से 100 करोड़ के कारोबार प्रभावित होने की संभावना है।

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में बुधवार को व्यापारियों की राज्य स्तरीय बैठक हुई। व्यापारियों में इस विधेयक को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। बैठक में व्यापारियों ने एक सुर में थोक खाद्यान्न व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि 15 फरवरी को खाद्यान्न की आयात और निर्यात पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान खाद्यान्न में थोक, खुदरा, राइस मिल, फ्लोर मिल सब बंद रहेगा। फेडरेशन द्वारा इस बीच एक सप्ताह तक अन्य कार्यक्रम भी किये जायेंगे। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि व्यापारियों को किसी भी रूप में विधेयक मंजूर नहीं है। ये विधेयक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है। इस विधेयक को सरकार को वापस लेना ही होगा। बिहार और यूपी जैसे राज्यों ने भी इस बिल को वापस ले लिया है। इसके लिए व्यापारी एकजुट हैं और सरकार के वापस लेने तक आंदोलन जारी रहेगा। व्यापारियों ने एकमत होकर आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। व्यापारियों का कहना है कि विधेयक से राज्य में कृषि उपज के उत्पादन, इसके विपणन, संबंधित प्रसंस्करण उद्योग और व्यापार में भारी कमी आयेगी, जिससे किसानों के उपज की स्थानीय मांग घटने से उन्हें अपने उत्पाद की कम कीमत प्राप्त होगी। सरकार को कृषि शुल्क और जीएसटी से प्राप्त होने वाली राशि (राजस्व) में कमी आयेगी। बैठक में साहेबगंज, जमशेदपुर, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग समेत अन्य जिलों से व्यापारी शामिल हुए।

# पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की न्यायिक हिरासत की अवधि 20 फरवरी तक बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपी पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इडी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। वहीं प्रेम प्रकाश की ओर से कोर्ट से समय मांगा गया। कोर्ट को बताया गया कि मामले में आवश्यक दस्तावेज जो नहीं मिले हैं उसके लिए उनकी ओर से हाईकोर्ट में सीआरएमपी दाखिल की गयी है, जो लंबित है। जिस पर 17 फरवरी की सुनवाई की तिथि निर्धारित है। इडी कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की ओर से कुछ और दस्तावेज मांगे जाने संबंधी याचिका को दिसंबर 2022 में खारिज कर दी थी, जिसके बाद हाइकोर्ट में दस्तावेजों की मांग को लेकर सीआरएमपी दाखिल की गयी है। दरअसल, बीते दिनों पंकज मिश्रा एवं बची यादव के खिलाफ इडी कोर्ट ने आरोप गठित किया था। वहीं प्रेम प्रकाश को कुछ दस्तावेज नहीं मिल सके थे, इस कारण उसके खिलाफ आरोप गठन नहीं हो सका था। पूर्व में इडी कोर्ट ने पंकज मिश्रा, बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका इडी कोर्ट ने ही खारिज कर दी थी। बता दें कि ये सभी आरोपियों के खिलाफ इडी ने चार्जशीट दाखिल कर दिया है। इडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को इडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। इडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों व कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। दूसरी ओर अवैध खनन के माध्यम से मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था। इडी की टीम ने 36 करोड़ से अधिक रुपये को इस मामले में सीज किया था। वहीं, इडी की टीम ने पत्थर व्यवसाई बच्चू यादव को 4 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इडी की टीम ने पहले ही साहिबगंज में उसके जहाज को जब्त कर लिया था।

# रांची के 42 अस्पतालों के सौ मीटर वाले क्षेत्र साइलेंट जोन घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर के 42 अस्पतालों के 100 मीटर वाले क्षेत्र को साइलेंट जोन घोषित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने यह फैसला लिया है। साथ ही कई क्षेत्रों में ध्वनि के मानकों का पालन करने का आदेश दिया गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की अलग-अलग अधिसूचनाओं के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

### इन क्षेत्रों को बनाया गया साइलेंट जोन

जसलोक अस्पताल, आइटीआइ बस स्टैंड, डेहल रांची, रानी चिल्ड्रेन अस्पताल, करमटोली बरियातू रोड रांची, इंप्लाइज स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन मॉडल हॉस्पिटल नामकुम, रांची इस्पात हॉस्पिटल, मेकॉन लि. डोरंडा, हिल व्यू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, सेंटेविटा हॉस्पिटल फिरायालाल चौक, कांसटेंट लिवेंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, संत बरनाबास अस्पताल चर्च रोड, देवकमल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मां रामप्यारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोरहाबादी, श्रीजगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रेडियम रोड, ऑर्किड मेडिकल सेंटर प्रा. लि., राम कृष्णा मिशन टीबी, सेनोटोरियम तुपुदाना, कांके जेनरल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्रा. लि. कांके, आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बरियातू, रांची सेवेन एवेनटिस्ट हॉस्पिटल, बरियातू रांची, गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, स्टेशन रोड, मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी, मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, राज अस्पताल मेन रोड, नागरमल मोदी सेवा सदन, अपर बाजार, भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रिम्स, रिनपास कांके, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्री, कांके एवं सेंट्रल कोल फिल्ड लि. हॉस्पिटल गांधीनगर रांची, अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल, सिटी ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, क्यूरी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर इंस्टीट्यूट, गुलमोहर हॉस्पिटल, हेल्थ प्वॉइंट हॉस्पिटल, लाइफ केयर हॉस्पिटल, मां राम प्यारी ऑर्थो हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर प्रा. लि., माना देवी लक्ष्मण मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नेत्रधाम हॉस्पिटल, प्रभावती हॉस्पिटल, रानी हॉस्पिटल, रिंची हॉस्पिटल, आरपीएस हॉस्पिटल, सिंहपुर नर्सिंग होम, दि 7 पालम्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं दि विनायका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर।

बताया गया है कि जारी निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों के लिए लागू रहेगी। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने निर्देशित करते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमावली 2000 के तहत रांची के सिविल कोर्ट एवं हाइकोर्ट परिसर की 100 मीटर की दूरी के अंदर पड़ने वाले क्षेत्र को साइलेंट जोन घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में सुबह छह बजे से रात के रात बजे तक 50 डेसीबल आवाज निर्धारित की गयी है।

इसके अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, निर्मला कॉलेज, योगदा सत्संग महाविद्यालय और बीआइटी मेसरा रांची परिसर को साइलेंट जोन घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में भी सुबह छह बजे से रात दस बजे तक 50 डेसीबल आवाज निर्धारित की गयी है। साथ ही रात दस बजे से सुबह छह बजे तक 40 डेसीबल ध्वनि निर्धारित की गयी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – परिवार में शुभ मांगलिक कार्य के प्रयास में सफलता मिलेगी।
- **वृष** – समाज में मान-सम्मान रहेगा,नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी।
- **मिथुन** – आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी।
- **कर्क** – धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **सिंह** – क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी,अपने वाणी पर नियंत्रण रखें।
- **कन्या** – नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ।
- **तुला** – परिवार में धार्मिक मांगलिक कार्य संपन्न होगा, नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना।
- **वृश्चिक** – संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी।
- **धनु** – परीक्षा-प्रतियोगिता,उच्चशिक्षा से संबद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे।
- **मकर** – आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** – भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, व्यावहारिक कुशलता एवं चतुराई से समस्याओं का समाधान निकलेगा।
- **मीन** – आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# धुर्वा में एक और ग्राउंड बनाने की तैयारी में जेएससीए

**क्रिकेट टूर्नामेंटों के आयोजन में मिलेगी मदद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने रांची में एक और ग्राउंड तैयार करने को कदम बढ़ाया है। जगरनाथुर मंदिर के समीप स्थित एमसीए स्कूल परिसर से सटे एक खाली स्थान पर यह ग्राउंड वह तैयार करेगा। जेएससीए ने करीब 4 एकड़ में फैले इस जमीन को काफी पहले ही अपने नियंत्रण में ले लिया था। अब जाकर उसने इस पर एक ग्राउंड तैयार करने का मन बनाया है। बुधवार को इस जमीन पर भूमि पूजन का एक छोटा सा कार्यक्रम भी किया गया। ग्राउंड तैयार होने के बाद क्रिकेट एकेडमी के लिए एक और ग्राउंड जेएससीए के पास हो जायेगा। इससे विभिन्न टूर्नामेंटों के लिए अभ्यास मैच और दूसरे कार्यक्रमों में मदद मिलेगी।

### टूर्नामेंटों की मेजबानी का मिलेगा और अधिक मौका

जानकारी के मुताबिक बीसीसीआइ ने ऐसे आयोजन स्थलों को किसी क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी दिये जाने में प्राथमिकता देने की योजना बना रखी है जिनके पास अधिक से अधिक क्रिकेट ग्राउंड हो। 3-4 ग्राउंड की उपलब्धता वाले शहरों को अपनी लिस्ट में वह प्राथमिकता देता है। रांची में जेएससीए के मुख्य स्टेडियम के अलावे इससे सटा एक ग्राउंड है। इसके अलावा उसकी ओर से उषा मार्टिन ग्राउंड और मेकन स्टेडियम के ग्राउंड की सुविधा भी ली जाती है। अब धुर्वा में ही मुख्य स्टेडियम के नजदीक एक ग्राउंड तैयार हो जाने से आने वाले समय में नेशनल, इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों के आयोजन का मौका जेएससीए को और मिल सकेगा।

## मानव तस्करी : सिमडेगा की बेटी सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर लौटेगी घर

# चाचा ने भतीजी को गुरुग्राम में बेचा, मालिक करता था यौन शोषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मानव तस्करी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। मौजूदा मामले की बात करें तो सिमडेगा की एक बेटी को काम दिलाने का लालच देकर उसी के चाचा ने हरियाणा ले जाकर मनीष खट्टर नामक एक व्यक्ति को बेच दिया।

मामले की जानकारी जब गुरुग्राम की बाल संरक्षण आयोग की इकाई को पड़ी तो गुरुग्राम पुलिस की मदद से लड़की को बचा लिए गया है। मामले को पोक्सो अधिनियम, 75 और 79 किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। आगे की जांच के लिए सिमडेगा पुलिस और गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है और बचायी गयी नाबालिग लड़की और उसके परिवार को समर्थन और सहायता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

### शारीरिक और यौन शोषण किया गया

जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की को 5 महीने पहले उसका चाचा झारखंड के सिमडेगा से हरियाणा के गुरुग्राम में घरेलू सहायिका का काम दिलाने का झांसा देकर लाया था। उसे मनीष खट्टर, मकान नंबर 105



आर, न्यू कॉलोनी, गुरुग्राम, श्याम वाटिका पार्क के पास, गुरुग्राम में घरेलू सहायिका के रूप में रखा था। जहां वह अपनी पत्नी कमलजीत कौर और उनकी बेटी के साथ रहता था। नाबालिग लड़की के मिलने के बाद उसने बताया कि पांच माह के दौरान उसे जबरदस्ती घर में बंद कर दिया गया और लगातार शारीरिक और यौन शोषण किया गया। उसे ठीक से खाना नहीं दिया जाता था और दिन भर काम करने के लिए मजबूर किया जाता था। मालिकों द्वारा उसे बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और लगातार पीटा गया। उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान मिले हैं।

**सीएम हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान**

**सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर लिखा कि झारखंड पुलिस मामले में एफआइआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करते हुए सूचित करें। जानकारी के अनुसार बिटिया सिमडेगा से है। डीसी सिमडेगा बिटिया को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए राज्य वापसी तथा उसे शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए सूचित करें। जोबा मांझी जी कृपया संज्ञान लें।**

### माता-पिता से फोन पर बात करने नहीं दिया

पीड़िता ने यह भी बताया कि पांच महीने के दौरान उसे पैसे भी नहीं दिये गये। अपने माता-पिता से फोन पर भी बात नहीं करने दी गयी। राष्ट्रीय स्तर के संगठन शक्ति वाहिनी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखकर सिमडेगा से तस्करी कर गुरुग्राम पहुंचायी गयी। एक नाबालिग लड़की को क्रूरता से प्रताड़ित कर हरियाणा के गुरुग्राम से छुड़ाये जाने के मामले की जानकारी दी है।

# आइइडी ब्लास्ट में घायल जवान की हालत गंभीर, दिल्ली एयरलिफ्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चाइबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित हाथीबुरु जंगल में मंगलवार को आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के जवान संजीव कुमार घायल हो गये थे। उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जवान की हालत की गंभीर देखते हुए उन्हें बुधवार को एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया।

### ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया

जवान को दिल्ली भेजने के लिए मेडिका अस्पताल से रांची एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। जिसके बाद जवान को ले जाया गया। संजीव कुमार नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले थे। इसी दौरान मंगलवार की दोपहर आइइडी ब्लास्ट हुआ। बताया जा रहा है जवान का एक पैर आइइडी ब्लास्ट में उड़ गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# त्रिपुरा हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त होने पर दी बधाई

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाइकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किये जाने पर झारखंड हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने उन्हें बधाई दी है।

एसोसिएशन ने अपरेश कुमार सिंह को नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस जस्टिस अपरेश कुमार सिंह लंबे समय से झारखंड हाइकोर्ट में न्यायाधीश हैं। करीब 11 वर्ष पहले उनकी नियुक्ति झारखंड हाइकोर्ट में जज के रूप में हुई थी। झारखंड हाइकोर्ट में रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण केसों की सुनवाई की और महत्वपूर्ण आदेश भी पारित किये। त्रिपुरा हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत महंती बीते दिनों सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके बाद ओड़िशा हाइकोर्ट के सीनियर जज जसवंत सिंह को त्रिपुरा हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, जो 22 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ऐसे में पूर्व में ही कोलेजियम ने वर्तमान में झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है।

# निशा उरांव बनीं पंचायती राज विभाग की निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने कृषि एवं हार्टिकल्चर विभाग की निदेशक निशा उरांव को पंचायती राज विभाग के निदेशक के पद पर पदस्थापित किया है। पदस्थापित के बाद कृषि विभाग में पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने निशा उरांव को विदाई दी। बता दें कि झारखंड सरकार लगातार कृषि क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये है। इसमें कृषि निदेशक के रूप में निशा उरांव की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। विदाई समारोह में पदाधिकारी और कर्मचारियों ने नए पद और जिम्मेदारियों के लिए और बेहतर भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# साक्ष्य के अभाव में अपहरण और दुष्कर्म का आरोपित बरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लड़की ने केस ट्रायल के दौरान गवाही में घटना से इनकार कर दिया**

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म करने के आरोपित महादेव नायक को बरी कर दिया है। यह मामला रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पुंदाग इलाके का है। नाबालिग के पिता ने महादेव नायक के खिलाफ लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने और उसके अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। लड़की ने केस ट्रायल के दौरान अपनी गवाही में घटना से इनकार कर दिया। साथ ही पुलिस की ओर से अदालत में पेश किये गये अन्य गवाह भी अपनी गवाही में यह साबित नहीं कर पाये की महादेव नायक ने नाबालिग अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया है। सभी पक्षों की बहस और गवाहों के बयान सुनने के बाद अदालत ने आरोपित को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। आरोपित की ओर से अधिवक्ता रतीश रोशन उपाध्याय ने अदालत में पक्ष रखा।

## राजद नेता विजय यादव के निधन से पार्टी में शोक

रांची (आजाद सिपाही)। राजद के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विजय यादव के निधन से पार्टी में शोक व्याप्त है। उनके पार्थिव शरीर को बुधवार को झारखंड प्रदेश राजद मुख्यालय में लाया गया। यहां राजद के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि विजय यादव पार्टी के समर्पित नेता थे। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नीति सिद्धांतों पर चलने का उन्होंने काम किया था। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। इस मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव, राजेश यादव, प्रवक्ता अनीता यादव, रानी कुमारी, रंजन यादव, श्यामदास सिंह, मदन यादव, कमलेश यादव, धर्मेंद्र सिंह, अंजल सिंह, शैलेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, इरफान अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विजय यादव पार्टी के सबसे पुराने नेता थे और झारखंड ही नहीं बल्कि बिहार में भी उनकी अलग पहचान थी। वे यहां लालू रथ के सारथी थे। विजय यादव का निधन मंगलवार को सीएमसी वेल्लोर में इलाज के दौरान हो गया था।

**पहल : जेसोवा ने 40 चित्रफलक विवि को दिया**

# जेसोवा का योगदान विश्वविद्यालय की प्रगति में सहयोग का सूचक : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

**विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बुधवार झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइफ्स एसोसिएशन जेसोवा की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के फाइन आर्ट विभाग को 40 की संख्या में चित्रफलक प्रदान किए गये। यह एक प्रकार से पेंटिंग की गयी सामग्री के स्टैंड के तौर पर प्रयुक्त किया जाता है। यह फाइन आर्ट के विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि जेसोवा का यह योगदान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेह को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इसकी पहल कुलसचिव डॉ नमिता सिंह के माध्यम से की गयी और आज इसका प्रतिफल दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कल्याणकारी कार्यों से समाज और संगठन दोनों का हित होता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सीमित संसाधनों के अलावा हर स्तर पर ऐसे प्रयास कर रहा है जिनसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में प्रत्येक विभागों को उन्नत और सुविधायुक्त बनाना है ताकि विद्यार्थियों को संसाधनों की कमी महसूस नहीं हो। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि जेसोवा ने पूर्व में भी विश्वविद्यालय को ऐसे कई योगदान दिये हैं जो विद्यार्थियों के लिए हितकर साबित हुए हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार उनका आभारी है। इस अवसर पर जेसोवा की सचिव निक्की टोप्पो, प्रेरणा मेहता, दिव्याश्री, मन्नू झा, जगदा और रूपाली घोलप के अलावा डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, फाइन आर्ट की समन्वयक डॉ यशोधरा राठौर और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# जेइइ (मेन) में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेइइ (मेन) की परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल प्रगति पथ रांची के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। अभी तक प्राप्त परीक्षा परिणाम के आधार पर 35 से अधिक विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर जेइइ (एडवांस) के लिए क्वालीफाई किया। आकाश रंजन भारद्वाज ने 99.24 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार सहित पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही अचिंत्य कुमार ने 95.72, ऋतुराज ने 93.78 और दिशा ने 91.56 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में क्रमश द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में अपराजिता रंजन, शिवम सिंह, हिमांशु शर्मा, स्वप्निल शिवम, आशीष कुमार, स्वप्निल सौरव, रौनक कुमार, सिमरन कुमारी, आदित्य पाठक, कुमारी श्रेष्ठा, मोहित गोराई, तनीश खलखो, रौनक कुमार, आशीष टोपनो, प्रवीण चौरसिया, रणबीर देव, मानवेंद्र सिंह, आयुष्मान आनंद, हर्षित मिश्र, अबीर बर्मन और गौतम कुमार इत्यादि हैं। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता, विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य राजकिशोर शर्मा, उप प्राचार्य केआर झा और जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा जेइइ (एडवांस) 2023 में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। इस सफलता के लिए सभी ने विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया।

# वैज्ञानिक डॉ एससी प्रसाद के निधन पर बीएयू में शोक सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के अवकाशप्राप्त प्रोफेसर डॉ एससी प्रसाद का मंगलवार को मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर देहांत हो गया। वह 86 वर्ष के थे। उनके निधन पर बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाल की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने उनके वैज्ञानिक योगदान, प्रशासनिक क्षमता और मानवीय गुणों की चर्चा की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सन् 1937 में इचाक, हजारीबाग में जन्मे डॉ प्रसाद ने वर्ष 1956 में रांची कृषि महाविद्यालय में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और यूनिवर्सिटी प्रोफेसर सह मुख्य वैज्ञानिक के रूप में 1997 में अवकाश ग्रहण किया। देश-विदेश के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल में उनके लगभग 150 शोध पत्र प्रकाशित थे। झारखंड की मिट्टी एवं आबोहवा में बेहतर उत्पादन देने वाले चावल के एक दर्जन से अधिक प्रभेदों के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। जांबिया सरकार, दक्षिण अफ्रीका, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान फिलिपींस तथा इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट के लिए भी उन्होंने वर्षों तक कार्य किया। बीएयू के अवकाश प्राप्त निदेशक छात्र कल्याण डॉ जयदेव मंडल का भी बुधवार को सुबह उनके अरसंडे, कांके स्थित आवास पर देहावसान हो गया।

# पूजा सिंघल और सीए सुमन के आरोप गठन पर सुनवाई 16 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार एवं बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को हुई। अदालत ने पूजा सिंघल और सुमन कुमार के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस मामले में आरोपित राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ आरोप गठित पूर्व में हो चुका है। इडी कोर्ट ने पूजा सिंघल, सुमन और राम विनोद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि 16 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है।

बता दें कि इडी ने पांच मई, 2022 पूजा सिंघल के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में पूजा सिंघल के सहयोगी सीए सुमन कुमार के पास से कुल 19.31 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए थे। इडी ने सुमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद इडी ने पूजा सिंघल से पूछताछ की और बाद में उन्हें 11 मई, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस दौरान पूजा सिंघल को इडी ने पूछताछ के लिए दो बार रिमांड पर भी लिया था।

## पूजा सिंघल की अर्जी पर फैसला सुरक्षित

दूसरी ओर निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से संपूर्ण पुलिस पेपर मांगे जाने संबंधी अर्जी पर बुधवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया। इडी की ओर से कहा गया कि अभी अनुसंधान चल रहा है। इसलिए मामले से संबंधित सारे स्टेटमेंट आरोपित को नहीं दिया जा सकता है। पूजा सिंघल की ओर से कहा गया था कि पूरे मामले को समझने और सारे तथ्य को जानना जरूरी है। इसलिए आवश्यक दस्तावेज जरूरी है। कोर्ट ने उनका पक्ष सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा है।

# पारा चिकित्सा कर्मियों को कांग्रेस नेताओं का समर्थन, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ. राजेश गुप्ता छोटू ने पारा चिकित्सा कर्मियों के आंदोलन का समर्थन किया है। इनलोगों ने पारा चिकित्सा कर्मियों के नियमितीकरण और मानदेय बढ़ाने को लेकर राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

इस बाबत उचित कार्रवाई करने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक दल नेता आलमगीर आलम और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को भी प्रतिलिपि दी है। स्थायीकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर राज्य के लगभग सात हजार पारा चिकित्सा कर्मी राजभवन के समक्ष पिछले 23 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल और आमरण अनशन पर हैं। कांग्रेस नेताओं ने प्रतनिधिमंडल का कहा है कि 15 वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन अब अपना हक मांग रहे हैं। आमरण अनशन के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में गंभीर अवस्था में एडमिट भी हुए हैं। मगर इनकी सुननेवाला तक कोई नहीं।

कांग्रेस नेताओं ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा कहा है कि आपके नेतृत्व में राज्य सरकार पुरानी पेंशन योजना, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, मनरेगा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, पारा शिक्षकों के लिए बेहतर निर्णय लेने जैसे काम किये हैं। नियमितीकरण के मामले में भी कार्य शुरू हो चुके हैं। पारा चिकित्सा कर्मियों का कोरोना काल में योगदान अमूल्य, अतुलनीय है। ये सभी चिकित्सा कर्मी दक्ष लोग हैं और झारखंड के स्थायी निवासी हैं और सबसे बड़ी बात वास्तविकता में पारा चिकित्सा कर्मी असली कोरोना योद्धा हैं। इनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की मांग की है।

## श्रद्धांजलि सभा सह काव्य गोष्ठी का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** लेखिका व कवियत्री प्रतिभा सिंह व उनके परिवार द्वारा दिवंगत कवियत्री एवं साहित्य सेविका गरिमा पाठक की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान 'श्रीराम निवास' कांके बोड़या में श्रद्धांजलि सभा सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की गणमान्य कवयित्रियों ने भाग लिया। गोष्ठी में उपस्थित सभी लेखिकाओं द्वारा गरिमा पाठक को भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा संकलित एवं संपादित पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। बेंगलुरु के राही राज की संस्था 'कारवां' द्वारा प्रकाशित साझा संग्रह 'उगता सूरज' जिसका संपादन गरिमा पाठक द्वारा किया गया था। साथ ही ओड़िशा के रंगकर्मी साहित्यकार उदयन सुपकर द्वारा संपादित साझा काव्य संग्रह 'सप्तऋषि' जिसका संकलन गरिमा पाठक ने किया गया था। उनकी अनुपस्थिति में उनके अधूरे कार्यों का दायित्व वहन करते हुए उनकी दोनों पुस्तकों का लोकार्पण एवं वितरण उनके पति भोला प्रसाद पाठक द्वारा सम्पन्न कराया गया। गरिमा पाठक स्मृति में उनके द्वारा स्थापित एवं उनकी मातृ संस्था प्रेरणा दर्पण साहित्यिक सांस्कृतिक मंच एवं साहित्य 24 द्वारा दोनों ही संस्थाओं के संस्थापक हरिप्रकाश पांडेय एवं साहित्य 24 की राष्ट्रीय अध्यक्ष आ. मीना बंधन के संयुक्त सहयोग से स्मारिका का प्रकाशन किया गया था। जिसका विमोचन भी इसी अवसर पर किया गया।

झारखंड रांची की संस्था श्री सहित्यकुंज साहित्यिक मंच द्वारा शॉल से सम्मानित किया गया। रांची की ही जानी मानी कवियत्री सुनीता अग्रवाल द्वारा सबको पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरिंदर कौर 'नीलम', पूनम रानी तिवारी, राजश्री तिवारी, मनीषा सहाय 'सुमन', प्रतिमा मणि त्रिपाठी, ऋतुराज वर्षा, मीरा सिंह, नीता शेखर 'विषिका', मीना बंधन, रूपा कुमारी, प्रतिभा सिंह, भोला प्रसाद, आयुष्मान पाठक एवं राजा सिंह उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : सरला बिरला विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन**

# कुशल जीवन शैली को अपनायें : डॉ अविनाश चंद्र गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग इकाई के द्वारा हाउ टू प्रिवेंट हार्ट अटैक एंड स्टॉक इन इंडियन पापुलेशन टॉपिक पर बसंत कुमार बिरला प्रेक्षागृह में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में न्यू जर्सी यूएसए अमेरिका के प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट एमडी डॉक्टर अविनाश चंद्र गुप्ता ने अपना व्याख्यान देकर हार्ट अटैक के कारणों, प्रभाव और उसके निवारण के विभिन्न पहलुओं से विश्वविद्यालय के छात्रों प्राध्यापकों और पदाधिकारियों को परिचित कराते हुए एक कुशल जीवन शैली को अपनाये जाने की प्रेरणा दी। उन्होंने डायबिटीज, मेटाबॉलिक, ब्लड प्रेशर, स्मोकिंग, फैमिली हिस्ट्री सहित हार्ट अटैक से संबंधित कई बिंदुओं की विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में ओरेगांव यूएसए अमेरिका के प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉक्टर दिनेश रंजन ने लिवर ट्रांसप्लांट के बारे में जागरूकता प्रदान करते हुए उसके विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। बतौर विशिष्ट अतिथि ओरेगांव यूएसए अमेरिका के प्रसिद्ध बाल चिकित्सक डॉक्टर रत्नावली रंजन ने चाइल्डहुड्स के डिजीज के विभिन्न प्रकार और कारकों की चर्चा करते हुए कहा कि बालपन में बच्चों के देखभाल और खानपान का बच्चे के स्वास्थ पर काफी प्रभाव पड़ता है।

बतौर विशिष्ट अतिथि न्यू जर्सी, यूएसए अमेरिका के प्रसिद्ध इंटरनल मेडिसिन और विमेन हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ गीता गुप्ता ने महिलाओं के विभिन्न समस्याओं यथा न्यूट्रिशन हेल्थ और एनीमिया आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की। सेमिनार में आगंतुक सभी अतिथियों का परिचय एवं स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग के ट्यूटर प्रफुल्ल बारजो के द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन की नर्सिंग की प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा द्वारा प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, आशुतोष द्विवेदी, प्रो एसबी दंडीन, डॉ सुबानी बाड़ा, प्रो अमित गुप्ता, डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा, डॉ नीतू सिंह, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ पार्थ पॉल, डॉ मेघना घोष, डॉ प्रियंका, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ सौरव कुमार, डॉ मुकेश सिंह, प्रो एलजी हनी सिंह, अनुभव अंकित सहित सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## जय श्रीवास्तव बने करणी सेना के प्रदेश मंत्री



**रांची (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी व आजसू पार्टी के रांची महानगर उपाध्यक्ष जय श्रीवास्तव को करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने प्रदेश मंत्री बनाया है। अध्यक्ष ने कहा जय श्रीवास्तव को प्रदेश मंत्री बनाने से संगठन को बहुत मजबूती मिलेगी। करणी सेना के तरफ से शुभकामनाएं दी। जय श्रीवास्तव के मंत्री बनने पर विजेता वर्मा, प्रवीण सिंह, श्याम किशोर सिंह, महावीर सिंह, श्वेता सिंह, प्रियंका सिंह राजपूत, सुनील कुमार सिन्हा आदि ने बधाई दी।

## डॉ. पी नैय्यर बने जन अधिकार पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ. पी. नैय्यर को जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इस बाबत उन्होंने राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में प्रेस वार्ता की उन्होंने कहा की प्रदेश स्तर पर कई और अनुभवी लोगों को पार्टी से जोड़ने की योजना है। और पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा बहुत जल्द करेगी इसके अलावा जिला स्तर पर पार्टी अपने पदाधिकारियों को विस्तार कर जिला स्तरीय कमेटी का गठन व विस्तार करेगी। उन्होंने कहा की बहुत दिनों से झारखंड में लगातार 1932 के आधार पर खतियान आंदोलन चल रहा है झारखंड और यहां के युवाओं के व्यापक हित को देखते हुए पार्टी 1932 का समर्थन करती है। पार्टी के नए मनोनीत कार्यसमिति सदस्यों विजय कुमार सिंह, मनोज प्रसाद, शब्बीर अंसारी, ओम प्रकाश, राम जनम कुशवाहा, केके सिंह, अरविंद पांडेय, संतोष सोनी, विश्वजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## काली टावर में खुला यूनिफॉर्म बीस



**रांची (आजाद सिपाही)।** यूनिफॉर्म बीस का उद्घाटन शॉप नंबर 7 काली टावर लालपुर में किया गया। यूनिफॉर्म खोलने का उद्देश्य सभी छात्र छात्राओं को उचित दाम पर यूनिफॉर्म उपलब्ध कराना है। यूनिफॉर्म बीस पिछले 36 वर्षों से यूनिफॉर्म की सेवा में लगातार लगा हुआ है। इनका अपना मैन्युफैक्चरिंग भी है। होम डिलीवरी की सेवा भी उपलब्ध है। दुकान में बिशप स्कॉट बॉयज स्कूल, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, सरला बिरला पब्लिक, उर्सलाइन स्कूल इंटर कॉलेज का यूनिफॉर्म एवं स्पोर्ट्स से जुड़ी ट्रॉफी, मॉडल, जैकेट जनरल समान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इन सभी चीजों का आर्डर लिया एवं बनाया जाता है। यह जानकारी दुकान के संचालक हरीश धनानी ने दी।

## डीएसपीएमयू में मनाया गयी दादा प्रफुल्ल कुमार राय की जयंती



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग में नागपुरी भाषा के विद्यार्थियों ने दादा प्रफुल्ल कुमार राय (भारतेंदु )का जन्म दिवस( जयंती) बहुत ही धूमधाम से मनाया। जिसमें डॉ रामदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नागपुरी के साथ-साथ झारखंड की जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के विकास में और नए विभाग की स्थापना में उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान था। साथ ही नागपुरी भाषा विभाग के शिक्षक डॉ मनोज कच्छप ने कहा कि प्रफुल्ल कुमार राय साहित्य क्षेत्र में एक बड़े हस्ताक्षर थे। कार्यक्रम में सभी छात्र शामिल हुए इस दौरान दादा प्रफुल्ल कुमार के जीवन के बारे में एक-एक करके बहुत सुंदर ढंग से बताया गया।

## सीआइपी के वार्षिक खेल 2023 का हुआ समापन



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीआइपी के वार्षिक खेल 2023 का समापन 08 फरवरी 2023 को हुआ। आज सीआईपी वार्षिक खेलकूद का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। यह पुरुष और महिला रोगियों में एक महीने तक चलने वाला उत्सव था, छात्रों, निवासियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने विभिन्न ट्रैक और फील्ड कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया था। डॉ. जयति समलाई, निदेशक, आरआईएनपीएएस आज के समारोह के मुख्य अतिथि थे और श्री कोनार, संस्थान के प्रमुख, आईआईएलएम, कांके सम्मानित अतिथि थे। सभी विजेताओं के बीच पुरस्कार मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि प्रो. बासुदेब दास, निदेशक, सीआईपी, डॉ. जे.एस. कच्छप और डॉ. अविनाश शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर सह प्रशासनिक अधिकारी प्रभारी द्वारा वितरित किए गए।

## मो कलाम को न्याय और जानमाल की रक्षा के लिए परिजनों ने राज्यपाल से लगायी गुहार

**रांची (आजाद सिपाही)।** कुटे निवासी मो कलाम को न्याय और जानमाल की रक्षा के लिए परिजनों ने राज्यपाल से गुहार लगाया। बुधवार को मो कलाम के परिजन रांची स्थित राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना देकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। वहीं कलाम अंसारी ने कहा कि आखिर नामजद अभियुक्त मुंतजीर अहमद रजा की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही हैं। इसे लेकर उच्च अधिकारियों से भी फरियाद कर चुका हूं। इसके बाद भी अबतक कार्रवाई नहीं हुई। अब राज्यपाल से ही उम्मीद बची है कि हमारे गुहार को सुनेंगे और हमें न्याय दिलाएंगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि मुंतजीर अहमद रजा के द्वारा प्रत्येक दिन केस उठाने का धमकी दी जा रही है। कहा जा रहा है केस नहीं उठाओगे तो जान से मार दूंगा। बता दें कि अनगड़ा थाना क्षेत्र के सीताडीह गांव के पास रेलवे ट्रैक पर 26 सितंबर 2022 को सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे निवासी मो कलाम अंसारी का दोनों पैर काटने का मामला है। इस मामला पर संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया था, वही मुख्य अभियुक्त आरोपी मुंतजीर अहमद रजा की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# टीपीसी के 4 नक्सली गिरफ्तार 2.80 लाख नगद, दो पिस्तौल मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में टीपीसी नक्सली संगठन के 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के द्वारा रामगढ़ जिले के व्यवसाईयों को निशाना बनाया जा रहा था। लेवी की रकम वसूलने के लिए व्यवसायियों पर जानलेवा हमला किया जा रहा था। इस मामले की जानकारी बुधवार को एसपी पियूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सली संगठन टीपीसी के सक्रिय सदस्य है। जिसमे, लातेहार जिले के बनपुर गांव निवासी नवनीत कुमार, रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत इचापीरी गांव निवासी महेंद्र गंझू, हफुआ गांव निवासी शाहइमाम अंसारी और वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के परेज निवासी पवन राणा शामिल हैं।



### कई जिलों में इन नक्सलियों ने मचा रखा था तांडव

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि संगठन के इन नक्सलियों ने कई जिलों में अपना आतंक फैला रखा था। रामगढ़ जिले के अलावा चतरा और लातेहार जिले में भी लेवी वसूलने के लिए इन लोगों ने व्यवसायियों पर जानलेवा हमला किया है। लगभग आधा दर्जन जिलों में इनके अपराधी इतिहास दर्ज हैं।

### नक्सलियों के पास से बरामद सामान

नक्सलियों के पास से दो मोटरसाइकिल, एक देशी पिस्तौल, तीन जिंदा गोली, एक देशी कट्टा और मोबाइल सेट जब्त किया गया है। इसके अलावा नक्सलियों के पास से नगद 2 लाख 80 हजार रुपए भी मिले हैं।

### टीम में ये थे शामिल

छापामारी टीम में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पुलिस निरीक्षक पतरातू रोहित कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह कुंतिया, राजदीप कुमार, मयंक प्रसाद, सोनू कुमार साहू सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### दो कोयला व्यवसायियों पर हुआ था जानलेवा हमला

एसपी पियूष पांडे ने बताया कि रामगढ़ जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर कोयला व्यवसाई को नक्सलियों ने निशाना बनाया था। 23 जनवरी को पतरातू सरैया टोला जयनगर निवासी कोयला व्यवसाई गजानंद प्रसाद उर्फ गज्जू पर गोली चली थी। इससे पहले 10 जनवरी को रामगढ़ थाना क्षेत्र के विकास नगर इलाके में कोयला व्यवसाई नेपाल यादव पर जानलेवा हमला हुआ था। एसपी ने बताया कि गजानंद प्रसाद उर्फ गज्जू अपनी कार जेएच 01ईडब्लू 4526 से बरकाकाना से घर लौट रहे थे। इसी दौरान भुरकुंडा बाजार में घात लगाए दो नक्सलियों ने उन पर गोली चला दी थी। गोली गाड़ी पर ही लगी थी।

# उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आज

### सीपीसी कॉलेज, कामता, गोला में होगा सम्मेलन, सुदेश महतो होंगे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज सीपीसी कॉलेज, कामता, गोला, रामगढ़ में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।सम्मेलन को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि चूल्हा प्रमुख सम्मेलन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सम्मेलन में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी चूल्हा प्रमुख मौजूद रहेंगे। इस दौरान चूल्हा प्रमुख के दायित्वों एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी। डॉ. भगत ने कहा कि चूल्हा प्रमुखों का चयन जनता एवं उनके परिवार के साथ संपर्क एवं समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य के साथ हुआ है, उनका मनोनयन जनमानस के बीच जाकर एक साधारण परिवार के साथ खड़ा होकर अपने दल के नेतृत्व को स्थापित करने के लिए हुआ है।



## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी के लिए उद्घाटन बैठक आयोजित

**रांची (आजाद सिपाही)।** आज दिनांक 8-2-2023 को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार कांके प्रखंड कांग्रेस कमिटी की हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी के लिए उद्घाटन बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अथिति के रूप मे जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा, प्रदेश डेलीगेट रति लाल महली, प्रखंड प्रभारी चंद्र रश्मि पिंगुआ, अजय साहू, डॉ.बिरसा उरांव, निशा भगत एवं मदन महतो उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों की सूची का भौतिक सत्यापन किया गया और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु सर्वसम्मति से पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए नये लोगों को पार्टी से जोड़ने एवं डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी का कार्यालय जल्द से जल्द खोलने का भी निर्देश दिया। आज की इस बैठक में मुख्य रूप से गौरीशंकर महतो, विनोद साहू, चंदन बैठा,गुलजार अहमद, जमील अख्तर, अशोक गोप, लाला महली, अनिल लिण्डा, मंजू कश्यप, मनीष कुमार महतो, सुनीता मिंज, मुस्ताक आलम, अफजल अंसारी, योगेंद्र उरांव, रंजन लकड़ा, अरविंद राम, अशोक कुमार महतो, अर्जुन मुंडा, रीता चौधरी, आरती ,पुष्पा,रेशमा बेगम, संजू देवी सीमा देवी, कुंती देवी, इनामुल अंसारी, मैनुल अंसारी, चांद मंसूरी, राजू राम, लाल चंद सोनी, विनोद सांगा सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मृतक प्रियांशु के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एसपी से मिला अधिवक्ता संघ

आजाद सिपाही, संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक युवक प्रियांशु की हत्या कांड को अंजाम देने वाले लोग अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। इस गंभीर आरोप के साथ बुधवार को अधिवक्ता संघ के लोग रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे से मिले। अधिवक्ताओं के साथ मृतक प्रियांशु के पिता मनोज कुमार भी वहां मौजूद थे। उन्होंने रामगढ़ एसपी को आवेदन भी सौंपा। जिसमें गोला थाना प्रभारी और रामगढ़ एसडीपीओ पर उचित जांच और कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। मनोज कुमार ने इस आवेदन में लिखा है कि प्रियांशु की हत्या कांड में सिर्फ रोशन को गिरफ्तार किया गया है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार प्रियांशु पर कई लोगों ने हमला किया था। प्रियांशु को फंसाने के लिए रोशन ने अपनी प्रेमिका निशा कुमारी उर्फ निशू का भी इस्तेमाल किया था। इसके अलावा कई अन्य साथी भी थे जो पहले से घटनास्थल पर मौजूद थे। ऐसे कई साक्ष्य पुलिस के समक्ष आए हैं, लेकिन पुलिस ने उन सारे साक्ष्यों को दरकिनार कर सिर्फ रोशन को गिरफ्तार कर खानापूर्ति करने का काम किया है। मनोज कुमार ने यह भी कहा है कि जिस तरीके की जांच पुलिस कर रही है उससे उनका पूरा परिवार दहशत में है। हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें यह संदेह है कि उनके घर के लोगों के साथ हत्या जैसी वारदात की पुनरावृति हो सकती है। रामगढ़ एसपी ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### धर्मरक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विहिप ने की बैठक

# संत रविदास की जयंती भी मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद जिला समिति की बैठक बुधवार को शहर के होटल ला-मारिटल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिलाध्यक्ष डॉ आलोक चौधरी ने किया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से विहिप झारखंड प्रांत के कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख एवं रामगढ़ जिला पालक मिथिलेश्वर मिश्र, नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह, जिला मंत्री छोटू वर्मा एवं बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार उपस्थित हुए। मौके पर मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा केंद्रीय योजनानुसार हमारे झारखंड प्रांत मे 12 से 26 फरवरी तक धर्म रक्षा निधि समर्पण संपन्न करना है। जिला के हर प्रखंडो में चलने वाली धर्मरक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम को सफल होने पर चर्चा की। चर्चा के बाद जिला समिति, प्रखंड पालक, प्रखंड समिति, बजरंगदल प्रखंड सयोजक एंव एवं सभी आयाम के प्रमुख सदस्यों ने अपना अपना समर्पण तय किया गया।



**बैठक में संत रविदास जयंती मनी**

बैठक में संत रविदास की जयंती भी मनायी गयी। जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनके जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला और कहा कि संत रविदास जी का समाज समाज से जाते जातिगत भेदभाव को मिटाकर एक सूत्र में बांधने के लिए महान योगदान रहा है।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में जिला मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, बजरंग दल जिला मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर, दिवाकर महतो सुनील ठाकुर, अंकित कुमार, विनोद कुमार शर्मा, दानिश पटेल, विजय गोयनका, बबलू शर्मा, गणेश कुमार, संतोष सिंह, अभय वर्मा एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India, PHONE : 0671-2367768-783,
FAX: 0671-2367663, E-mail: director.nrri@icar.gov.in/sao.nrri@icar.gov.in
Advertisement No. 48/PA-I/PA/AFO/2022-23
Walk-in-Interviews are to be held on 22.02.2023 for selection of one (01) Project Associate-I (PA-I) and on 23.02.2023 for selection of one (01) Project Assistant (PA) and one (01) Agricultural Field Operator (AFO) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Improving Rice Genetics and Its Ecosystem Through Genome Engineering and Bioagents to Reduce Dependency on Chemical N2 Fertilizer" (EAP-392). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.
PRINCIPAL INVESTIGATOR

## पूरे झारखंड में किसके इशारे पर शराब में ओवर प्राइस का हो रहा है खेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के उत्पाद विभाग के अधिकारी हो रहे हैं। बदनाम इधर शराब माफियाओं का खुलेआम चल रहा है। शराब दुकानों पर ओवर प्राइस करवाने का खेला जबकि नये उत्पाद आयुक्त द्वारा शराब कि कीमत को कम किया किया गया है। जनवरी से ही इधर दिनांक 2/2/ 2023 से पूरे राज्य में 10,20,30 रूपया शराब में खुलेआम बढ़ोतरी कर दिया गया है। यह किसके इशारे पर हो रहा है और बीयर किंग फिसर 160/एमआरपी होने के बाबजूद भी बियर 180 में बेचा जा रहा है। इधर उत्पाद आयुक्त द्वारा बार-बार प्राइस पर पूरे राज्य में निर्देश जारी किया है कि ओवर प्राइस करने पर विभाग कार्रवाई करेंगी पर कार्रवाई किसपर होती है। दुकान के कर्मचारियों पर जबकि होना चाहिए था दुकान संचालन करने वाले प्लेसमेंट एजेंसी एवम कोआर्डिनेटर पर लेकिन ऐसा नहीं होता है। कभी भी कोई भी पब्लिक जाकर खरीदारी करता है। आये दिन झगड़ा होता है झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने कहा कि ओवर प्राइस को लेकर कर्मचारी बोलता है कि मुझे एजेंसी द्वारा ओवर प्राइस करने को बोला गया है ये वाक्या कल रात्रि 7.30 बजे का है कि है अरगोड़ा चौक शराब दुकान कि उसका विडियो भी बनाया गया जो उत्पाद आयुक्त झारखंड को रात्रि में ही वाट्सअप किया गया है। 2 दिन पहले भी सर्कुलर रोड स्थित डोज नाम कि झारखंड के बड़े शराब की दुकान में भी खरीदारी की गई थीं। वहां भी ओवर प्राइस खुले आम लिया जा रहा है। उसकी भी शिकायत राज्य के उत्पाद आयुक्त को रात्रि 9 बजे दी गई थीं, उस पर कार्यवाई करने का आश्वासन दिया गया है। ओवर प्राइस से एजेन्सी मालोमाल है जनता परेशान है रोज विभाग को जानकारी दी जाती है। उसके बावजूद भी किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगाया जाता है। इसका मतलब साफ है कि राज्य के ऊंचे पदाधिकारी का श्रेय है। इन माफियाओंप्लेसमेंट एजेंसी द्वारा ही इधर हाल में ही राज्य से दूकान संचालन करने के लिए फरवरी और मार्च तक के लिए ठेका दिया गया है। ऊंचे कीमत पर इसलिए अचानक 02/02/2023 फरवरी से राजधानी समेत पूरे राज्य में शराब कि कीमत बढ़ा दी गई है। खुलेआम कभी भी किसी भी दुकान से खरीदारी की जा सकती है। आये दिन मीडिया पेपर द्वारा भी निकाली जाती है। रेट की बढ़ोतरी का फिर भी कोई कार्रवाई प्लेसमेंट एजेंसी पर नहीं हो रही है। या इन माफियाओं पर नहीं हो रही जो खुलेआम ओवररेट से माल बेचने के लिए कर्मचारी पर दवाब दिया जा रहा है। कर्मचारी क्या कर सकता है, उसे नौकरी करनी होती है लेकिन विभाग द्वारा खानापूर्ति के लिए कर्मचारी परकी जाती है। एजेंसी को रद्द नहीं किया जाता है जबकि पहले कोई भी दुकान में ओवर प्राइस होता था तब दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जाता था और गरीब कर्मचारी को फंसाया जाता है। प्लेसमेंट एजेंसी पर कभी कोई केस नहीं होता है। अनौपचारिक रूप से पूरे राज्य को शराब माफियाओं के हाथ में दे दिया गया है। इसलिए अचानक फरबरी माह से ओवर प्राइस का खेला शुरू होगया है। इस पर कभी कोई जांच नहीं की जा रही है। आखिर इतनी हिम्मत कहां से एका एक मिली अभी अधिकारी चुप बैठे हैं। जनता लूटी जा रही है। उत्पाद मंत्री एवम उत्पाद सचिव चुप क्यू है राज्य बदनाम हो रहि है।

# झामुमो नेता सोनाराम मांझी की गाड़ी पर अपराधियों ने चलायी गोली

### पत्नी बाल-बाल बचीं, सोनाराम सुरक्षित



आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू बरटोला पारगढा निवासी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह कर्मचारी शाख सहयोग समिति लिमिटेड के सचिव सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी की गाड़ी नं जेएच 01 डी एन-1313 एक्सयूवी में उरीमारी पहाड़ी शिव मंदिर के समीप संध्या करीब 6:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने चलाई गोली। प्राप्त जानकारी अनुसार सोनाराम मांझी की पत्नी पोटंगा पंचायत समिति सदस्य बभनी देवी अपने रिश्तेदार के यहां से लौट रही थीं। इसी क्रम में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी का पिछा कर गाड़ी के पिछले गेट दाहिने तरफ एक गोली मारी।उस वक्त गाड़ी के पिछले सीट पर सोनाराम मांझी की पत्नी बैठी हुई थी और ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। श्री मांझी की पत्नी बाल बाल बची वह सुरक्षित है।गोली चलाने के बाद अपराधी जरजरा चौक की ओर भाग निकले। वहीं गोली की आवाज को ड्राईवर ने समझा कि गाड़ी का टायर फट गया है। तत्पश्चात गाड़ी के ड्राइवर ने गाड़ी को किनारे लगाने के बाद उतर कर देखा तो गाड़ी के पिछले गेट पर छेद दिखाई दिया तब उसे समझ में आया कि गाड़ी में गोली चली है। इसकी जानकारी सोनाराम मांझी को देते हुए गाड़ी को आनन फानन में भगाते हुए श्री मांझी के घर पहुंचा दिया। बताते चलें कि सोनाराम मांझी न्यू बिरसा पोटंगा सेल संचालन समिति का संरक्षक भी है। जिससे आये दिन रंगदारी को लेकर किसी न किसी फोन आते रहता है। तत्पश्चात गोली चलने की घटना को लेकर मौखिक रूप से उरीमारी ओपी प्रभारी को दी गई। इसके बाद पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए जांच शुरू कर दी। गोली लगने की घटना की जानकारी होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह विस्थापित नेता संजय करमाली,पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली, नागेंद्र सिंह, सूरज बेसरा, गणेश गंझू, संतोष सिंह,जीतन मुंडा, रामदुलार साव, कृष्णा साव, डॉ जी आर भगत, अनूप सिंह, विनोद हेंब्रम, राजीव सिन्हा सहित दर्जनों लोग पहुंच कर जानकारी ली।



## लोकसभा में स्वस्थ चर्चा

संसद के मौजूदा सत्र में बजट पेश किये जाने के बाद पिछले तीन दिनों से जारी गतिरोध आखिर मंगलवार को टूटा और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर शांतिपूर्ण, सार्थक चर्चा हुई। इससे पहले अडाणी ग्रुप के खिलाफ आयी हिंडनबर्ग रिपोर्ट और उसके बाद के घटनाक्रम को लेकर जांच की मांग करते हुए विपक्ष ने संसद का चलना नामुमकिन कर रखा था। इसमें दो राय नहीं कि यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है और इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच करवाने की मांग के पीछे विपक्ष के अपने तर्क हैं। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि संसद में अपनी बात रखना, उस पर जोर देना और इस क्रम में जरूरी होने पर संसद की गतिविधि न चलने देना या उसका बहिष्कार तक करना विपक्ष का लोकतांत्रिक हथियार होता है। इन हथियारों के इस्तेमाल के जरिए विपक्ष जनमत को आश्वस्त करता है कि संख्या में कम होने के बावजूद वह संसद के मंच पर सरकार से जवाब-तलब करने, उसकी जिम्मेदारी तय करने के अपने दायित्व को लेकर गंभीर है। लेकिन लोकतंत्र के ही हक में यह भी जरूरी है कि विपक्ष अपने इन हथियारों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल को लेकर हमेशा सतर्क रहे। आखिर संसद के होने का क्या मतलब रह जाएगा अगर वहां विभिन्न महत्वपूर्ण मसलों पर पक्ष और विपक्ष के बीच स्वस्थ बहस नहीं होगी। यही वजह है कि विपक्ष को विरोध का अपना तरीका चुनने का पूरा अधिकार देते हुए भी अपेक्षा की जाती है कि बहिष्कार अपवाद के तौर पर आये और बहस के रूप में संसद के इस मंच का सदुपयोग नियम बना रहे। व्यापक रूप में देखा जाए तो आजादी के बाद से अब तक विपक्ष में चाहे जो भी दल रहे हों, आम तौर पर उन्होंने इस मंच का बेहतरीन इस्तेमाल सुनिश्चित किया है। मगर यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह अनुपात कभी बिगड़ा ही नहीं। ऐसे मौके भी आये जब लगभग पूरा सत्र ही विरोध, हंगामे और बॉयकॉट की भेंट चढ़ गया। पिछले तीन दिनों से जिस तरह का गतिरोध पक्ष और विपक्ष के बीच बना दिख रहा था, उसमें यह आशंका बनने लगी थी कि कहीं इस बार भी कामकाज औपचारिकताओं तक सीमित न रह जाए। मगर सोमवार शाम और मंगलवार सुबह हुई बैठकों में विपक्षी दलों के नेतृत्व ने महसूस किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद में चर्चा नहीं होने देने से अच्छा संदेश नहीं जाएगा। इसीलिए लगभग समूचे विपक्ष ने तय किया कि जेपीसी की अपनी मांग पर कायम रहते हुए भी वह सदन के अंदर बहस में शामिल होगा। इसके बाद मंगलवार को सदन में कामकाज चला। दोनों पक्षों की ओर से भाषण हुए, कई विपक्षी नेताओं खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण को काफी तीखा भी माना गया, लेकिन न सदन में ज्यादा शोरगुल, हंगामा हुआ और न ही कामकाज स्थगित करने की नौबत आयी। मतभेद, असहमति और विरोध के बीच पक्ष-विपक्ष की यही परिपक्वता भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देती है।

**संसद के मौजूदा सत्र में बजट पेश किये जाने के बाद पिछले तीन दिनों से जारी गतिरोध आखिर मंगलवार को टूटा और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर शांतिपूर्ण, सार्थक चर्चा हुई। यह विपक्ष का दायित्व भी है कि दोनों सदनों में स्वस्थ चर्चा हो।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नागपुर के अखाड़ों से तैयार हुआ संघ मौजूदा समय में विराट रूप ले चुका है। संघ ने समाज के सभी वर्गों से व्यक्तिगत संपर्क और संवाद की अपनी अनोखी कार्यपद्धति के कारण बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना अत्यंत शांतिपूर्ण ढंग से किया है। अपनी स्थापना से लेकर आज तक बिना किसी आधार के जितनी आलोचनाएं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने झेली, शायद ही दुनिया के किसी संगठन ने झेली।**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राजनीति



सुखदेव वशिष्ठ

दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में अपना शताब्दी वर्ष मनायेगा। नागपुर के अखाड़ों से तैयार हुआ संघ मौजूदा समय में विराट रूप ले चुका है। संघ ने समाज के सभी वर्गों से व्यक्तिगत संपर्क और संवाद की अपनी अनोखी कार्यपद्धति के कारण बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना अत्यंत शांतिपूर्ण ढंग से किया है। अपनी स्थापना से लेकर आज तक बिना किसी आधार के जितनी आलोचनाएं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने झेली, शायद ही दुनिया के किसी संगठन ने झेली। देश में जिन्होंने तुष्टिकरण का एजेंडा चलाया, संघ उनके निशाने पर रहा और आज बॉर्डर के बाहर जो देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं, वो भी इस संगठन को पानी पी-पीकर कोसते हैं। नये भारत के निर्माण की जिम्मेदारी वाले हाथों के निर्माण की नींव में संघ के विचारों का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

संघ ने हमेशा ही शब्दों एवं विमर्शों द्वारा बदलाव की अपील करने की जगह सामाजिक-आर्थिक यथार्थ से जूझने का काम किया। जैसे शिक्षा के क्षेत्र में दूर-दराज इलाकों में स्कूल खोलकर उसका प्रसार करना। आदिवासी एवं दलितों के बीच में सेवा द्वारा उनके रोजगार एवं अन्य आर्थिक समस्याओं का निदान करते हुए उनका सशक्तिकरण करना। आज इसके द्वारा देशभर में दो लाख के लगभग उपक्रम चल रहे हैं, जिसमें राज्य का कोई योगदान नहीं है।

**संघ स्थापना के समय से ही सम्पूर्ण समाज का संगठन रहा है।**

'ईशावास्य उपनिषद' के पांचवें मंत्र में आत्म तत्व का वर्णन इस प्रकार हुआ ह-

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके ...
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ...

अर्थात 'वह आत्म तत्व चलता है और नहीं भी चलता है। वह दूर है और समीप भी है। वह सब के अंतर्गत है और वही सब के बाहर भी है।'

संघ पर भी यही मंत्र लागू होता है। संघ सम्पूर्ण समाज का संगठन है। समाज के विद्यार्थी, मजदूर, शिक्षा, सेवा, राजनीति, धार्मिक आदि विभिन्न क्षेत्र हैं। पर संघ, किसी एक अंग का संगठन नहीं है, वह सम्पूर्ण समाज का संगठन है। संघ का स्वयंसेवक सामाजिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, राजनीति, सेवा, धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में सक्रिय होते हुए भी संघ इसमें से केवल कोई भी एक संगठन नहीं है। संघ स्थापना के समय से ही सम्पूर्ण समाज का संगठन रहा है।

हमारे देश में बहु दलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था है। संघ के सम्पूर्ण समाज का संगठन होने के नाते यह भी स्वाभाविक ही है कि समाज का कोई भी क्षेत्र संघ से अछूता नहीं रहेगा और स्वयंसेवक सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय दृष्टि लेकर जाएंगे। ऐसे में चूंकि कुछ स्वयंसेवक राजनीति में सक्रिय हैं, इसलिए संघ राजनीति करता है, या वह राजनीतिक दल है, यह कहना अनुचित ही होगा। राजनीतिक दल समाज के केवल एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं और समाज का दूसरा हिस्सा भी होता है।

संघ जब सम्पूर्ण समाज का संगठन है तो यह 'सम्पूर्ण' किसी एक 'हिस्से' का हिस्सा कैसे बन सकता है? चुनाव लोकतंत्र का उत्सव होने के कारण अधिकाधिक मतदान हो और वह स्थानिक मुद्दे या छोटे विषयों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय दृष्टिकोण से समुचित विचार कर राष्ट्र के हित में लोग मतदान करें, ऐसा जनजागरण भी स्वयंसेवक एक जागृत नागरिक के नाते करते हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गृहमंत्री सरदार पटेल द्वारा संघ को कांग्रेस में विलीन करने का प्रस्ताव आने पर श्री गुरुजी ने उसे स्वीकार नहीं किया क्योंकि संघ एक दल बनना नहीं, अपितु सम्पूर्ण समाज का संगठन बनना चाहता था। राजनीति में एक राष्ट्रीय विचार के दल की आवश्यकता को ध्यान में रख कर संघ ने यह रिक्तता पूरी करनी चाहिए, ऐसा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी द्वारा प्रस्ताव आने पर श्री गुरुजी ने उन्हें स्पष्ट कहा कि यह काम आप कीजिए, संघ आपको सहायता करेगा, परंतु संघ सम्पूर्ण समाज के संगठन का अपना कार्य ही करता रहेगा।

आपातकाल के बाद 1977 के लोकसभा के चुनाव के समय जनता पार्टी की सरकार बनाने में संघ स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान था। अनेक दलों को लेकर बनी जनता पार्टी में, अर्थात सत्ता में, सहभागी होने का आकर्षक प्रस्ताव आने पर भी तत्कालीन सरसंघचालक श्री बालासाहेब देवरस ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए यह कहा कि विशिष्ट परिस्थिति में संघ इस चुनाव में सहभागी हुआ था। अब संघ अपने नियत कार्य, सम्पूर्ण समाज के संगठन के कार्य में ही लगेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में , ' स्वयंसेवकों को यह भी सीख मिली है कि अच्छे काम कौन कर रहा है, यह मत देखो कि वह अपना समर्थक है या विरोधी है, यह मत देखो, अगर वो प्रमाणिकता के साथ कर रहा है, समाज की भलाई के लिये कर रहा है, तो उसमें सहयोग करना चाहिये ।' संघ का मुख्य काम व्यक्ति निर्माण का है। निर्मित व्यक्ति भी सामान्य नागरिकों की तरह जीवन के सभी अंगों में सहभाग किसी के प्रति वैर और अधिक दोस्ती के बिना राष्ट्र हित के भाव के साथ करते ही हैं।



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में , ' स्वयंसेवकों को यह भी सीख मिली है कि अच्छे काम कौन कर रहा है, यह मत देखो कि वह अपना समर्थक है या विरोधी है, यह मत देखो, अगर वो प्रमाणिकता के साथ कर रहा है, समाज की भलाई के लिये कर रहा है, तो उसमें सहयोग करना चाहिये ।' संघ का मुख्य काम व्यक्ति निर्माण का है। निर्मित व्यक्ति भी सामान्य नागरिकों की तरह जीवन के सभी अंगों में सहभाग किसी के प्रति वैर और अधिक दोस्ती के बिना राष्ट्र हित के भाव के साथ करते ही हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

# गोदरेज ग्रुप ने पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट किया लॉन्च

**कंपनी के वीपी नेविल मेवा वाला ने लौहनगरी में नये प्रॉडक्ट की विस्तार से जानकारी दी**





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोदरेज ग्रुप ने भारत में एक अलग पहचान बना चुकी है। बुधवार को कम्पनी के वीपी नेविल मेवा वाला ने लौहनगरी में मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के सोलियत होने वाले नए प्रॉडक्ट का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया औद्योगिक विकास में कारपोरेट जगत के उत्पादन प्रक्रियाओं में काफी बदलाव आया है। गोदरेज ग्रुप ने पर्यावरण के अनुकूल को देखते हुए इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट के नये मॉडल का निर्माण किया है। गोदरेज एण्ड बॉयस ने यह घोषणा की है इसके व्यवसाय में गोदरेज मैटेरियल हैण्डलिंग ने अपनी पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद श्रेणी में पोर्टफोलियो को मजबूत किया है।

कंपनी की नजर वित्त वर्ष 2024 तक भारत में इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट्स के बाजार में 28% हिस्सेदारी हासिल की है। जमशेदपुर के स्टील और आयरन कंपनी इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट को अपनाकर मैन्युफैक्चरर्स पूर्वी भारत में स्थायी उत्पादन की ओर आसानी से बढ़ने में सक्षम होंगे। गोदरेज मैटेरियल हैण्डलिंग भारत में 5 टन इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट का उत्पादन करने वाली पहली कंपनी है। इसकी इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट की 10% बिक्री भारत के पूर्वी क्षेत्र में है।

उन्होंने बताया कि गोदरेज मैटेरियल हैण्डलिंग में हम अपने 'गुड एण्ड ग्रीन' उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया यह न केवल एक सही विकल्प है, बल्कि इसका बड़ा आर्थिक महत्व भी है। इसके साथ हमारा लक्ष्य बाजार में ऐसे उत्पाद एवं समाधान लेकर आना है, जो भारत में आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स सेगमेंट को ज्यादा सक्षम और स्थायी बना सके। यूनो इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट ट्रक अधिकतम आउटपुट देने के लिये बनाया गया है। नया यूनो प्लेटफॉर्म पुराने वर्जन से 10% ज्यादा ऊर्जा दक्ष है। इसमें ऊर्जा का कम नुकसान होता है और इसमें उच्च वोल्ट सिस्टम भी दिया गया है। इसके इस्तेमाल से कार्बन फुटप्रिंट में उल्लेखनीय आएगी। मैटेरियल हैण्डलिंग का काम भी ज्यादा बढ़िया होगा।

वीपी नेविले मेवा वाला ने कहा इलेक्ट्रिक-पावर्ड फोर्कलिफ्ट्स के परिचालन की लागत 20% तक कम होती है। ये बहुत कुशल तथा बहुपयोगी होते हैं। इसलिये ये डीजल फोर्कलिफ्ट ट्रकों से बेहतर हैं। ब्रावो इलेक्ट्रिक सीरीज में ट्विन मोटर टेक्नोलॉजी व वेट डिस्क ब्रेक्स लगे हुए हैं। जो डीजल का परफॉर्मेंस और इलेक्ट्रिक के फायदे देते हैं। इससे मांग वाले प्रयोगों और संकरी जगहों में उत्पादकता मिलती है। इसकी मशीनरी चलाने में आसान होती है। यह पर्यावरण के लिये सुरक्षित भी है। गोदरेज पीआरओ सीरीज का रीच ट्रक दो शिफ्टों में काम कर सकता है। इसमें सिंगल हायर कैपिसिटी बैटरी होती है। जो कार्यस्थल पर ज्यादा सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

उन्होंने कहा तीव्र विकास और मैन्युफैक्चरसर्स की स्थायी पहलों के कारण पूर्वी भारत में डीजल से इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट का महत्व बढ़ाए गये हैं। बाजार में इलेक्ट्रिक ट्रकों की हिस्सेदारी 65% है, जोकि चार साल पहले 57% थी। इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट का उत्पादन गोदरेज मैटेरियल हैंडलिंग द्वारा किया जाता है। 1.5 से लेकर 5 टन तक की फोर्कलिफ्ट श्रेणी में एक शक्तिशाली संपत्ति है। इसमें अत्याधुनिक एर्गोनॉमिक्स, ज्यादा सुरक्षा, बेहतर विजिबिलिटी और हर चार्ज के साथ परिचालन का ज्यादा लंबा समय मिलता है। ऐसे आधुनिक उत्पादों के साथ गोदरेज एण्ड बॉयस हमेशा वैश्विक टेक्नोलॉजी को भारतीय उपभोक्ताओं के लिए व्यावहारिक बनाने में हर संभव आगे रहती है।

इस अवसर पर वीपी नेविल मेवा वाला के साथ जीएम सुमित बंसल, ईस्ट इंडिया हेड स्वागत लिंका व अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# भाजपा महानगर की जिला कार्यसमिति की बैठक आज

**पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू होंगे शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा गुरुवार को एन एच 33 स्थित डांगा के एक रिसॉर्ट में जिला कार्यसमिति की एक बैठक का आयोजन किया गया है। बुधवार को जिला अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व एक प्रतिनिधि मंडल कार्य स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बताया जिला कार्यसमिति के बैठक में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मानगो पुल से डिमना चौक, पारडीह काली मंदिर से डिमना चौक एवं डिमना चौक से लेकर कार्यक्रम स्थल तक के रास्ते को पार्टी के ध्वज व बैनर से सजाया गया है। जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए सभी भाजपाजनों को पत्र व कॉल के माध्यम से आमंत्रित किया गया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू समेत अन्य प्रमुख नेता का कार्यकताओं को मार्गदर्शन होगी। उन्होंने बताया जिला कार्यसमिति बैठक को लेकर जमशेदपुर महानगर के कार्यकताओं में उत्साह चरम पर है। बैठक में महानगर की प्रमुख विषयों के साथ आगामी कार्ययोजना व राजनीतिक प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# टाटा स्टील यूआइएसएल प्रबंधन व जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच वेतन समझौता

**सात वर्षों के लिए प्रभावी समय सीमा तय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन व जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच वेतन समझौता लेकर बैठक हुई। बैठक में डीएलसी, कंपनी प्रबंधन और यूनियन के पदाधिकारी शामिल रहे। बुधवार को वेतन समझौता के दौरान एक जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2024 तक सात वर्षों के लिए प्रभावी समय सीमा तय किया गया।

टाटा स्टील की सहायक कंपनी यूआईएसएल के त्रिपक्षीय वेतन समझौते के दौरान डीएलसी राजेश प्रसाद, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने हस्ताक्षर किया।

मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन टीम के वरिष्ठ सदस्य व जेएसयू के पदाधिकारी भी शामिल रहे। वेतन समझौता से पुराने ग्रेड वाले कर्मचारियों के वेतन में न्यूनतम 10.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस अवसर पर मीनिमम गैरेंटेड बेनीफिट जेडब्ल्यू 1 से जेडब्ल्यू 3 तक के कर्मियों के वेतन में 2600 रुपए, जेडब्ल्यू 4 से जेडब्ल्यू 6 तक के कर्मियों के वेतन में 3600 रुपए और जेएस 1 से जेएस 4 तक के कर्मियों के वेतन में 4600 रुपये की बढ़ोतरी हुई। यूआईएसएल कर्मचारियों को बढ़े हुए भत्ते का लाभ दिया जाएगा। जिसमे व्यक्तिगत भत्ता, वाहन रखरखाव भत्ता, रात्रि पाली भत्ता, एक्टिंग भत्ता, यूटिलिटी भत्ता, हाउस रेंट भत्ता, शिक्षा में सब्सिडी शामिल हैं।

# ग्रामीणों को मिली सौगात: विधायक की पहल पर स्कूल भवन एवं सड़क निर्माण का हुआ शिलान्यास

**विधायक संजीव सरदार ने विद्यालय भवन एवं सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग पर विधायक संजीव सरदार ने विद्यालय भवन व सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। बुधवार को विधायक ने पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत के बड़ा बांदूआ गांव के प्राथमिक विद्यालय में 2 कमरा वाले नये भवन निर्माण व रूगड़ी साईं मुख पथ से जानमडीह चौक भाया रगड़ा साईं तक 2.5 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। साथ ही रूगड़ी साईं मुख पथ से जानमडीह चौक भाया रगड़ा साईं तक जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान थे। उन्होंने बताया ग्रामीणों के परेशानियों को देखते हुए 22 लाख 24 हजार की लागत से 2 कमरा वाले स्कूल भवन और 3 करोड़ की लागत से 2.5 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया गया।

मौके पर विधायक संजीव सरदार के साथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, विधायक प्रतिनिधि मनोहर मुंडा, विधायक प्रतिनिधि अनुपम मंडल, बबलू चौधरी, रजनी पड़ेगी,रहमान, मनोरंजन सरदार. पलटू मंडल, कुंदन दास, मुखिया सरस्वती मुर्मू, अमृत माझी, प्रधान रविंद्र सिंह के आलावे सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीडीओ ने गरबांध पंचायत में 10 फरवरी को डीसी के जनता दरबार की तैयारी का लिया जायजा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने प्रखंड अंतर्गत गरबांध पंचायत में आगामी 10 फरवरी को आयोजित डीसी के जनता दरबार कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया तथा कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जायजा लेने के क्रम में बीडीओ ने पंचायत सचिवालय में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर पंचायत में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सीओ अरुण कुमार मुंडा, सीडीपीओ रीना साहू, कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, बीईईओ विजय पांडेय, बीपीआरओ उत्तम रंजन, बीपीओ राजदीप, प्रधान सहायक अनिल सिंह, एई अखिलेश गुप्ता, मुखिया सिबिष्टियानी केरकेट्टा, पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, जेई समेत पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, सेविका सहायिका एवं सहिया आदि मौजूद थे।

### चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ने दो सड़कों की स्वीकृति को लेकर मंत्री का जताया आभार



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत प्रतिनिधि शंभू गुप्ता ने चुटिया पंचायत में दो रोड की स्वीकृति मिलने पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को गुलदस्ता देकर आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि गोदरमाना भंडरिया राजमार्ग से बाजार होते हुए पीडब्ल्यूडी बंगला तक पथ कि विशेष मरमति कार्य एवं जन एच 343 से भौंरी बस्ती होते हुए आंगनबाड़ी केंद्र तक विशेष पथ निर्माण कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करायी है। जिससे खुश होकर चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर झामुमो नेता शंभू यादव व अन्य लोग उपस्थित थे।

### खरडीहा पंचायत के युवा नेता पंकज पांडेय ने झामुमो का दामन थामा



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से खुश होकर रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत के युवा नेता पंकज पांडेय ने झामुमो का दामन थाम लिया है। उन्होंने झामुमो प्रखंड सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव तथा खरडीहा पंचायत महिला मोर्चा अध्यक्ष गंगाजली देवी के संयुक्त प्रयास से प्रेरित होकर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कुशल नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। उन्होंने मंत्री को गुलदस्ता देकर मुलाकात की। तत्पश्चात मंत्री ने पंकज पांडेय को माला पहनाकर पार्टी में शामिल व स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान उपस्थित थे।

**बैठक :** बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्लान को लेकर उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से मांगे सुझाव, कहा

# स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामूहिक प्रयास से ही बदलाव संभव

**उपायुक्त ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, कृषि, पशुपालन, आजीविका, सड़क समेत अन्य विषयों पर विचार विमर्श कर दिये समाधान के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र को नक्सल मुक्त कराने के पश्चात राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कुछ दिनों पूर्व बूढा पहाड़ क्षेत्र का भ्रमण किया गया। क्षेत्र के विकास हेतु उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए, जिसके आलोक में बुधवार 8 फरवरी को उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्लान को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक बैठक की गई। जिसमें जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त श्री घोलप ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, कृषि, पशुपालन, आजीविका, सड़क समेत अन्य विषयों पर विचार विमर्श कर समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों से शिक्षा की स्थिति से अवगत होने के दौरान बताया गया कि बूढा पहाड़ क्षेत्र में एक उच्च विद्यालय की आवश्यकता है। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के हेसातु में पूर्व से अवस्थित एक मध्य विद्यालय को अपग्रेड करते हुए उत्क्रमित उच्च विद्यालय में तब्दील करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में अवस्थित स्कूलों में चारदिवारी का निर्माण कराने का सुझाव दिया गया। कल्याण विभाग के तहत एक अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी को इसके लिए अगले पर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी की स्थिति का जायजा लिया गया। पेयजल के तहत बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्रों में विभिन्न स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था सुचारू रुप से सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न खराब पड़े चापाकल की मरम्मत करने का निर्देश दिया गया। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में अवस्थित स्वास्थ्य उप केंद्रों में चिकित्सा व्यवस्था, डॉक्टर एवं एएनएम की स्थिति की जानकारी ली गई। स्वास्थ्य उप केंद्र में डॉक्टर की सप्ताह में 1 दिन उपस्थिति एवं सभी दिन एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सीओ अरुण कुमार मुंडा, सीडीपीओ रीना साहू, कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, बीईईओ विजय पांडेय, बीपीआरओ उत्तम रंजन, बीपीओ राजदीप, प्रधान सहायक अनिल सिंह, एई अखिलेश गुप्ता, मुखिया सिबिष्टियानी केरकेट्टा, पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, जेई समेत पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, सेविका सहायिका एवं सहिया आदि मौजूद थे।

## अश्लील ऑडियो वायरल मामले में आरोपी दोनों शिक्षकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज




**इस घटना को लेकर बुधवार को विद्यालय में शिक्षक उपस्थित रहे लेकिन एक भी विद्यार्थी नहीं पहुंचा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** खरौंधी प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलुही में शिक्षक एवं छात्रा की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद अभिभावकों का विरोध को देखते हुए दोनों आरोपी शिक्षकों विभूति नारायण सिंह तथा नवलेश कुमार सिंह के विरुद्ध खरौंधी थाना में छात्रा की मां के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर इस घटना को लेकर बुधवार को भी भारी असर देखा गया। विद्यालय समय से खुला, शिक्षकों ने घण्टी लगाई लेकिन विद्यालय कोई नहीं पहुंचा। जिससे विद्यालय सुनसान रहा। प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे। शिक्षक बच्चों के आने का इंतजार करते लेकिन तीन बजे तक एक भी बच्चा विद्यालय नहीं पहुंचा।

बताते चलें कि स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के दो शिक्षक एवं छात्रा के साथ बातचीत का ऑडियो वायरल होने से विद्यालय के दोनों शिक्षकों को बर्खास्ती को लेकर मंगलवार को ग्रामीण एवं अभिभावकों ने विद्यालय में ताला बन्दी की एवं दोनों आरोपी शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा की मां के द्वारा थाना में आवेदन देकर दोनों आरोपी शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की गयी है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया की छात्रा की मां के आवेदन के आलोक में दोनों आरोपी शिक्षकों के खिलाफ प्राथकिमी दर्ज कर ली गयी है एवं आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रंका के हुरदाग में हर्षोल्लास से संत शिरोमणि सद्गुरु रैदास महाराज की जयंती मनायी गयी

**यूपी से आये मिशन गायक किशोर कुमार पगला ने लोगों का खूब किया मनोरंजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम हुरदाग में मंगलवार को संत शिरोमणि सद्गुरु रैदास महाराज की 646वीं जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रैदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा पाठ की गयी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण कमेटी के द्वारा किया गया। रात्रि में भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें यूपी से आये मिशन गायक किशोर कुमार पगला ने भजन संगीत, भक्ति एवं श्रृंगार रस में प्रस्तुत कर सबको दिल व दिमाग को पागल बना दिया और रात भर खुब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि झामुमो के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से कमेटी को 11000 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि सद्गुरु रैदास जी महाराज एक निर्गुणवादी महान संत, सद्गुरु व समाज सुधारक थे जिन्होंने सत्य अहिंसा और न्याय पर आधारित समतामूलक समाज का निर्माण करने में योगदान दिया है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी, गुप्ता , बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, पूर्व मुखिया मालती देवी, शिक्षक नेता रघुराई राम, सुनील कुमार गौतम, शिक्षक शिवनाथ राम, झामुमो प्रखंड सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, उपाध्यक्ष छोटू सिंह, हेमंत पासवान शंकर राम, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि सहित युवा अंबेडकर क्लब हुरदाग के अध्यक्ष लखन राम, सचिव प्रदीप राम, शिक्षक विजय राम, जितेंद्र राम सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बेड़ो में भाजपा कार्यसमिति की बैठक 12 को

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर ने की। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पर चर्चा की गई। वहीं कार्यसमिति की बैठक करने का निर्णय लिया गया। इसकी बैठक 12 फरवरी को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होगी। जिसमें प्रदेश जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों और प्रदेश कार्य समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी सातों मोर्चो के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में भोगेन सोरेन,भीखा उरांव बलराम सिंह,अरुण साहू,गणेश महथा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अभिषेक चंचल ने किया एफएमजीइ की परीक्षा उतीर्ण, लोगों ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत रांकी मुहल्ला के हरिनारायण प्रसाद के पौत्र एवं वेंकटश्वर नारायण के पुत्र अभिषेक चंचल ने विदेश के जियांगक्सी यूनिवर्सिटी, चीन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने की दक्षता में उत्तीर्णता हासिल की है। विदेश से पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह काफी कठिन परीक्षा है। विदेशी विद्यार्थियों को भारत में रजिस्ट्रेशन के लिए एफएमजीई की परीक्षा पास करनी पड़ती है। इसके बाद एक वर्ष का इंटर्नशिप करना पड़ता है। इसके बाद पूरी तरह से एक फिजिशियन के रूप में मेडिकल प्रैक्टिस कर सकते हैं। इस उपलब्धि से अभिषेक ने गढ़वा का नाम रोशन किया है। इस सफलता का श्रेय दादा-दादी, माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। अभिषेक ने कहा कि मेहनत करने वाले लोगों को सफलता जरूर मिलती है। किसी भी परीक्षा से घबराने की जरूरत नहीं है। अभिषेक ने आगे की पढ़ाई की इच्छा जतायी है। फिलहाल एक वर्ष इंटर्नशिप के लिए कोई बेहतर मेडिकल कॉलेज को चुनना चाहते हैं। बधाई देने वाले में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमेश कश्यप, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, केमिस्ट एसोसिएशन के आद्याशंकर पांडेय, सचिव नन्दकिशोर श्रीवास्तव, डॉ आर पाठक, दौलत सोनी, संध्या सोनी तथा कसौधन समाज के लोग शामिल थे।

### सेवानिवृत्त बीइओ सच्चिदानंद सिंह को दी गयी विदाई



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बीआरसी भवन में बुधवार को सेवानिवृत्त बीईओ सच्चिदानंद सिंह को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। संचालन में चले कार्यक्रम में बीडीओ अरुण कुमार ने कहा कि बीईओ का सेवाकाल सराहनीय रहा। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में बीईओ सच्चिदानंद सिंह को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पौधे देकर सम्मानित किये एवं शिक्षक मुन्ना कुमार भारती ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रमुख श्रीमती शांति देवी ने शॉल भेंट किया एवं बीआरसी भवन के सभी कर्मी ने बारी-बारी से माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पिंटू कुमार, मुखिया महबूब अंसारी, शिक्षक चंद्रशेखर राम, भरदुल यादव, अवधेश यादव सहित काफी शिक्षक उपस्थित थे।

**भ्रष्टाचार :** शिक्षा विभाग की लापरवाही का खमियाजा भुगत रहे हैं विद्यालय के छात्र

# वर्ग 9वीं के छात्र को 8वीं में फेल बताकर नहीं किया जा रहा है नवम का रजिस्ट्रेशन

**जमा दो हाई स्कूल कांडी में खेला जा रहा है छात्रों के भविष्य के साथ**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय का एक ऐसा स्कूल जहां पर छात्रों के भविष्य से खेला जा रहा है। मामला है जमा दो हाई स्कूल कांडी का। वर्ग 9 के छात्र दीपक कुमार पिता ललन चंद्रवंशी को आठ क्लास फेल बताकर नवम वर्ग का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा रहा है। दीपक ने जैक द्वारा जारी किया गया नौवीं पास का अंक पत्र दिखाते हुए कहा कि मैं आठवीं क्लास पास हूं। मैं आठवीं क्लास की परीक्षा हाई स्कूल लमारी कला केंद्र पर लिखा हूं। मेरा रौल क्रमांक 320260 - 0148 है। छात्र ने बताया कि जब मैं परीक्षा ही नहीं लिखा तो जैक द्वारा मेरा मार्कसीट क्यों जारी कर दिया। मैं आठ वर्ग की परीक्षा ही नहीं लिखा तो इस स्थिति में जैक पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है कि उसने मेरा मार्कसीट किस दबाव में आकर जारी कर दिया। हद तो तब हो गया जब दीपक कुमार को आठ क्लास का टीसी काटकर दे दिया गया और उसका वर्ग नौ में नामांकन भी हो गया। लेकिन नौ का पंजीकरण नहीं किया गया। अब उक्त छात्र को न ही वर्ग आठ में और न ही वर्ग नौ में पढ़ने की अनुमति विद्यालय प्रबंधन द्वारा मिल रही है। अगर उक्त छात्र का क्लास नौ का रजिस्ट्रेशन नहीं होता है तो उसका एक वर्ष बर्बाद हो जाएगा। उधर पूर्व विद्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार के कार्यकाल के दौरान ही वर्ग आठ के ऐसे लगभग 10 बच्चे हैं, जो आठ फेल हैं उसके बाद भी उनका नामांकन 9 क्लास में किया गया। जिसके लिये 270 रुपये लेकर रसीद दिया गया है। लेकिन उक्त रसीद पर किसी शिक्षक का हस्ताक्षर भी नहीं है। इससे साबित होता है कि उक्त सभी राशि विद्यालय को न जाकर व्यक्तिगत पॉकेट में गया है। चंदन कुमार पिता सुरेश चौहान, रौल नं 24 है, जिसका रसीद संख्या 124 है। पंकज कुमार पिता अंजनी मेहता, रौल नं. 17, रसीद क्रमांक 117 है। इसके अलावे इस तरह के और छात्र हैं जिनका वर्ग नौ का पंजीकरण नहीं हुआ है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब उसके अभिभावक ने दीपक को मुहल्ले में खेलते हुए देखा तो उन्होंने पूछा कि स्कूल क्यों नही गया? इसके बाद दीपक ने बताया कि मुझे किसी क्लास में पढ़ने नहीं दिया जा रहा है। अभिभावक जब इस मामले को लेकर स्कूल के हेडमास्टर के पास गए तो जवाब मिलता है कि दीपक ने अपना अंक पत्र लाकर नहीं दिया, जिसके कारण उसे आठ क्लास में फेल मान लिया गया। इसी कारण उसका नौ क्लास में रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। मालूम हो कि जमा दो हाई स्कूल कांडी में बच्चों को स्कूल के माध्यम से अंक पत्र या एडमिट कार्ड नहीं मिलता। उन्हें बाजार से लाकर देना पड़ता है। दीपक के पिता ललन चंद्रवंशी जब वह छोटा था तो पत्नी बच्चे को छोड़ कर अन्यत्र चले गए हैं। दीपक अपने नाना के घर रहकर अपनी पढ़ाई करता है। पैसा के अभाव में वह ऑनलाइन मार्कसीट नहीं निकाल सका। उसने बताया कि पहले के हेडमास्टर अरविंद कुमार ने एक छोटा कागज पर लिखकर मुझे दिया कि मैं अपनी बीमारी के कारण आठ क्लास का परीक्षा नहीं लिखा हूं। मैं डर कर उनके कहे अनुसार हेडमास्टर के नाम आवेदन लिख कर दे दिया हूं। उक्त आवेदन सच्चाई से परे है।

इस मामले में तत्कालीन हेडमास्टर अरविन्द कुमार ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी स्कूल के दौरे पर आयीं थी उन्हें उक्त मामले की जानकारी दे दी गयी है। बच्चे तो कुछ भी कह सकते हैं।

वहीं इस मामले में स्कूल की प्राचार्या विद्यानी बाखला ने बताया कि मामला पूर्व प्रभारी के कार्यकाल का है। दीपक आठ उत्तीर्ण है। रजिस्ट्रेशन के लिए अनुमति मांगी गयी है। जैसा आदेश मिलता है विद्यालय करेगा।

### छात्र हित में संबंधित लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो अभाविप आंदोलन के लिए बाध्य होगा : प्रिंस कुमार सिंह

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि हाई स्कूल कांडी भ्रष्टाचार के मामले में हमेशा आगे रहा है। यहां की व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। पूर्व प्रभारी का कार्यकाल विवादों में रहा है। अगर छात्र हित में संबंधित पर कार्रवाई नहीं की गयी तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेवारी विद्यालय प्रशासन की होगी। वहीं समाजसेवी शशांक शेखर ने भी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।**

# लक्ष्य पर नजर और आत्मानुशासन का भाव सिखाता है खेलकूद : निदेशक मदन केशरी

**बाल दिवस पर जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल में वार्षिक खेलकूद आयोजित**

**बाल दिवस को लेकर बच्चों में देखा गया भारी उत्साह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के जन्म दिवस सह बालदिवस के अवसर पर बड़े पैमाने पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक मदन केशरी, उपप्राचार्य बीके ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर चाचा नेहरू की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि आज भारत के आधुनिक वास्तुकार पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन है, जिनकी जयंती पर बालदिवस मनाया जाता है। वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे। आज हम सभी बच्चों की शिक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता पर जोर देकर उनके भविष्य गढ़ने में निरंतर आगे बढ़े आज की प्रासंगिकता यही है। निदेशक ने कहा कि हर बच्चा भारत का भविष्य है। तत्पश्चात शिक्षक विनय दुबे ने सभी हाउस के कैप्टन और सदस्यों को खेल के प्रति सच्ची भावना के लिए शपथ दिलायी। सभी हाउस के छात्रों ने अपने-अपने हाउस फ्लैग के साथ बैंड के धुन पर मार्च पास्ट किया। क्लास दशम और ग्यारहवीं की छात्राओं ने स्वागत गान किया। जबकि उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खेल प्रतिवेदन शिक्षक खुर्शीद आलम ने व्यक्त किया। वहीं निदेशक ने खेलकूद प्रतियोगिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेलकूद जहां मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाये रखते हैं वहीं ये हमें नियम पालन, अनुशासन का भाव भरते हैं, हम सभी एकाग्रता, सहिष्णुता, धैर्य एवं साहस का विकास होता है लोगों में सद्भाव एवम भाईचारे की भावना बढ़ती है।

खेलकूद में जीत और हार प्रयास एवं प्रयत्न का प्रतिफल है। अतः शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्होंने सभी बच्चों को बालदिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक उदय प्रकाश ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरा शर्मा, नीलम केशरी, नरेन्द्र सिन्हा, मुकेश भारती, सरिता दुबे, सुषमा तिवारी, रिजवाना साहिन, शिवानी, कुमारी, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद सहित अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर की भूमिका सराहनीय रही।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## तमाड़ में ज्वलंत समस्याओं को लेकर बैठक



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** किसान जनाधिकार मंच की ओर से बुधवार को तमाड़ वन विश्रामागार में बैठक की गई। जिसमें तमाड़ विधानसभा की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। इन दिनों क्षेत्र में हाथी की समस्या ने गंभीर रूप लिया हुआ है। प्रतिदिन किसी ना किसी गांव में हाथियों का झुंड दस्तक दे रहा है। कई लोग बेघर तो कुछ काल के गाल में भी समा जा रहे हैं। वन विभाग इस समस्या से वाकिफ होने के बावजूद उदासीय रवैया अपनाए हुए है। इन मुद्दों को लेकर किसान जनाधिकार मंच ने क्रमबद्ध जनआंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 20 फरवरी को तमाड़ वन विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। मांग किया जाएगा कि हाथी के हमले से मृत परिवार को 15 लाख मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अलावे जंगलों की कटाई बंद करने, वन क्षेत्र में रहने वालों को वन पट्टा देने की भी मांग की जाएगी। ऐसा नहीं करने पर संगठन के कार्यकर्ता टीम बनाकर सड़क पर उतर कर आंदोलन को बाध्य होंगें। इसके अलावे प्रखंड एवं स्वास्थ्य केंद्रों में हो रही भ्रष्टाचार पर क्रमबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंच के सुप्रीमो मथुरा प्रसाद साहू, मंगलदीप स्वासी प्रदीप साहू, मान सिंह मुंडा, श्रीकांत अहीर, संदीप उरांव, मुकेश मुंडा, विजय उरांव, दुबराज सिंह, अशोक राय, विशेश्वर महतो, पांडू मुंडा, रविंद्र नाथ महतो, करमचंद महतो, निरंजन महतो, रामकृष्ण सिंह, गणेश सिंह मुंडा, मनोरंजन साहू और शिवदयाल गुप्ता आदि थे।

## अभिजीत गोगोई ने आइआइटी मेंस में हासिल किया 95.86 पर्सेंटाइल अंक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र अभिजीत गोराई ने आइआइटी मेंस में 95.86 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। इससे पहले अभिजीत ने एनटीएसई में भी सफलता हासिल की थी। अभिजीत ने सफलता का श्रेय साउथ प्वाइंट के सभी शिक्षकों को दिया है। कहा कि कक्षा 9 से ही विद्यालय में करवायी गयी तैयारियों ने हमें प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद की। इसी कारण आज हम प्रतियोगिता के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, अभिजीत की सफलता से उत्साहित साउथ प्वाइंट के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने उसे बधाई देते हुए स्वर्णिम भविष्य की कामना की है। अभिजीत की सफलता पर बुंडू के शिक्षाविदों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

## खलारी पीएचसी में एएनसी का आयोजन, 110 गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पीएचसी में बुधवार को चिकित्सक डॉ इरशाद के निर्देशन में गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी का आयोजन किया गया। खलारी पीएचसी में आयोजित एएनसी में खलारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आयी 110 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। महिला चिकित्सक डॉ इशानी सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओं की एक-एक कर जांच की गई। गर्भवती महिलाओं का बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस की भी जांच हुई। एएनसी में जांच कराने आयी महिलाओं को आयरन, फोलिक एसिड, कैल्सियम, मल्टी विटामिन, विटामिन सी और ओआरएस आदि दवाएं भी दी गयी। साथ ही महिला चिकित्सक डॉ इशानी सिंह ने एएनसी में जांच कराने आयी गर्भवती महिलाओं से हर महीने अल्ट्रासाउंड व एएनसी जांच कराने को भी कहा। वहीं पीएचसी चिकित्सक डॉ इरशाद ने गर्भवती महिलाओं से प्रत्येक माह होने वाले एएनसी में आकर अपनी जांच नियमित रूप से कराने की बात कही। एएनसी के सफल आयोजन में सीएचओ अंजना नाग, किरण, सुबाला, अनिता, ममता सहित प्रखण्ड क्षेत्र में कार्यरत सहिया व सहिया साथी का सरहानीय सहयोग रहा।

## तमाड़ और बुंडू में 18 एकड़ में की गयी अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**तमाड़/बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम चिरगालडीह व आसपास के जंगल क्षेत्र में पुलिस की ओर से एसएसबी बासुकोचा के साथ मिलकर अभियान चला करीब 13 एकड़ में लगे अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। दूसरी ओर, बुंडू थाना अंतर्गत तिरूल्डीह गांव स्थित जंगली क्षेत्र में 5 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया। गुप्त सुचना मिली थी कि इस इलाके में चोरी छिपे अफीम की खेती की गयी है।

## पढ़ाई बाधित होने की सूचना पर प्राचार्य से मिले आजसू नेता

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बाधित होने की सूचना पाकर लेकर बुधवार को आजसू जिला सचिव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि दल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार से मिला। इस दौरान शिक्षण में सुधार को लेकर विशेष वार्ता हुई। विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर आजसू छात्र यूनियन के जिला सचिव संतोष कुमार तांती, श्याम कुमार मुंडा, मिहिर सिंह मुंडा जीत सिंह मुंडा हरदेव महतो आदि थे।

## खलिहान में लगी आग, धान और पुआल जले

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली नीचे टोला निवासी काशीनाथ कोइरी उर्फ मिठू के खलिहान में बुधवार की दोपहर तीन बजे अचानक आग लग गई। जबतक लोगों को पता चला तबतक आग फैल चुका थी। आसपास के लोगों के सहयोग से पानी डाल कर आग पर काबू पाया गया। इसमें करीब आधे घंटे लगे। घटना में हजारो रुपये के धान व पुआल जल कर राख हो गये। इसकी सूचना अंचल कार्यालय को दे दी गयी है।

### विश्व बैंक की टीम ने किशोरियों से ली कैंटीन संचालन की जानकारी

# खूंटी पहुंची विश्व बैंक की टीम ने तेजस्विनी योजना को सराहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** विश्व बैक की प्रमुख शोभा चक्रवर्ती बुधवार को अपनी टीम के साथ खूंटी दौरे पर पहुंची। तेजस्विनी परियोजना की स्टेट टीम भी उनके साथ थी। टीम ने तेजस्विनी परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया और गतिविधियों का जायजा लिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने कर्रा तेजस्विनी क्लब का भ्रमण किया। यहां किशोरीयों द्वारा स्थापित तेजस्विनी कैंटीन का अवलोकन किया। मौके पर किशोरियों से कैंटीन संचालन के बारे मे जानकारी ली गई। विश्व बैक की टीम के सदस्यों ने तेजस्विनी परियोजना द्वारा संचालित एनआइओएस शिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में अध्ययन कर रहीं आठवीं और 10वीं कक्षा की किशोरीयों से शिक्षा से संबंधित जानकारी ली। विश्व बैक टीम और तेजस्विनी परियोजना की स्टेट टीम मुरहू प्रखण्ड के माहिल ग्राम में संचालित तेजस्विनी क्लब में पहुंची, जहां क्लब की किशोरियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। टीम में शामिल अधिकारियों ने किशोरियो से जीवन कौशल प्रशिक्षण और आय सृजन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने किशोरियों द्वारा बनाई गई समाग्री का अवलोकन किया। टीम ने डीडीसी नीतीश कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की।

साथ ही परियोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। विश्व बैक और स्टेट टीम ने तेजस्विनी मार्ट का विजिट किया। मार्ट में रखी गयी सामग्रियों को देखा एवं कार्यों की सराहना की। टीम के अधिकारियों ने सामग्रियों की खरीदारी भी की। इस दौरान तेजस्विनी स्टेट टीम के सभी सदस्य, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और तेजस्विनी परियोजना के कर्मी उपस्थित थे।




किशोरियों से जानकारी लेते विश्व बैंक की टीम में शामिल पदाधिकारी।

## डकरा ओबी डंप में छापामारी, तीन टन अवैध कोयला जब्त

**खलारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डकरा ओबी डंप से सीआइएसएफ की टीम द्वारा छापामारी अभियान चलाकर अवैध रूप से जमा किया हुआ तीन टन कोयला जब्त किया गया। सीआइएसएफ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। सीआइएसएफ के उप समादेष्टा मृत्युंजय स्वामी के नेतृत्व में छापामारी किया गया। इस दौरान डकरा ओबी डंप के आसपास छीपा कर रखा गया तीन टन अवैध कोयला को जब्त करते हुए आसपास के ग्रामीणों को छापामारी टीम द्वारा अवैध कोयला स्टॉक नहीं करने को लेकर समझाया भी गया। साथ ही पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। छापामारी टीम में ददन सिंह, निरीक्षक सरफराज आलम, महिला निरीक्षक स्वाति कुमारी, उप निरीक्षक अनूप सिंह आदि थे।

## प्रभारी बनाये जाने के बाद से त्रिपुरा के चुनावी रण में धुंआधार सभाएं कर रहे विधायक नीलकंठ मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी विधानसभा में लगातार पांच बार विधायक चुने गए नीलकंठ सिंह मुंडा इन दिनों त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में धुंआधार चुनाव प्रचार में जुटे हैं। झारखंड की रघुवर सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा की सभाओं में भारी भीड़ भी जुट रही है। खासकर महिलाएं उनके द्वारा जेएसएलपीएस में किए गए कामों और सखी मंडल से महिलाओं को जोड़कर आजीविका उपलब्ध कराने की बातों से खासा प्रभावित हो रहीं हैं। बुधवार को महाबीर चाय बागान में सुरमा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी स्वपना दास पाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। विधायक ने त्रिपुरा में बताया कि भाजपा सरकार का झारखंड के विकास में क्या योगदान रहा।



### सादरी में भाषण की मांग

बता दें कि त्रिपुरा के कमलपुर इलाके के चाय बागान में काफी संख्या में झारखंड के रहने वाले लोग रहते हैं। ऐसे में कई सभाओं में जनता की ओर से यह शोर आई कि सादरी में बोलें। उसके बाद नीलकंठ सिंह मुंडा ने झारखंड की सादरी भाषा में भाषण दिया। बता दें कि झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा को भाजपा ने त्रिपुरा चुनाव में कमलपुर और सुरमा का प्रभारी बनाया है। उनके साथ खूंटी भाजपा के महामंत्री बिनोद नाग और सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल भी त्रिपुरा गए हैं।

## रैयत विस्थापित मोर्चा व मानकी बस्ती के ग्रामीणों ने चार सूत्री मांग पर प्रबंधन के साथ की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** एनके प्रबंधन ने महाप्रबंधक कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल डकरा में रैयत विस्थापित मोर्चा व मानकी बस्ती के ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें मानकी बस्ती की ओर से दिए गए चार सूत्री मांगों को लेकर चर्चा हुई। इसमें डकरा गुरुद्वारा चौक स्थित शेष बची हुई जमीन को चिन्हित करने, आकाशदीप के लंबित नौकरी देने, मानकी बस्ती में पानी की व्यवस्था एवं बिजली का पोल लगाने एवं जर्जर बिजली तार को बदलने की मांग शामिल है। महाप्रबंधक ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। वहीं आकाशदीप जमीन के बदले भुनेश्वर गंझू एवं मुनेशर महतो को नौकरी मामले पर भी जल्द कागजी प्रक्रिया शुरू करने का पहल किया जाएगा। बस्ती में बिजली पानी की समस्या को भी दुरुस्त करने का आश्वासन भी दिया। बैठक में महाप्रबंधक संजय कुमार, दिवाकर साहू, आभाष त्रिपाठी के अलावा ग्रामीणों की ओर से रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रामचन्द्र उरांव, जालिम सिंह, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, जगरनाथ महतो, विनय खलखो, नरेश गंझू, शिवनारायण लोहरा, रमेशर भोगता, रामधारी गंझू, कामेष्वर गंझू आदि मौजूद थे।




## धूमधाम से मनी खलारी बाजार शिव मंदिर की वर्षगांठ

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बाजारटांड़ शिव मंदिर के पुनर्निर्माण का 5वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। शिवालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वर्षगांठ को लेकर मंगलवार से शुरू हुआ अखंड हरिकीर्तन बुधवार को समाप्त हुआ। हरिकीर्तन पूणार्हूति के बाद से सारा दिन भंडारा चलता रहा। मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह सहित अन्य अतिथियों ने भोजन परोस कर भंडारा की शुरूआत किया। उधर मंदिर प्रांगण में कीर्तन समाप्ति के बाद महिलाएं, बच्चे भक्ति संगीत गाती रही। भंडारा में शामिल लोगों में विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह, गिरिधर मिश्रा, उतरा कुमार, अर्जुन गुप्ता आदि थे।

### डकरा यूकेएस कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

# लपरा के दो गांवों में लगेगा जागरूकता शिविर: गजेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** डकरा यूकेएस कॉलेज में बुधवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस संबंध में कॉलेज के एनएसएस कर्यक्रम पदाधिकारी गजेंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 8 से 14 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके लिए एनएसएस की अलग-अलग दो इकाई बनाकर दो गांवों में जागरूकता अभियान चलाएगी। खलारी प्रखंड के लपरा पंचायत के राजीव नगर कालोनी तथा मायापुर पंचायत चीनाटांड गांव को इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए अंगीकृत किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन इकाई एक एवं इकाई दो के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में दोनों कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र यादव एवं उमा कुमारी सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, रक्तदान आदि के प्रति जागरूक किया जाएगा। एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की सफलता की शुभकामना देते हुए कहा कि पढ़ाई के अलावा बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए। इससे बच्चों को समाज के लोगों से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। यह कार्यक्रम 7 दिन तक चलेगा इस कार्यक्रम को लेकर कॉलेज के एनएसएस के विद्यार्थियों में काफी उत्साह है।



सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन करते प्राचार्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## मोटर अधिनियम एक्ट का होगा सख्ती से पालन : गोविंद



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सरकार द्वारा जारी मोटर अधिनियम एक्ट का सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। नाबालिक और नाशा का सेवन कर तेज रफ्तार से बाइक चलाने वालों पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी। उक्त बातें पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कही है। उन्होंने कहा कि चतरा जिला के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के आदेश पर पिपरवार थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान की शुरूआत की गई है, जिसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों के कागजात, हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच की जाएगी। बिना कागजात और हेलमेट के पकड़े जाने वाले वाहन मालिकों से जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नाबालिग युवक तेज रफ्तार से वाहन चलाकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, जिसके रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने और मोटर अधिनियम एक्ट का पालन करने की अपील की है।

## केसीसी के लिए पंचायत स्तर पर लगाये जायेंगे शिविर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड स्तरीय बीएलबीसी की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और लाभुकों को स्वीकृत किये गये लोन की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही सभी कृषक मित्रों को अपने क्षेत्र में किसानों को योजना के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर केसीसी योजना के तहत ऋण स्वीकृत करने की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। केसीसी योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन प्राप्त करने और स्वीकृत करने के कार्य को मिशन मोड में करने के लिए पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत केसीसी से अच्छादित किया जाना चाहिए। इसे लेकर विशेष रूप से कृषक मित्रों को लगाए जा रहे शिविर के माध्यम से योग्य किसानों को लाभान्वित करने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर लोगों को इस संबंध में जागरूक करने तथा उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

## छात्रों को दिया गया डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजी दिशा) प्रोजेक्ट के तहत तोरपा संत जोसेफ हाई स्कूल में बुधवार को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सीएससी वीएलइ कुणाल भगत ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करनेवाले ग्रामीणों को कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान और डिजिटल कार्यों का प्रशिक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर उन्हें 10 दिन के प्रशिक्षण में कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान, ई मेल बनाना, मोबाइल से ट्रांजक्शन करना आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है। 10 दिनों के बाद ऑनलाइन परीक्षा ली जाती है। इसके पश्चात ग्रामीणों को राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल साक्षरता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाता है। जिले के सीएससी प्रबंधक प्रभात कुमार, मजीद सुल्तान और जिला शिक्षा सलाहकार शशिकांत पंडित ने कहा कि पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार की इस योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है।

## बचरा डीएवी में 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा और मंजरी महिला क्लब की अध्यक्ष निभा झा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा दशम और ग्यारहवीं के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा नवम की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य राजीव रंजन झा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों से आगे भी बेहतर और उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के सभी बच्चे और शिक्षक मौजूद थे।

## कारगिल मेले का आयोजन, विधायक सुदेश महतो ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बंसिया गांव में बुधवार को कारगिल मेला का आयोजित किया गया। मेला कमेटी कारगिल युद्ध में पराक्रम दिखाने वाले शहीदों की याद में हर वर्ष कारगिल मेला का आयोजन करता है। मेले में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया और शहीद सैनिक परिवारों या आश्रितों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान चौड़ल प्रदर्शनी, कृषि पैदवार प्रदर्शनी, मुर्गा लड़ाई,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश महतो ने पूर्व सैनिकों और शहीद के परिवार एवं आश्रितों को सम्मानित किया। मौके पर मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर गोबिंदपुर में मातृ सम्मेलन का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि तोरपा विधायक कोचे मुंडा व विशिष्ट अतिथि प्रान्त शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ववलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की सफलता में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रचार्या मंतोषी देवी, अध्यक्ष राजकुमार साहू, सचिव संजय भगत, कोषाध्यक्ष आनन्द केशरी, संकुल प्राचार्य अनन्त कुमार माझी, जगमोहन बड़ाईक, शिवकुमार केशरी, विहिप कार्यकारी अध्यक्ष लापुंग रामप्रसाद साहू, शिवम कुमार, सच्चिदानन्द केशरी, मण्डल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, श्याम सोनी, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आइन्द, विष्णु साहू, नीलाम्बर सिंह के अलावे विद्यालय के बच्चे-बच्चियां व अविभावक मौजूद थे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए डीलर अनूप कुमार शाही ने लगाया शिविर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकरी पंचायत के खड़देवरी गांव में बुधवार को अनूप कुमार शाही के जन वितरण प्रणाली दुकान परिसर में स्थानीय ग्रामीणों की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें दर्जनों लोग शिविर में अपने कार्ड बनाने पहुंचे। मौके पर मुखिया सरिता एक्का ने बताया कि बाजार में स्थित कैफे सेंटरों में भीड़ होने के चलते स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए शिविर लगाया गया ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले। उन्होंने कहा सरकार की इस योजना का कई लोगों को अभी पता भी नहीं है, उन्हें भी जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई लाभार्थी इससे वंचित न रहे। मौके पर पंसस मकबूल अंसारी, वार्ड सदस्य सलोमी खाखा, ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुल्ली कुंबा टोली में नव निर्मित हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं का तीन दिवसीय यज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा समारोह बुधवार को शुरू हुआ। प्रथम दिन श्रद्धालु महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गयी। जलाभिषेक व वैदिक पूजन सहित अन्य अनुष्ठान किये गये। 9-10 फरवरी को विभिन्न अनुष्ठानों के बाद 11 फरवरी को भंडारा के साथ समारोह का समापन होगा। इस पूरे यज्ञ के मुख्य पुजारी सोनू पंडा के नेतृत्व में अनुष्ठान किया जा रहा है। यज्ञ के अनुष्ठान में यजमान के रूप में बालमुकुंद गोप व प्रसाद गोप शामिल हैं। अयोध्या के आचार्य पंडित अंकेश उपाध्याय, वैदिक पांडेय, गोपाल पांडेय, जिप सदस्य रीना देवी, संजय गोप, देव प्रसाद, जयश्री दास, उदय गोप, कांति, मंजू, प्रभा, महेश व साधु चरण दास सहित अन्य शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना के घायल से मिले सांसद प्रतिनिधि, दी आर्थिक सहायता



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर के पंचायत अध्यक्ष कुश सिंह पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिनका इलाज आर्या अस्पताल में चल रहा है। जहां बुधवार को मांडर विधान सभा सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत अस्पताल मिलने पहुंचे। राकेश भगत ने कुश सिंह से उनका हाल चाल जाना और उनकी स्थिति के बारे में डाक्टर से जानकारी ली। साथ ही स्वजनों को आर्थिक सहायता दी।

## बेड़ो के चचकोपी में पड़हा संगठनों ने हक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद किया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चचकोपी गांव में बुधवार को विभिन्न पड़हा संगठन के तत्वावधान में जनजातियों के सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक पहचान को अक्षुण्ण बनाने तथा जल, जंगल व जमीन की रक्षा को लेकर बेड़ो प्रखंड के चचकोपी गांव में एक बैठक हुई। जिसमें विभिन्न पड़हा संगठनों व पड़हा समाज के लोगों ने प्रशासन से जनजातीय समुदाय के हक व अधिकार की रक्षा के लिए समुचित कदम उठाने की मांग की। साथ ही आदिवासियों के सामाजिक व धार्मिक जमीनों में सरना स्थल, मसना स्थल, जतरा स्थल व पहनई जमीन आदि को चिन्हित कर उसकी विशेष सुरक्षा करने की मांग की। वहीं बैठक में विभिन्न पड़हा संगठनों के द्वारा हक अधिकार की रक्षा के लिए आंदोलन की रणनीति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आदिवासी महासभा के संयोजक सह पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासियों को अपने बेटी, माटी व हक-अधिकार की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिला की गैर आदिवासी से शादी होने पर उसकी अनुसूचित जनजाति का दर्जा को समाप्त की जाये। वहीं मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री देव कुमार धान, समाजसेवी राकेश भगत, समाजसेवी जुगेश उरांव, सरना धर्म गुरु प्रवीण उरांव, शिशिर लकड़ा, पूर्व प्रमुख महतो भगत, रजनीश उरांव, केन्द्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, सात पड़हा राजा जीतू उरांव, आठ पड़हा राजा चरवा उरांव, सात पड़हा दोलैंचा पवन उरांव, चौबीस पड़हा राजा विष्णु उरांव, दुर्गा पहान, रजनी उरांव, चुमानी उरांव व अमित उरांव समेत सैकड़ों पड़हा समाज के ग्रामीण मौजूद थे।

### बैठक : विधायक ने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में दिये कई निर्देश

# शिक्षा में गुणवत्ता लाना मेरी पहली प्राथमिकता है : शिल्पी नेहा तिर्की

**विधायक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यालय की साफ-सफाई, मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन पर दिया जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित कन्या मध्य विधालय में बुधवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, अभिभावक व छात्रो के साथ बैठक कर विद्यालय के विकास पर चर्चा की। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाना मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए आप सबों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने मौजूद शिक्षक और अभिभावकों से विद्यालय को और बेहतर कैसे बने इसे लेकर लोगों से उनकी राय ली। साथ ही विधायक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यालय के साफ-सफाई, मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में गरीबों के बच्चे पढ़ने आते हैं। इन्हें पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा दें। साथ ही शिक्षा संबंधी कई दिशा निर्देश दिये। अभिभावकों से कहा कि बच्चे स्कूल में 6-7 घंटे देने के बाद पुरा समय घर में रहते हैं, आप बच्चों के स्कूल होमवर्क को प्रत्येक दिन चेक करें और होमवर्क करायें. वही बच्चों से कहा कि अपने माता पिता और शिक्षक को ही भगवान माने, उन्हें सम्मान दें। विधायक ने प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक महीने करें साथ ही प्रबंधन समिति के सदस्य स्कूल एक बार जाकर निरीक्षण करें। वहीं विधायक ने विद्यालय में जो भी कमियां हैं उसे दुरुस्त किया जाएगा। मौके पर बीईओ सुनिल केशरी प्रभारी प्रधानाध्यपक सुखदेव कच्छप उप प्रमुख मोद्दसीर हक जिप सदस्य बेरोनिका एक्का करमा उरांव मुखिया निरज कुजूर शमशाद आलम, मनकु कुजूर, पूनम उरांव, पंचायत अध्यक्ष संजय कच्छप सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## अनगड़ा में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्री लिटिगेशन वादों का निश्तारण का उचित माध्यम है डालसा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** माननीय झालसा के निर्देशानुसार बुधवार को अनगड़ा प्रखंड के हेसल कॉलोनी व जोरार बस्ती में विधिक सेवा आपके द्वार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता कविता काठी, सौरभ पाण्डेय, पीएलवी जसिंता टोप्पो, युधिष्ठिर महतो, तारा मिंज एवं राजा वर्मा उपस्थि हुए। कविता काठी ने आगामी 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को न्यायालय में चल रहे वादों का निबटारा मध्यस्थता के माध्यम से कर सकते हैं। गरीब तबके के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने वादों का निश्तारण प्री लिटिगेशन वाद दायर कर भी कर सकते हैं। इससे समय व धन की बचत होती है। वैसा व्यक्ति विशेष जो न्यायालय खर्च को वहन करने में सक्षम नहीं हैं उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है तथा उनके वादों का प्री लिटिगेशन के माध्यम से निश्तारण भी किया जाता है।

सौरभ पाण्डेय ने नालसा के 10 स्कीमों के बारे में बताया। बाल विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या आदि अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके खिलाफ जागरूक किया। लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से निशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के बारे मे बताया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं विचाराधीन कैदियों तथा एसटी-एससी के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निशुल्क विधिक सहायता दी जाती है।

इस अवसर पर डालसा द्वारा गोंदलीपोखर बाजार सहित आसपास के इलाकों में गरीब तबके के लोगों के बीच कानूनी पर्चा, पंपलेट, लिफलेट आदि वितरण कर जागरूक किया गया तथा लोक अदालत मध्यस्थता एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई।

## अनगड़ा के ग्राम प्रधानों की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर की गयी चर्चा

**मांगों को लेकर सीओ को दिया ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में ग्राम प्रधान संघ अनगड़ा की एक बैठक बुधवार को संघ के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई तथा प्रस्ताव पारित कर अपनी मांगों को सरकार के सामने रखा। बाद में मुख्यमंत्री के नाम सीआई रमेश रविदास को 6 सुत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमे चयनित ग्राम प्रधान को दो हजार रूपया मासिक मानदेय देनें, जिला स्तर पर सभी ग्राम प्रधानों का परिचय पत्र निर्गत करने, नियमित रूप से मानदेय का भुगतान बैंक खाते मे करने, विधि व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त करने के लिए सभी सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाके में सीसीटीवी कैमरा लगाने, सीएनटी-एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागु करने तथा पेशा कानुन के प्रावधानों को प्राथमिकता के साथ लागु करने आदि मांग की गई। बैठक में ग्रामप्रधान लोकनाथ पहान, सोमरा उरांव, जगमोहन बेदिया, धर्मनाथ बेदिया, राजू मुण्डा, बाबुलाल बड़ाईक, विशम शाही मुण्डा, कलेश्वर बेदिया, जगमोहन बेदिया, मनीष कु महली, श्याम कालिंदी, भीम सिंह मुण्डा, देवराज पहान, रामनाथ करमाली, रमेश मुण्डा, सोमरा उरांव आदि मौजूद थे।

### बैठक : प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

## ऊरूगुटू पंचायत से 13 फरवरी को होगा कार्यक्रम का शुभारंभ

**बैठक में विभिन्न दलों के 54 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थामा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने को लेकर कांग्रेसी नेता सुरेश कुमार बैठा के कांके रोड स्थित आवास में बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार बैठा, वरिष्ठ नेता रांची लोकसभा मदन कुमार महतो भी शामिल हुए और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को आपसी एकजुटता के साथ कार्यक्रमों की सफलता हेतू जुटने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि 13 फरवरी को प्रखंड के ऊरूगुटू पंचायत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष संजर खान ने की। बैठक को महेश कुमार मनीष, चंदन बैठा, रति लाल महली, प्रखंड प्रभारी चंद्र रश्मि पिंगुआ, अजय साहु, बिरसा उरांव, निशा भगत, जमील अख्तर, गुलजार अहमद, पूजा देवी ने भी संबोधित किया। बैठक में भाजपा और आजसू पार्टी के विभिन्न कांके के पंचायतों से आये 54 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। बैठक में उपस्थित कांग्रेसी नेताओं ने सभी को माल्यार्पण कर और गमछा भेंट कर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम को लेकर प्रखण्ड कमेटी के पदाधिकारियों की सूची बनी, जिसमें हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु सर्वसम्मति से पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प भी लिया। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए नये लोगों को पार्टी से जोड़ने व डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी का कार्यालय जल्द से जल्द कांके में खोलने का भी निर्देश दिया। पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रखंड के 32 पंचायतों के मोहल्लो, गांव में जाकर लोगों से संवाद स्थापित कर मिलकर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में एकजुटता के साथ पार्टी से जोड़ने को कहा। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, संजू देवी, गौरीशंकर महतो, अशोक गोप, भोला महतो, विनोद साहु, अर्जुन मुण्डा, अनिल लिण्डा, मनीष कुमार महतो, अफजल अंसारी, योगेंद्र उरांव, अरविंद राम, अर्जुन मुंडा, रीता चौधरी, आरती, लाल चंद सोनी सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए मत्स्य मित्र सह लैंपस अध्यक्ष चरवा उरांव ने लगाया शिविर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में बुधवार को कला संस्कृति भवन के परिसर में मत्स्य मित्र सह लैंपस अध्यक्ष चरवा उरांव के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें दर्जनों लोग शिविर में अपने आयुष्मान कार्ड बनाने पहुंचे। चरवा उरांव ने बताया कि कैफे सेंटरों में भीड़ होने के चलते स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए शिविर लगाया गया ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस योजना का कई लोगों को अभी भी पता नहीं है। उन लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस योजना से वंचित ना रहे। मौके पर पंचायत के उप मुखिया जसमणी उराईन, वार्ड सदस्य प्रीति तिर्की, समाजसेवी रोशन कुमार केरकेट्टा, पंचम पांडे, गोयंदी उराइन सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय नामकुम के विद्यार्थियों ने मनाया फ्रेशर डे



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के मां कलावती इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर विभाग के द्वारा बुधवार को बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर (22-26) और जीएनएम फर्स्ट ईयर (22-25) के विद्यार्थियों के लिये फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मिस कल्पना कुमारी रजिस्ट्रार जेएनआरसी रांची व वाईबीएन विश्वविद्यालय के चांसलर बैद्यनाथ यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, सहायक कुलसचिव ज्योति रानी, डीन नर्सिंग डॉ ए सुमति, प्रिंसिपल एमकेआई शिखा यादव, डीन आर्ट्स एवं हुमानिटीज डॉ आरती गुप्ता, डीन पैरामेडिकल डॉ पी कुमार, एचआर डायरेक्टर अरविन्द कुमार यादव व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। अतिथियों को पुष्प गुच्छ देखकर सम्मानित किया गया। सीनियर छात्रों द्वारा नये छात्रों का स्वागत किया गया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को बेहतर समाज के निर्माण के लिये उनकी जिम्मेदारी का बोध कराया। डीन नर्सिंग डॉ ए सुमति ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों को अपना अमूल्य समय देने के लिये धन्यवाद किया। साथ ही सफल आयोजन के लिये छात्रों और शिक्षकों का आभार प्रकट किया।

## 15वें वित्त आयोग मद से टाटीपूर्वी में किया गया नाली निर्माण का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत टाटीसिलवे क्षेत्र के टाटीपूर्वी में बुधवार को नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया कृष्णा पहान, पंसस रमेश कुमार एवं वार्ड सदस्य रेखा कुमारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। नाली का निर्माण 15वें वित्त आयोग से किया जा रहा है। नाली निर्माण रविंद्र महतो के घर से हनुमान मंदिर तक किया जाना है। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वार्ड सदस्य रेखा कुमारी ने कहा कि टाटीपूर्वी क्षेत्र में विकास की रफ्तार पकड़ चुकी है। मौके पर प्रीति देवी, पिंटू जयसवाल, सनील जॉय, जितेंद्र सिंह, रवि जयसवाल, रामब्रिज साहू, हरेंद्र प्रसाद, रेखा गोयल, जितेंद्र प्रजापति, प्रवीण साहू, तुषार कुमार, प्रकाश साहू, चैरसिया जी, मुनटुन यादव, बबलू रजक, मुकेश प्रसाद, समीर कुमार, ललन, राजेश, विनोद के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## घघारी धाम में काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर निकली भव्य कलशयात्रा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में अकमरोमा निवासी विनय साहू के द्वारा अपने दादाजी स्व. घूरा साहू, माताजी जीतन देवी, पिता जी स्व. सागर साहू की यादगार में मां काली मंदिर का निर्माण किया गया। जिसका बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ का अनुष्ठान बनारस से आये आचार्य नरेश कुमार पांडे एवं राजकुमार पाठक की टीम के द्वारा कराया जा रहा है। दस फरवरी को प्राणप्रतिष्ठा के उपरांत महाभंडारा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन होगा। मौके पर घघारी धाम समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू, देवेंद्र वर्मा, राजधन सिंह, सेवक सिंह, रामाशंकर पाठक, तुलसी दास गोस्वामी, सागर दास, मारकंडे दास, कोस्टो दास, भुवन महतो, सुधीरचंद्र साहू, प्रकाश राम, राजेंद्र साहू, विक्रम सिंह, रमेश गोप, विश्वनाथ साहू, दिरपु साहू, एतवा उरांव, संजय कुमार महतो, मनबोध सिंह, सुनील उरांव, श्यामलाल सिंह, नंदलाल सिंह, अजय महतो, शिवनारायण वर्मा, फूलचंद, देवनाथ सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बिजली चोरी के खिलाफ तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 84 हजार का लगा जुर्माना

**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम में बुधवार को इलाके के संजय नगर, रानी बगीचा व बृजपुर में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में तीन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 84 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में संजय नगर के दिनेश कुमार महतो पर 32 हजार 840 रुपये, रानी बगीचा निवासी अनु घोष पर 10 हजार व बृजपुर के रहने वाले रोहित कुमार पर 41 हजार का जुर्माना लगाया गया है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता अशोक प्रिय ने रातू थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी है। छापेमारी में प्रवीण कुमार रजक, भीम कुमार, निपुन कुमार, विवेक कुमार द्विवेदी व अन्य कर्मी शामिल थे।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# इस अभियान से सखी मंडल की दीदियों को भविष्य में भी होगा फायदा : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजादी की अमृत महोत्सव 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को टाउन हॉल में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजैक्शन अभियान का डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी,एलडीएम अनुकरण तिर्की, स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर,झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर,



जेएसएलपीएस के डीपीएम समेत बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं। इस दौरान अभियान के विषय पर जेएसएलपीएस के डीपीएम ने बताया कि 2 जनवरी 2023 से 15 अगस्त 2023 तक यह अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 8 माह तक चलने वाले डिजिटल अमृत अभियान में, वित्तीय समावेशन में मिलने वाली सहायता के साथ बरती जाने वाली सावधानी पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल लेनदेन में सभी को पारदर्शिता के साथ सहायता प्रदान करना एवं इससे सभी दीदियों को जागरूक करना है।

इस अवसर पर सखी मंडल की दीदियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि डिजिटल साक्षरता का मतलब क्या होता है इसी से आप सबों को अवगत कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान से आप सब दीदियों को बैंक जाने से छुटकारा मिल जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के अभियान से सखी मंडल की दीदियों को भविष्य में भी फायदा होगा। कार्यक्रम में जोहर परियोजना अंतर्गत गठित उत्तरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को तीस लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज आईडीबी बैंक के द्वारा किया गया। इसके अलावे उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर कई सखी मंडल की दीदियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रबंधक(वित्त)इमरान अहमद द्वारा किया गया।

## समाजहित में विष का प्याला पीना ही शिवचर्चा की सार्थकता होगी : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुनिया का कोई भी काम मानव जीवन के बेहतरी के लिए किया जाता है। जब हम चर्चा के जरिये शिव को याद करते हैं तो कोशिश करते हैं उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारें। विश्वकल्याण के लिए शिव जहर का प्याला पिये,आज भी नागरिक जीवन,हमारा समाज भूख से भ्रष्टाचार से,बेरोजगारी से,शिक्षा, चिकित्सा के लिए, जाति धर्म सम्प्रदाय के आग से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है इसे दफन करने की जरूरत है इसे खत्म करने की जरूयत है। यह तभी सम्भव है जब आप धरती के तमाम जीव जंतु



विषधर भुत प्रेत के अधिनायक और लोककल्याण में सभी भौतिक सुख सुविधा को त्याग करने वाले अनार्यों के देवता भगवान शिव के शिष्य बनेंगे। आप सभी को शिव तभी शिष्य स्वीकारेंगे जब अपने घरों में न्यूनतम व इच्छा रहित रिश्ता बनाएंगे। भ्रूण हत्या दहेज जैसे दुगुर्णो पर विराम लगाएंगे। उपरोक्त बातें पाटन प्रखण्ड के इमली गांव में आयोजित शिव चर्चा में गुरु भाई बहनों के संबोधन के दौरान अविनाश देव ने कही। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ गुरुभ्रता गोकुला नंद भैया कार्यक्रम को संचालित किये। इस मौके पर युवा समाजसेवी प्रखर वक्ता व वरिष्ठ वकील सिविल कोर्ट डाल्टेनगंज ओंकार नाथ तिवारी, रोहित, कमलदेव, अनिल प्रजापत्ति, अमोद सिंह, राधेश्याम, मुन्ना सिंह, प्रयाग पांडेय, लड्डू सिंह, कामेश, प्रतिमा बहन,कमला बहन, नरेश, साकेत जी सहित सैकड़ों गुरु भाई बहन शिव चर्चा को वर्तमान संदर्भ में नए कलेवर के साथ सार्थक जीवन जीने, जीवन को आनन्द से भरने के लिए श्रवण पान किये।

## वन अधिकार अधिनियम के तहत 42 लोगों को मिलेगा पट्टा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में वन अधिकार अधिनियम के तहत 42 लाभुकों को जांचोपरांत वन भूमि का पट्टा दिये जाने को लेकर सहमति बनी। बैठक में डीसी के अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, सदर सीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्य अर्जुन सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## खेल किसी भी व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारता : सनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखण्ड के सलैया पंचायत मुखिया कमला देवी के नेतृत्व में मझिगांवा बाजार स्थित मैदान में चल रही बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का लीग मैच बुधवार को बरवाडीह बनाम मझिगांवा तथा सलैया बनाम सरईडीह अंतर्गत हरनी के बीच खेला गया। इस दौरान मझिगांवा ने पहली पारी खेलते हुए 16 ओवर में 9 विकेट खो कर 84 रनों का लक्ष्य बरवाडीह को दिया। जबकि बरवाडीह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 ओवर में एक विकेट खो कर 85 रनों को पूरा कर जित हासिल की और मैन ऑफ द मैच



जैद को मिला।वहीं दूसरे टीम के खेल में हरनी ने सलैया को मात देकर विजयी बनी। मौके पर पंसस सुरेन्द्र साव, उप मुखिया संदीप कुमार, अमरेश यादव, घनश्याम शर्मा, नंदन कुमार, भीष्म नारायण सिंह, मनोज रवि, मिथलेश शर्मा, सीताराम रवि, राजन साव, विनय प्रसाद, डिंपल गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, नरेश यादव, धीरज कुमार सहिंत सैकड़ो दर्शक मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के अनाज व्यापारियों ने दुकान बंद कर किया विरोध प्रदर्शन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक -2022 के तहत दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय के विरोध में हुसैनाबाद के खाद्यान्न कारोबारी बुधवार को अपने



प्रतिष्ठान को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। खाद्यान्न व्यवसायी शहर के महाबीर जी भवन से जुलूस की शक्ल में शहर का भ्रमण करते हुए राज्य सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।इसके उपरांत एसडीओ कमलेश्वर नारायण व बिधायक के नाम ज्ञापन सौंपा।मौके पर खाद्यान्न व्यवसायीयो ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड मे फिर से कृषि शुल्क लगाने की तैयारी मे है ।उक्त विधेयक में अनियमितता को देखते हुए वर्ष 2015 मे इसे समाप्त कर दिया गया था। दुबारा इस शुल्क को लागु करने का निर्णय अव्यहारिक है ।उन्होंने कहा कि झारखंड मे अधिकांश कृषि उत्पादित वस्तुएं अन्य राज्यो से आता है ऐसे मे बाहर से आये हुए वस्तुओं पर कृषि बाजार शुल्क लगने से हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। बिहार मे बाजार समिती भंग कर दी गयी है झारखंड पहुचने से पहले ही टैक्स लग चुका होता है ऐसे मे कृषि बाजार शुल्क लगने से यहाँ के लोगो को डबल टैक्सेश की मार पड़ेगी ऐसे में उत्पाद महंगी होगी और हम पड़ोसी राज्यो के मुकाबले से बाहर हो जायेंगे ।उन्होंने राज्य के व्यवसायियों की समस्या को देखते हुए कृषि उत्पाद शुल्क विधेयक लागू नही करने की मांग की है ।विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार गुप्ता, बिजय प्रसाद गुप्ता,राजकुमार गुप्ता,संतोष कुमार गुप्ता,पीयूष अग्रवाल,दिनेश कुमार गुप्ता,अजित कुमार गुप्ता,छोटेलाल गुप्ता,सतीश कुमार गुप्ता,देव कुमार बोस,बिक्कू ठाकुर,रामजी कुमार,संजय गुप्ता समेत शहर के कई अन्य खाद्यान्न व्यवसायी मौजूद थे।

## टीम सुर्या पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दंगवार ने बेलबीघा को किया पराजित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत नवाडीह के मैदान में टीम सूर्या दंगवार बनाम टीम सुर्या बेलबिघा के



बीच खेला गया। पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने गत माह शुरू कराया है। नवाडीह मैदान में खेले गए मैच में दंगवार की टीम ने बेलबिघा की टीम को 8 रनों से पराजित कर दिया। बेलबिघा की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया ।दंगवार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए बेलबिघा की टीम ने लक्ष को प्रात नही कर पाई और दंगवार ने मैच जीत लिया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह व दंगवार पंचायत मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग इलाकों में किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने में आम लोगों को भी आगे आना का आह्वान किया। मौके पर हसन खलीफा,राजन सिंह,पवन चौधरी, अभिमन्यु सिंह,गोलू, चंचल कुमार, बबलू सिंह, विक्की, अवनीश चौधरी, बाबू उर्फ पवन, गौतम, प्रिंस, राहुल, समसेर, श्रीराम, बसंत कुमार, राकेश, रिंकू, हिमांशु, मनीष समेत कई लोग मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा के यात्री के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के पटेल चौक के समीप दुर्गा मंडप भवन परिसर में बुधवार को भारत जोड़ो यात्रा के यात्री रहें ऋषिकेश सिंह के सम्मान में कांग्रेस नगर मंडल



अध्यक्ष रंजीत पासवान ने एक समारोह आयोजित कर गया उनका अभिननदन किया ।समारोह की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष रंजीत पासवान ने की जबकि संचालन अर्जुन सिंह ने किया ।मौके पर भारत जोड़ो यात्रा के यात्री रहें ऋषिकेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष व कार्यकताओं के द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित करना सराहनीय पहल है ।इस तरह के कार्यक्रम से पार्टी के ऊजार्वान कार्यकर्ताओ को समर्पित होकर कार्य करने को बल मिलता है ।उन्होंने कार्यकर्ताओ को पार्टी व संगठन को मजबूत करते हुए जनमानस की समस्या को मुखर होकर निदान करने का आह्वाहन किया ।मौके पर शिक्षा विभाग प्रकोष्ठ के स्टेट चेयरमेन श्यामनारायण सिंह,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, अवध बिहारी सिंह, नदीम खान, गुप्तेश्वर पांडे , लल्लू सिंह, यूथ कांग्रेस के पाटन विधानसभा प्रभारी नितीश पासवान, परता के मुखिया कमलकिशोर पासवान, अवधेश सिंह, मशरुर अहमद,महिला विंग की प्रखंड अध्यक्ष मीणा देवी समेत पार्टी के कई पदाधिकारी व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोक्रो आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की समस्या से झेल रही सहायिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के ढकचा पंचायत अंतर्गत कोक्रो आंगनबाड़ी केंद्र में महिंनो से चापाकल खराब होने से सहायिका पानी के लिए परेशान है। उक्त जानकारी बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका मुन्नी देवी ने दी। उन्होंने कहा कि चार माह पूर्व खराब चापाकल की सूचना जलसहिया के माध्यम से पीएचडी विभाग को दी थी। इसके बावजूद इसके अभी तक चापाकल की मरम्मती नहीं हो सकी। जबकि दोबारा बोलने पर जलसहिया कुशुम देवी बोलती है कि हम लोग चापाकल नहीं बनाते हैं। चापाकल



खराब रहने से बच्चों को पानी पिलाने या खाना बनाने के लिए सहायिका लीलावती कुंवर को केन्द्र से तीन सौ मीटर दूर से पानी लाना पड़ता है जिससे पानी ढोने में काफी दिक्कत होती है।अब गर्मी का असर भी शुरू हो गया है छोटे छोटे बच्चों को पानी के लिए काफी दिक्कत होगी।

## काले कृषि कानून के विरोध में एक दिन की सांकेतिक बंदी : आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा सदन में पारित कराए गए नए कृषि कानून विधेयक के विरोध में सारे झारखंड के व्यवसायी एकजुट हो गए हैं और जब बिहार,बंगाल, उड़ीसा एवं उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान प्रदेश की राज्य सरकारों ने इसे किसान एवं व्यवसाय विरोधी बताकर और भ्रष्टाचार इंस्पेक्टर राज वाला कानून मानते हुए इसे रद्द किया है वही झारखंड एक खनिज प्रधान प्रदेश हैं यहां के कृषि मंत्री इस विधेयक को लागू करना चाह रहे हैं जिसका



समस्त व्यवसाई समाज और किसान विरोध कर रहे हैं। इस संदर्भ में आज सारे झारखंड के व्यवसाई अपना प्रतिष्ठान बंद कर और काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। इस विषय पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने लोगों से अपील की है कि पलामू के सभी खाद्य व्यापारी, टिंबर व्यवसाई एवं कच्चे माल के विक्रेता एकजुट होकर इस काले कानून का विरोध करें जो लागू होने के बाद एक गलत अध्याय लेकर आएगा। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि इस कानून के लागू होने पर केवल आटे और मैदे में लगभग 5 की वृद्धि हो जाएगी। पूर्ण रूप से इंस्पेक्टर राज एवं घूस का बाजार गर्म हो जाएगा। कागजों के नाम पर दोषियों का दोहन किया जाएगा एवं छोटी मोटी भूल को भी बड़ी बनाकर एक बड़ा भ्रष्टाचार का व्यापार शुरू हो जाएगा। अध्यक्ष आनंद शंकर में सभी व्यवसायियों को पूर्व की भांति एकजुटता दिखाने का आग्रह किया और कहां कि इस कानून से समझौता नहीं करना है और इसे लागू नहीं होने देना चाहिए। इसके लिए अगर देशभक्त वव्यसई न्याय प्रिय व्यवसायी को रोड पर भी आना पड़े और उसका विरोध करना पड़े तो हम हर कदम पर तैयार हैं। उन्होंने पलामू व्यवसाई संघ, डाल्टनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य समूह को धन्यवाद दिया जिन के सदस्यों ने सक्रिय रूप से इस बंदी को सफल बनाने के लिए दुकानें बंद की और अपना योगदान दिया।

## रब्दी भुइंया टोली के प्राथमिक विद्यालय में लटका रहा ताला, बच्चे लौटे बैरंग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)** । शिक्षक की मनमानी और अधिकारियों की लापरवाही के चलते अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यालयों की शिक्षा पटरी पर नहीं आ रही है। शिक्षकों के समय से विद्यालय न पहुंचने और अक्सर गायब रहने से शिक्षण कार्य प्रभावित है। बुधवार को हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रब्दी भुइंया टोली में सुबह से ही ताला लटका रहा और विद्यालय परिसर में घंटों इंतजार के बाद बच्चे बैरंग लौट गए। प्राथमिक विद्यालय स्थित खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मुनारिक यादव, शम्भू यादव,तपेश्वर राम, संजू कुमारी, अजय यादव, उमेश कुमार यादव आदि लोगों ने बताया कि आज विद्यालय खुला ही नहीं है ।प्रधानाध्यापक शराब पीकर कहीं पड़ा होगा। विद्यालय में प्रधानाध्यापक तिलक राम और एक सहायक शिक्षक कृष्णा कुमार यादव पदस्थापित हैं, इसके बावजूद दोनों विद्यालय से गायब रहें ।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानाध्यापक अक्सर शराब के नशे में विद्यालय आते हैं ।इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को भी है। यह शिल शिला हमेशा की है और इस पर कई बार अधिकारियों को लिखित और अखबार के माध्यम अवगत भी कराया गया परंतु कार्रवाई नहीं हुई ।इसमें शिक्षक के साथ अधिकारी भी जिम्मेवार है ।जिससे रब्दी भुइंया टोली के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है ।इस संबंध में प्रधानाध्यापक से फोन पर संपर्क करने की प्रयास किया गया परंतु बात नहीं हुई ।जबकि सहायक शिक्षक कृष्णा कुमार यादव ने दूरभाष पर बताया कि मेरे बच्चे का तबियत खराब होने के कारण आज हमने छूटी लगा दी है ।वहीं विद्यालय बंद रहने के संबंध में बीईओ और बीपीएम से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया पर बात नहीं हो सकी।

## पथिक ग्राम दुकान से पलामू के उत्पाद को राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाने की कोशिश

# हुनर को मिली पहचान, रोजगार के अवसर हो रहे सृजित

**पर्यटकों को आकर्षित कर रहा पलामू का हस्तशिल्प**

**सरकार के प्रयास से रोजगार से जूड़ रहे स्थानीय, घर से ही हो रहा हुनरमंदों के उत्पाद का व्यापार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में पर्यटन संवर्द्धन के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाने की कोशिश हो रही है। पर्यटन स्थलों पर एक ओर जहां पर्यटकीय सुविधा बढ़ाई जा रही है। वहीं स्थानीय व्यक्तियों को हुनरमंद बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे हैं। हुनर की पहचान मिले और लोग रोजगार से जुड़कर आमदनी बढ़ा सके, इसके लिए सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन जुटी है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष वर्ग को स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़कर रोजगार मुहैया कराई जा रही है। महिला-पुरूषों को हुनरमंद बनाने से लेकर उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प को बाजार उपलब्ध कराने का कार्य भी जोरो से चल रहा है। निर्मित वस्तुओं का उचित मूल्य मिले, इसके लिए प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में शामिल है पथिक ग्राम दुकान। पलामू प्रमंडल के दुबियाखांड़-नेतरहाट मुख्य मार्ग पर सेसा प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में अवस्थित ह्यपथिक ग्राम दुकानह्य में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा निर्मित हस्तशिल्पों को न केवल प्रदर्शित किया गया है, बल्कि बिक्री भी की जा रही है। यह दुकान दुबियाखांड से बेतला सड़क की ओर करीब 1.5 किलोमीट पर स्थित है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान, केचकी संगम, पहाड़ों की रानी नेतरहाट जैसे नामचीन पर्यटन स्थलों सहित अन्य नैसर्गिक सुंदरताओं का दीदार करने पलामू पहुंच रहे पर्यटकों को सड़क के दोनों ओर घने वनों की सुंदरता के बीच अवस्थित ह्यह्यपथिक ग्राम दुकानह्यह्य एक बार यहां रूकने का इशारा करता है। यहां भगवान बिरसा मुंडा, शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर, मेदिनीराय आदि की मूर्तियां उपलब्ध है। साथ ही जूट से बने पायदान, बैग, झारखंडी संस्कृति को जोड़ती कलात्मक वस्त्र, मिट्टी से बने डिजाइनर दीया, जूट, बांस एवं मिट्टी के आकर्षक गहने, स्टैंडिंग मॉडल, पेन-पेंशिल बॉक्स, जूट के थैले, माला, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि सामग्री हल्के एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

**प्रशिक्षण देकर आजिविका को किया जा रहा सशक्त : नाबार्ड**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के हस्तशिल्प विभाग, वन विभाग की पलामू दक्षिणी वन प्रमंडल के सहयोग से जूट, बांस, मिट्टी के उपकरण बनाने का प्रशिक्षण समय-समय पर दिया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों को आर्टिजन कार्ड भी उपलब्ध कराये गये हैं। प्रशिक्षक झारखंड एवं दूसरे राज्यों के भी आते हैं। महिलाओं को सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उन्हें कच्चा सामग्री की खरीद के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़े। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर वस्तू तैयार की गयी है। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के निमित छात्रवृति भी दी जाती है। प्रशिक्षक गांव-गांव जाकर 15 दिनों एवं 1 माह का प्रशिक्षण देते हैं, ताकि ग्रामीण महिलाओं के हुनर का विकास हो सके और वे रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें। समय-समय पर पुरूष वर्ग को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। जूट के अधिकांश उत्पाद पुरूष वर्ग द्वारा ही तैयार की जाती है। नाबार्ड डीडीएम शालीन लकड़ा ने बताया कि नाबार्ड द्वारा संपोषित ह्यह्यपथिक ग्राम दुकानह्यह्य का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं द्वारा स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत उत्पादित व निर्मित हस्तशिल्प सामग्री के विपणन हेतू एक बाजार उपलब्ध करवाना है। इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से स्वावलंबी व सशक्त किया जा सकता है। पर्यटकों को उनकी मांग के अनुरूप सामग्री मिल रहा है। साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय फलक पर स्थानीय चीजों की पहुंच बढ़ रही है। नाबार्ड दुकान संचालन के लिए सेसा संस्था को फैसिलिटेट कर रही है। पथिक ग्राम दुकानह्यह्य का संचालन कर रही संस्था सेसा के सचिव कौशिक मल्लिक ने बताया कि इसमें ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित डोकरा आर्ट एवं हस्तशिल्प के विभिन्न उपयोगी एवं सजावटी सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे पर्यटक एवं स्थानीय लोग पसंद कर रहे हैं। एक्सक्लूसिव हैंडीक्राफ्ट आउटलेट में बिक्री उपरांत प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग विभिन्न समाजोन्मुखी कार्यक्रम जैसे महिला शिक्षा, वस्त्र वितरण, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना एवं स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के कार्य में उपयोग किया जायेगा। कुछ सामग्री पुरूष वर्ग द्वारा भी तैयार किया गया है। अजय कुमार जूट से सामग्री निर्माण कार्य का प्रशिक्षण देते हैं। वे खूद भी वस्तू निर्माण करते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण देकर जूट से पायदान, वाटर बोतल रखने का थैला एवं अन्य हैण्डिक्राफ्ट निर्माण का प्रशिक्षण देकर उन्हें उनके घर पर ही रोजगार से जोड़ा जाता है।

## विष्णु एवं कार्तिकेय ने बढ़ाया एमके डीएवी का मान




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीएवी प्रबंधकर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्य रत्न, पद्मश्री पूनम सूरी एवं आर्यवीर डां. जेपी शूर डायरेक्टर पीएस1 के आशीष एवं कुशल मार्गदर्शन में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर चतुर्दिक फल फूल रहा है। इंस्टिट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट एवं बिहार से कोकाई कराटे इंटरनेशनल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित थर्ड रिपब्लिक ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023, 28 एवं 29 जनवरी 2023 को पटना में आयोजित थी। विद्यालय के छात्र विष्णु हसन चतुर्थ अ ने 35 किलोग्राम एवं 10 वर्ष की आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया एवं कार्तिकेय डीएसएसबीएल पंचम द के छात्र ने 45 किलोग्राम एवं 11 वर्ष आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। 8 फरवरी 2023 को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डां जीएन खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने अन्य बच्चों से भी आगे बढ़कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा अपना,अपने माता-पिता,विद्यालय का सम्मान बढ़ाने की अपील की।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, हेसाग, राँची

पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना

पशुपालक बन्धुओं को सूचित करना है कि सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक-1505 दिनांक-30.12.2022 के आलोक में NADCP अन्तर्गत खुरहा चपका रोग का टीका विशेष टीकाकरण अभियान के तहत् दिनांक-03.01.2023 से 28.02.2023 तक सभी प्रखण्डों में चलाया जा रहा है।

सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने पशुओं में शत प्रतिशत टीका लगवाकर अपने पशुधनों को रोगमुक्त रखना चाहेंगे इससे संबंधित जानकारी हेतु स्थानीय प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी /भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क स्थापित करेंगे। विशेष जानकारी हेतु पशुपालन निदेशालय के Toll Free No 18003097711 पर संपर्क कर सकते है।

संयुक्त निदेशक (कु०)

PR.NO.289631 Animal Husbandry(22-23):D

### चिंताजनक : झारखंड में टीका लगवाने के मामले में धनबाद की स्थिति 22वें पायदान पर

# धनबाद में तीन लाख लोगों को अब तक नहीं लगा कोविड-19 का एक भी टीका

## 9 फरवरी तक बर्बाद हो जायेंगें कोविशिल्ड के 920 डोज, खपत के लिए प्रभारियों को निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से एक तरफ कोरोना वैक्सीन की बर्बादी का सिलसिला जारी है, तो दूसरी ओर, जिले के तीन लाख लोगों को कोरोना का एक भी टीका लगा ही नहीं है। जिला टीकाकरण विभाग की मानें तो धनबाद में कुल 20 लाख लोगों को टीकाकरण से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन दो वर्ष बीतने के बावजूद अभी तक मात्र 17 लाख लोगों को ही पहला डोज लग पाया है। वहीं 12 लाख लोगों को दूसरा डोज लगाया गया है। लगभग तीन लाख लोगों को अब तक एक भी टीका



नहीं लग पाया है। 11.40 लाख लोगों को बूस्टर डोज टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी अब तक 1.50 लाख लोगों को ही बूस्टर डोज लग पाया है। आलम यह है कि पूरे झारखंड में धनबाद जिले की स्थिति 22वें पायदान पर चली गई है।

### सभी प्रभारियों को दिये गये हैं विशेष निर्देश

धनबाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से वैक्सीन की बबार्दी का सिलसिला नहीं थम रहा है। पहले अधिकारियों की उदासीनता के कारण 40 लाख रुपए का रेमडेसिविर बर्बाद हुआ। इसके बाद 48 लाख रुपए की कोरोना वैक्सीन बर्बाद हो गई। अब एक बार फिर से लगभग 900 से ज्यादा कोविशिल्ड वैक्सीन बर्बाद होने की कगार पर है। रांची मुख्यालय की ओर से धनबाद को पिछले माह कोविशिल्ड के 5000 डोज भेजे गए थे, लेकिन नौ फरवरी के बाद ये भी नष्ट होने वाले हैं। इधर, वैक्सीन एक्सपायर होने के दो दिन पहले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पदाधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल इसके खपत का निर्देश दिया है।

### बूस्टर डोज लगवाने में लोगों की रूचि कम

धनबाद के जिला टीकाकरण पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार ने बताया कि टीकाकरण में तेजी के लिए सभी प्रभारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। जो वैक्सीन मिले हैं वह अल्प मियादी है। बूस्टर के प्रति लोगों ने रूचि कम है इसीलिए लोग केंद्र पर कम आये।

### कोई प्रचार-प्रसार नहीं

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बेरुखी की वजह से समय पर धनबाद के लोगों को वैक्सीन नहीं मिल पाई। वैक्सीन आने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से टीकाकरण केंद्रों की संख्या भी नहीं बढ़ाई गई। जिले में केवल सदर अस्पताल में ही टीकाकरण केंद्र खोला गया। इन सबके चलते लोगों को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी रुचि नहीं ली। अब जाकर अधिकारियों के कान खड़े हुए हैं।

### बेरमो डीएसपी ने किया बोकारो थर्मल थाना का निरीक्षण



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीस चंद्र झा ने बुधवार को बोकारो थर्मल थाना का निरीक्षण किये। उन्होंने बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेस कुमार चौहान सहित अन्य एसआई और एएसआई पुलिस अधिकारियों के साथ थाना परिसर में बैठकर कर अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही सुरक्षा का भी जायजा लिए। बैठक में बोकारो थर्मल थाना में लंबित कांडों सहित दैनिक कार्यों की भी जांच और निरीक्षण किया। पुलिस पदाधिकारियों को कांडो का जल्द निष्पादन करने को कहा। पत्रकारों से डीएसपी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। क्षेत्र में छिटपुट तरीका से चल रहे कोयला एवं लोहा तस्करी पर भी पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। डीएसपी ने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कहा कि लोगों के सहयोग से ही अपराध, नक्सलवाद और अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सकता है। अपराध पर रोकथाम के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। नक्सलियों के खिलाफ भी लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर थानेदार सह इंस्पेक्टर शैलेश भी थे।

### सुसेन के ट्वीट पर मंत्री चंपई सोरेन ने लिया संज्ञान



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही). चास प्रखंड अंतर्गत तुपकडीह के मानगो निवासी सिमरन कुमारी 80 फीसदी दिव्यांग है। कई साल से उसके पिता सिमरन का पेंशन शुरू करवाने के लिए इधर-उधर के चक्कर काट रहे थे। तभी उन्हें किसी ने संघर्षशील दिव्यांग संघ के अध्यक्ष सुसेन दत्ता से मिलवाया। सुसेन दत्ता ने सारी समस्याओं को समझते हुए कल्याण मंत्री चंपई सोरेन को ट्वीट के जरिए सिमरन की परेशानी से अवगत कराया। मंत्री चंपई सोरेन ने तुरंत सुसेन दत्ता के ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए बोकारो डीसी को सिमरन की सहायता करने का निर्देश दिया। यह बात सुनकर सिमरन के पिता राजेश्वर मांझी काफी खुश हैं। उन्होंने आशा जताई है कि अब उनकी बेटी का पेंशन जल्द ही लागू हो जाएगा। वहीं, राजेश्वर मांझी ने मंत्री चंपई सोरेन के साथ साथ सुसेन दत्ता को धन्यवाद दिया है।

### आशीर्वाद टावर अग्निकांड : जिला प्रशासन ने डॉ निर्मल ड्रोलिया और बैंक मोड़ थानेदार को किया सम्मानित



धनबाद (आजाद सिपाही)। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक रोड स्थित आशीर्वाद टावर में विगत 31 जनवरी को हुए भीषण अग्निकांड में राहत और बचाव कार्य में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी ने पाटलिपुत्र नर्सिंग होम के डॉ निर्मल ड्रोलिया एवं बैंक मोड़ इंस्पेक्टर डॉ पीके सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि आशीर्वाद टावर की घटना में डॉ निर्मल डोलिया एवं बैंक मोड़ इंस्पेक्टर डॉ पीके सिंह ने सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य किया है। पाटलिपुत्र नर्सिंग होम ने घटना के तुरंत बाद एक पल की देरी किए बिना अपने फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाया, जिस कारण आग टावर के अन्य फ्लोर तक नहीं पहुंच सकी। वहीं बैंक मोड़ इंस्पेक्टर ने कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वे टावर की सीढ़ियों पर चढ़ गए और लोगों को छत पर जाने के लिए प्रेरित किया। अफरा-तफरी के माहौल में जो सीढ़ियों में फंसे थे उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने में भी अहम भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट योगदान एवं सराहनीय कार्य के लिए जिला के प्रभारी मंत्री सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण-सह-आपदा प्रबंधन विभाग ने आभार प्रकट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा उनके सराहनीय कार्य व योगदान के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए डीसी संदीप सिंह की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इस मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर भी मौजूद थे।

### बाजार शुल्क के विरोध में चिरकुंडा में व्यवसायियों ने किया सांकेतिक हड़ताल



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। झाारखंड सरकार की ओर से गल्ला व्यवसायियों पर दो फीसदी बाजार शुल्क लगाने के विरोध में बुधवार की सुबह चिरकुंडा चेंबर की ओर से एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया गया। व्यवसायियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गल्ला व्यवसायियों के पर दो फीसदी बाजार शुल्क लगाया गया है जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। सरकार से मांग हैं कि अविलंब इसे वापस लिया जाए। आज हम लोगों ने सांकेतिक हड़ताल किया गया है। अगर सरकार जल्द ही मांगों को नहीं मानती है तो आगे की रणनीति तय कर सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर निकली जागरूकता यात्रा



धनबाद (आजाद सिपाही)। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय से जागरूकता यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिविल सर्जन ने कहा कि 10 से 25 फरवरी तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रथयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। रथ यात्रा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के दौरान 10 फरवरी को जिले के 2231 बूथ पर 4306 स्वयंसेवक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा प्रशासक द्वारा खुद के सामने डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एक से दो साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर, 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी। वहीं एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है। यह जानलेवा नहीं है, लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है। इसलिए इस रोग के बचाव के लिए एमडीएम कार्यक्रम के दौरान सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन करना आवश्यक है।

## मैथन व जोड़ापोखर में दो लोगों ने की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/चितकुंडा।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बरारी में पेशे से ठेका मजदूर एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान अमर शर्मा (35) के रूप में हुई है। बुधवार की सुबह घर के कमरे में अमर को फंदे से लटकता देख परिजनों से किसी तरह उसे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। तुरंत इसकी सूचना जोड़ापोखर पुलिस को दी गई। उधर, खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राथमिक पड़ताल के आधार पर मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह अमर से पत्नी पूजा शर्मा को नास्ता बनाने को कहा था। पत्नी रसोई घर में नास्ता बनाने चली गई। इसी बीच अमर अपने कमरे में गया और गमछे का फंदा बनाकर उसपर झूल गया। मृतक की तीन बेटियां है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

दूसरी ओर, मैथन ओपी के डॉक्टर कॉलोनी बनमेढा में बुधवार की दोपहर एक व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान सुनील कुर्मी (42) के रूप में हुई है। मृतक एमपीएल में गार्ड की नौकरी करता था। मृतक की पत्नी रानी देवी ने बताया कि इस दनि दोपहर में वह किसी काम से घर के छत पर गई थी। जब वह वापस नीचे अपने कमरे में आई तो पति को कपड़ें के सहारे पंखा से लटकता पाया। उसने तुरंत इसकी सूचना आपपास के लोगों को दी। पड़ोसियों ने इसकी सूचना मैथन पुलिस को दी। जिसके कुछ देर बाद ही मैथन पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर मैथन के बीपी नियोगी अस्पताल स्थित शवगृह में ले गई। शव को गुरुवार को पोस्टर्माटम के लिए धनबाद भेजा जायेगा। मृतक का एक बेटा और एक बेटी है।

### अग्नि प्रभावित क्षेत्र में मिला अज्ञात शव

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोडा कोलियरी कांटा घर के पास रविवार को अग्नि प्रभावित क्षेत्र में से 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान नहीं होने पर पुलिस की ओर से तेलीपाडा श्मशानघाट में दफ्न करवा दिया गया। पुलिस ने 72 घंटे के बाद अंतिम संस्कार किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का पता नहीं चलने पर वेसरा रिजर्व कर लिया गया है। शव को देखने और जिस स्थान पर फेंका पाया गया उससे ही लग रहा था कि इसकी हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से वहां लाकर फेंक दिया गया था। बुधवार की शआम करीब पांच बजे पुलिस की ओर से उक्त शव को दफ्न किया गया।

### सरकारी जमीन पर बन रहे मकान को किया गया ध्वस्त

गृहस्वामी की पत्नी और अंचलाधिकारी के बीच हुई नोंक-झोंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** कतरास जलापूर्ति योजना की पानी टंकी के समीप सरकारी जमीन पर आवास बना कर रह रहे रंजीत शर्मा के घर को न्यायालय के निर्देश के बाद अंचला अधिकारी कमल किशोर सिंह की उपस्थिति में बुधवार को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान गृहस्वामी की पत्नी गुड़िया देवी, उसके बच्चों और अतिक्रमण मुक्त करने पहुंची टीम के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। हो हंमामा बढ़ता देखकर अंचलाधिकारी के निर्देश पर महिला पुलिस ने गुड़िया को जबरन जिप में बिठा कर महिला थाना ले गई। साथ ही आवास के सभी समानों को बाहर निकाल कर वाहन में लादकर गृहस्वामी के एक रिश्तेदार की जिम्मेवारी में सौंप दिया। इसके बाद जेसीबी मशीन से आवास को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। सीओ कमल किशोर सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में अंचल कार्यालय द्वारा उक्त जमीन की जांच पड़ताल किया गया था जिसमें सरकारी अमीन व हल्का कर्मचारी द्वारा प्रतिवेदन है कि यह जमीन सरकारी है और लगभग दो डिसमिल सरकारी जमीन पर रंजीत शर्मा ने अतिक्रमण किया था।

### कुड़मी महाजुटान को लेकर बैठक



बोकारो (आजाद सिपाही)। चास-चंदनकियारी के बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में 19 मार्च को होने वाले कुड़मी महाजुटान को लेकर जोधाडीह मोड़ स्थित कुड़मी छात्रावास में बुधवार को झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी युवा मंच के संचालन समिति की बैठक हुई। जिसमें कुड़मी जनजाति समाज द्वारा अधिकार पाने को अनुसूचित जनजाति सूची में पुनः सूचीबद्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मंटू महतो, खिरोधर महतो, पार्वती चरण महतो, शत्रुघ्न महतो, अरुण महतो, दुर्गाचरण महतो, बहादुर महतो, भुपेंद्र केटीयार, रघुनंदन महतो, बंकिम चंद्र महतो, गोराचांद महतो, मिथिलेश महतो आदि मौजूद थे।

### भाजपा महिला मोर्चा के कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक

## धनबाद में 11 व 12 फरवरी को प्रदेश कार्यसमिति की होगी बैठक, पार्टी के वरिष्ठ नेता करेंगे शिरकत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर में 11 और 12 फरवरी को आयोजित होने जा रहे भाजपा महिला मोर्चा कि झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की सफलता को लेकर बुधवार को जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने की। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय (11- 12 फरवरी) को जिला कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होनी है। जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिला कल्याण के लिए अनेकों कार्य किए हैं। भाजपा सरकार में महिलाओं का उत्थान और सशक्तिकरण हुआ है। वहीं, जिला महानगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि बैठक के बाद इस क्षेत्र में माता और बहनों के बीच पार्टी का वैचारिक आधार बढ़ेगा। बैठक में रितु रानी सिंह, रमा सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, विनीता सिंह, रीता शर्मा, मानस प्रसून, दिनेश सिंह, निताई रजवार, रीता प्रसाद, मिल्टन पार्थ सारथी, किरण सिंह, नीतू शंकर, स्मिता सिंह आदि उपस्थित थी।



कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा करता जिला नेतृत्व।

### प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में होंगें शामिल

धनबाद में होने वाले प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर धनबाद सांसद पीएन सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, धनबाद विधायक राज सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, रागिनी सिंह आदि शामिल हैं।

### रागिनी सिंह के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने की चर्चा

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में मोर्चा के सदस्यों ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में जाकर मुलाकात की और कार्यसमिति की बैठक को लेकर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, लक्ष्मी कुमारी, किरण सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष रमा सिंह, उत्तरी छोटा नागपुर क्षेत्रीय प्रमंडलीय प्रभारी रितु रानी सिंह, प्रदेश प्रवक्ता रायमुनि, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, रीता प्रसाद यादव आदि मौजूद थीं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् हण्टरगंज प्रखण्ड में पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्यों की ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–**17/2022-23/RWD/CHATRA**, दिनांक–28.01.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.02.2023 है, जिसका **P.R. No.** 288659 ;**Rural Work Department)** 22–23 **(D)** है, जिसमें क्रम सं॰–04 में अंकित शंकर चौधरी के घर से अजय यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य (लं॰–0.246 कि॰मी॰) को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.289625
Rural Work Department(22-23):D

**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला परिषद, कोडरमा का आय श्रोत बहुत कम होने के कारण आय वृद्वि हेतु उपायुक्त, कोडरमा से भूमि की माग की गई है। दिनांक 11–01–2023 को सम्पन्न जिला परिशद की बैठक में निर्णय लिया गया कि उपायुक्त महोदय के द्वारा चिन्हित भूमि पर जिला परिशद के द्वारा संरचना तैयार करने के पूर्व उसका सीमांकण कराना आवश्यक है। बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में जिला परिशद के आय श्रोत में वृद्वि हेतु उपायुक्त महोदय से उपलब्ध कराये गये भूमि पर सीमांकण का कार्य किया जाना है।

सीमांकण कार्य चिन्हित भूमि के चारों ओर कंटीले तार से धेरा किया जायेगा, जिसमें 10 फीट की दूरी पर 2 इंच X 6 फीट उॅचा लोहा एंगल को कक्रीट सिमेंट से जाम कर जिस पर पॉच लेवल में कंटीले वायर्र लगया जाना है।

इच्छूक निविदादाता दिनांक 16–02–2023 के अप0 2.00 बजे तक दर कोटेशन (प्रति रनिंग मीटर) जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 16–02–2023 को अप0 4.00 बजे खोला जायेगा।

निविदा की शर्ते कोडरमा जिला के वेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, कोडरमा

PR 289632 Rural Development (22-23)_D

**प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची**

**–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची के लिए बैडमिन्टन खेल किट्स के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 15.02.2023 को निर्धारित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बैडमिन्टन रैकेट (Yonex or Victor) | 28 पीस |
| 2. | बैडमिन्टन शु (Yonex or Victor) | 14 जोड़ा |
| 3. | किट्स बैग (Yonex or Victor) | 14 पीस |
| 4. | टैक सुट (Yonex or Victor) | 14 पीस |
| 5. | टी॰शर्ट (Yonex or Victor) | 28 पीस |
| 6. | हाफ पेन्ट (Yonex or Victor) | 28 पीस |
| 7. | शटल (Yonex AS -2) | 20 डब्बा |
| 8. | बैडमिन्टन ग्रीप | 28 पीस |
| 9. | गर्टस | 28 पीस |
| 10. | तौलिया (मिडियम साईज) | 14 पीस |
| 11. | मौजा (Yonex or Victor) | 14 जोड़ा |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 15.02.2023, सुबह 11:00 पूर्वा॰ बजें तक निश्चित रूप से निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे। निविदा दि॰ 15.02.2023, समय 17.00 बजें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोल जायेगी।

**नियम एवं शर्ते** :–

1. निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का GST का अद्यतन प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।
2. आपूर्तिकर्त्ता, सामानों का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
3. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन कार्ड की छायाप्रति होना अनिवार्य है।
4. निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।
5. किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार समादेश्टा, झा॰स॰पु–1, राँची के पास सुरक्षित रहेगा।
6. खेल सामाग्री सरकारी विभाग में आपूर्ति किया हुआ प्रमाण पत्र संलग्न आवश्यक है।

ह॰/–
(वाई॰एस॰रमेश)
समादेष्टा झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1,राँची

PR289622 (Police)22-23*D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## आरबीआइ ने लगातार छठी बार बढ़ायी ब्याज दरें

# 30 लाख के लोन पर करीब 1 लाख रुपये ज्यादा चुकाने होंगे, एफडी पर ज्यादा ब्याज



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ ने बुधवार को रेपो रेट में 0.25% का इजाफा किया है। इससे रेपो रेट 6.25% से बढ़कर 6.50% हो गया है। यानी होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा हो जायेगा और आपको ज्यादा एटक चुकानी होगी। हालांकि एफडी पर अब ज्यादा ब्याज दरें मिलेंगी। 1 अगस्त 2018 के बाद रेपो रेट की यह सबसे ऊंची दर है। तब भी रेपो रेट 6.50% थी। ब्याज दरों पर फैसले के लिए 6 फरवरी से मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग चल रही थी। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में ब्याज दरों से जुड़ी घोषणा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को बजट पेश करने के बाद एमपीसी की यह पहली बैठक है। इससे पहले दिसंबर में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 5.90% से बढ़ाकर 6.25% किया गया था।

### 6 बार में 2.50% की बढ़ोतरी

मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। इस वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। तब आरबीआइ ने रेपो रेट को 4% पर स्थिर रखा था, लेकिन आरबीआइ ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40% बढ़ाकर 4.40% कर दिया था। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50% इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40% से बढ़कर 4.90% हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50% बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40% पर पहुंच गई। सितंबर में ब्याज दरें 5.90% हो गई। फिर दिसंबर में ब्याज दरें 6.25% पर पहुंच गई। अब ब्याज दरें 6.50% पर पहुंच गई है।

### एक साल में करीब 2988 रुपये बढ़ी एटक

ब्याज दरों के बढ़ने के बाद मई से पहले जो होम लोन आपको 5.65% रेट ऑफ इंटरेस्ट पर मिल रहा था वो अब 8.15% पर पहुंच गया है। यानी 20 साल के लिए 20 लाख के लोन पर आपको हर महीने करीब 2,988 ज्यादा की एटकदेनी होगी।

### 0.25% रेट बढ़ने से कितना फर्क पड़ेगा?

मान लीजिए रोहित नाम के एक व्यक्ति ने 7.90% के फिक्स्ड रेट पर 20 साल के लिए 30 लाख का लोन लिया है। उसकी एटक 24,907 रुपये है। 20 साल में उसे इस दर से 29.77 लाख रुपये का ब्याज देना होगा। यानी, उसे 30 लाख के बदले कुल 59.77 लाख रुपए चुकाने होंगे। रोहित के लोन लेने के बाद आरबीआइ रेपो रेट में 0.25% का इजाफा कर देता है। इस कारण बैंक भी 0.25% ब्याज दर बढ़ा देते हैं।

### अब एटीएम से निकलेंगे सिक्के: यूपीआइ ऐप से दफ्कोड स्कैन करके निकाल सकेंगे पैसे

**नयी दिल्ली।** अब आप यूपीआइ के जरिए एटीएम से सिक्के निकाल सकेंगे। आरबीआइ ने आज मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग के बाद सिक्कों के लिए वेंडिंग मशीन लगाने की घोषणा की। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि उसकी योजना दफकोड पर आधारित कॉइन वेंडिंग मशीन लगाने की है। वो इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहे हैं। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इसका उद्देश्य सिक्कों की उपलब्धता को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि रिजर्व बैंक शुरूआती चरण में इसे देश के 12 शहरों में शुरू करने जा रहा है। दफकोड बेस्ड वेंडिंग मशीनों का इस्तेमाल वढकके जरिये किया जायेगा और इनसे नोट की जगह सिक्के बाहर निकलेंगे। इन कॉइन वेंडिंग मशीन से कोई भी ग्राहक अपने यूपीआइ ऐप के जरिये मशीन के ऊपर लगे दफ कोड स्कैन करके सिक्के निकाल सकेंगे। जितनी कीमत के सिक्के ग्राहक निकालेगा, उसके रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट से वो पैसा कट जायेगा।

## खुर्दा टाउन थाने को बड़ी कामयाबी

# 56 लाख रुपये की ब्राउन शुगर बरामद, 4 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खोरधा टाउन थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने तोटापड़ा चौक के पास छापेमारी कर 56 लाख रुपये की ब्राउन शुगर जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खुर्दा एसपी सिद्धार्थ कटारिया ने आज पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को कल एक ऑटो में बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर की तस्करी की सूचना मिली थी। एसपी के निर्देश पर खुर्दा एसडीपीओ दीलिप दास एवं टाउन थाना आइआइसी तारिक अहमद के नेतृत्व में तत्काल एक टीम गठित की गई और जगह-जगह पर छापेमारी किया गया। हालांकि पूर्वाह्न पुलिस ने उक्त ऑटो को तोटापड़ा चौक के पास से जब्त कर लिया। पुलिस ने ऑटो से 560 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 56 लाख रुपये होगा। उक्त घटना में एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सदर थाना क्षेत्र के सुषमा मल्लिक (36), शिव मल्लिक (42), जयप्रकाश मल्लिक (21) और रणपुर थाना क्षेत्र के प्रताप कुमार महापात्र (33) हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ टाउन थाने में केस नं 86/23 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ग)/29 के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट चालन किया।

## पूर्व तट रेलवे के पीआरएस डेटा बेस ने भुवनेश्वर से काम करना शुरू किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे (पूतरे) के पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (ढफ्र) डेटा बेस ने आज (8 फरवरी, 2023) से भुवनेश्वर से काम करना शुरू कर दिया। पूर्व तट रेलवे अब अपने अधिकार क्षेत्र से चलने वाली ट्रेनों की ऑनलाइन गतिविधियों को संचालित करने के लिए आत्मनिर्भर है और अन्य रेलवे/केंद्रों पर निर्भर नहीं होगा। इससे जहां पूर्व तट रेलवे आत्मनिर्भर बनेगा, वहीं ट्रेनों के शेड्यूल में बदलाव या नयी ट्रेनों के लिए आरक्षण शुरू करने के मामले में दूसरे जोन से होने वाले संवाद में विलंब से बचायेगा। 1 अप्रैल 2003 को पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर मुख्यालय में शुरू होने के बाद से अपने अधिकार क्षेत्र से शुरू होने वाली सभी ट्रेनों की सिस्टम में सूचना संबंधी गतिविधियों के लिए कोलकाता में पूर्व रेलवे पर निर्भर थी। पूर्व रेलवे से पूतरे के डेटाबेस के विकेंद्रीकरण की मंजूरी में 2014 में रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान की गई थी, लेकिन तकनीकी मुद्दों के कारण यह आकार नहीं ले सका। बाद में रेलवे बोर्ड ने पूर्व रेलवे से पीआरएस डेटाबेस के विकेंद्रीकरण के लिए नए सिरे से मंजूरी दे दी है। तदनुसार पूतरे ने सभी गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ रेल सदन, भुवनेश्वर में अपने मुख्यालय में अपना डेटाबेस केंद्र संचालित करना शुरू कर दिया है। महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने भुवनेश्वर में पीआरएस डाटा बेस के कार्यान्वयन में शामिल कर्मियों को इसके लिए बधाई दी है।

## स्कूल से घर लौट रही महिला के ऊपर तेजाब से हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा विधवा महिला पर तेजाब से हमला। झारसुगुड़ा जिला के लइकेरा थाने के बगडीही गांव में एसिड हमला हुआ है। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला अर्डा आश्रम स्कूल में पिओन के रूप में काम करती है। स्कूल से लौटते समय कुछ बदमाशों ने आकर तेजाब फेंक दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहां से उसे संबलपुर बुर्ला स्थित भीमसार मेडिकल में भर्ती किया गया। इस बीच, पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच जारी है। यह एसिड हमला किसने और क्यों किया पुलिस जांच कर रही है।

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
© +91-7903149721
www.universityfly.com

न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की
रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAiSTe Digitech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## एम्स भुवनेश्वर चांग गंग विश्वविद्यालय, ताइवान के साथ हाथ मिलायेगा

# एआइ रोगों की स्वत: भविष्यवाणी के लिए उपयोगी हो सकता है

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आपातकालीन उपचार प्रदान करने के लिए बीमारी का जल्द पता लगाना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। लेकिन, कैंसर या ब्रेन स्ट्रोक के रोगी को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में भर्ती होने की स्थिति में, रोगी को आवश्यक आपातकालीन उपचार प्रदान करना हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। इसलिए, रोग की भविष्यवाणी के लिए चिकित्सा डेटा विश्लेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के अनुप्रयोग समय की आवश्यकता है, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष बिस्वास ने कहा। डॉ. बिस्वास ने सूचना इंजीनियरिंग विभाग, चांग गंग विश्वविद्यालय, ताइवान के प्रोफेसर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. प्रसन कुमार साहू के साथ एक बैठक के बाद शोध और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के साथ हाथ मिलाने की खुशी व्यक्त की है। एआई पर और रोगी देखभाल के निदान, चिकित्सीय और प्रबंधन के क्षेत्र में इसका उपयोग।

प्रोफेसर साहू ने एम्स भुवनेश्वर में एआई पर भी बातचीत की जिसमें संस्थान के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। जब किसी कैंसर या ब्रेन स्ट्रोक के रोगी को अस्पताल के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया जाता है तो बड़ी मात्रा में चित्र और नैदानिक डेटा उत्पन्न होते हैं। चिकित्सक रोग निदान के लिए हिस्टोपैथोलॉजिकल, कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी), कंप्यूटेड टोमोग्राफिक एंजियोग्राफी (सीटीए) और चुंबकीय अनुनाद छवि (एमआरआइ) जैसी छवियों की किस्मों का उपयोग कर सकते हैं। वे एकत्रित चित्र अत्यधिक असंरचित हैं और एनडीपीआइ या डीकॉम प्रारूप में संग्रहित हैं। प्रोफेसर साहू ने कहा कि डीप लर्निंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का हिस्सा है, जो चिकित्सा छवियों को वर्गीकृत करने, स्थानीयकरण, पता लगाने और खंडित करने में उपयोग के लिए छवि डेटा के विभिन्न स्वरूपों का विश्लेषण करने में मानव मस्तिष्क के कामकाज की नकल करता है। प्रोफेसर साहू ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस्केमिक स्ट्रोक, इंट्राक्रैनियल आर्टरी स्टेनोसिस, कोलोरेक्टल कैंसर और फेफड़ों के कैंसर के रोगी के इमेज डेटा का विश्लेषण करने के लिए उपयोगी है, ताकि रोगों की स्वचालित भविष्यवाणी की जा सके। एआइ पर अधिक शोध के लिए राष्ट्रीय संस्थान की तरह एम्स भुवनेश्वर के साथ सहयोग करना चांग गुंग विश्वविद्यालय के लिए बहुत अच्छी बात होगी। प्रो साहू ने कहा कि यह बेहतर रोगी देखभाल और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन के लिए भी अत्यधिक उपयोगी होगा। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि चांग गंग विश्वविद्यालय, चांग गंग मेमोरियल अस्पताल, ताइवान एआइ, क्लिनिकल और मेडिकल इमेज डेटा विश्लेषण के क्षेत्र में ईमानदारी से काम कर रहा है। एम्स भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परिदा अन्य संकायों के साथ वार्ता में शामिल हुए।

सीजीयू, ताइवान के प्रोफेसर प्रसन कुमार साहू एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. आशुतोष बिस्वास से मिले




## ट्रक पलटने से लगी आग, चालक जिंदा जला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संवलपुर रेढ़ाखोल के पास दुर्भाग्यपूर्ण घटना। ट्रक में लगा आग। चालक जिंदा जल गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार रेढ़ाखोल नाकटि देउल मार्ग पर तेरबेड़ा गांव के पास एक 12 पहिया ट्रक पलट गया। हादसे के बाद शार्ट सर्किट से ट्रक में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि चालक जिंदा जल गया। घटना के बाद फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। अवितक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक / विद्युत / पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई-निविदा संख्या : TRD/OT/19/OHE/WIRING/2022-23,
क्र.सं. 01 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Improvement of Traction assets by OHE modification & wiring extension of unwired lines, yard lies, loop lines etc. in DHN division, कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह, क्र.सं. 02 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 3,03,25,415.66/– निविदा प्रपत्र का मूल्य –शून्य /–, क्र.सं. 03, बीड सिक्युरिटि : 3,01,700/–, क्र.सं. 04 ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तिथि 03.03.2023 को 11: 00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि 03.03.2023 को 11: 30 बजे
क्र.सं. 05 वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in, ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक / क.वि.
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/02074/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/22-23/32

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue :
Sector-9 Near Hatia More
Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**